फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 75 संख्याः 306 प्रभात जयपुर, रविवार 8 जून, 2025 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.75 रु.




जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

**All That Is Good About C P** — The best dance schools in New Delhi were in the CP area, including one for ballroom dancing. Also, Sangeet Bharati on the first floor of G-Block, where one learned kathak

**Kashmiri Gate: From Dara Shikoh To Thomas Metcalfe**

**Will America Actually Look For Peace In Ukraine?**




# अशोक गहलोत से उनके घर जाकर मिले सचिन पायलट

## पायलट ने गहलोत को पिता राजेश पायलट की 25वीं पुण्यतिथि के कार्यक्रम का निमंत्रण दिया

जयपुर, 7 जून। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव सचिन पायलट ने शनिवार को पूर्व सीएम अशोक गहलोत से उनके बंगले पर मुलाकात की। पायलट लंबे समय बाद गहलोत से उनके घर जाकर मिले। कांग्रेस के विपक्ष में आने के बाद पायलट पहली बार गहलोत के बंगले पर गए हैं। उन्होंने अशोक गहलोत को अपने पिता राजेश पायलट की 25वीं पुण्यतिथि पर होने वाले कार्यक्रम का निमंत्रण दिया।

- गहलोत और पायलट के बीच इस दौरान काफी देर तक विचार-विमर्श चला।
- इस मुलाकात को लेकर प्रदेश के सियासी हलकों में भारी चर्चा हो रही है।
- गहलोत ने मुलाकात का जिक्र करते हुए एक्स पर सचिन पायलट के पिता व कांग्रेस के कद्दावर नेता रहे राजेश पायलट को याद किया और कहा, 1980 में मैं और राजेश पायलट जी एक साथ ही संसद सदस्य बने थे।

गहलोत ने इस मुलाकात के बाद सोशल मीडिया "एक्स" पर लिखा– "एआईसीसी महासचिव सचिन पायलट ने आवास पर आकर पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्व. राजेश पायलट की 25वीं पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया। मैं और राजेश पायलट जी 1980 में पहली बार एक साथ ही लोकसभा पहुंचे थे। लगभग 18 साल तक साथ में सांसद

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )



*कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव सचिन पायलट ने शनिवार को पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से उनके बंगले पर मुलाकात की। उन्होंने गहलोत को अपने पिता राजेश पायलट की 25वीं पुण्यतिथि पर होने वाले कार्यक्रम का निमंत्रण दिया।*

# सोनिया गांधी शिमला हॉस्पिटल ले जाई गईं

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 7 जून। कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष और वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी को हाई ब्लड प्रैशर की शिकायत के बाद शनिवार को शिमला के इंदिरा गांधी मैडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सोनिया गांधी अपनी बेटी प्रियंका गांधी वाड्रा के साथ निजी दौरे पर शिमला में हैं।

फिलहाल उनकी सेहत को लेकर

- कांग्रेस सूत्रों के अनुसार, सोनिया गांधी अपनी बेटी के साथ निजी यात्रा पर शिमला आई हैं। यहाँ रक्तचाप बढ़ने पर उन्हें चैकअप के लिए शिमला हॉस्पिटल ले जाया गया।

कोई चिंता की बात नहीं है। वे सोमवार से हिमाचल प्रदेश में प्रियंका गांधी के साथ हैं। अस्पताल में सोनिया गांधी के नियमित मैडिकल टैस्ट किए गए हैं। अस्पताल के डिप्टी मैडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. अमन के अनुसार, उनकी स्थिति सामान्य पाई गई और उसके बाद वे शिमला के पास छराबड़ा स्थित अपने आवास लौट गईं।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'मैं कोई चोर या भगोड़ा नहीं हूँ'

## विजय माल्या ने मीडिया से लंदन में बातचीत करते हुए यह तथ्य उजागर किया कि लंदन आने से पहले वे तत्कालीन वित्त मंत्री से मिले थे तथा माल्या पर लगे वित्तीय अनियमितता के आरोपों के बारे में जेटली से बात की थी तथा बातचीत कर बीच का रास्ता निकालने का प्रस्ताव दिया था

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 7 जून। विवादों में घिरे शराब कारोबारी और किंगफिशर एयरलाइंस के पूर्व प्रमुख विजय माल्या ने सार्वजनिक रूप से यह दावा किया कि वह "चोर नहीं हैं" और उन्होंने जब भारत छोड़ा था तो उस समय के केंद्रीय वित्त मंत्री अरुण जेटली को इसकी जानकारी दी थी। इससे दिल्ली के निगरानी गलियारों में भारी हलचल शुरु हो गई है।

इस विस्फोटक खुलासे ने विपक्ष, खासकर कांग्रेस पार्टी को मोदी सरकार पर हमला करने का एक और मौका और मुद्दा दे दिया है। कांग्रेस ने नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार हाई-प्रोफाइल वित्तीय घोटालों में मिलीभगत और जानबूझ कर कुछ मामलों में एक्शन नहीं लेने का आरोप लगाया

माल्या, जो अभी 69 वर्ष के हैं, और यूनाइटेड किंगडम में रह रहे हैं, पर भारत में कई केस चल रहे हैं, जिनमें आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी और

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

- अभी माल्या पर साजिश करने, धोखाधड़ी व मनी लॉण्डरिंग का आरोप है। माल्या पर यह भी आरोप है कि उनके ऊपर भारतीय बैंक के 9 हजार करोड़ रूपये का ऋण है तथा उस ऋण की अदायगी नहीं की है, माल्या ने।
- माल्या ने प्रैस को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि वे जायज़ पासपोर्ट पर जिनेवा होते हुए लंदन आये थे तथा आज भी लंदन में उसी पते पर रह रहे हैं।
- लंदन आने के 48 घंटे पहले उन्होंने वित्त मंत्री जेटली को अपना यात्रा का कार्यक्रम बताया था तथा बैठकर बातचीत कर, अपने ऋण के सैटलमैंट पर बातचीत करना चाहते थे। पर, जेटली ने उनसे कहा कि उनका मसला सुप्रीम कोर्ट के सम्मुख प्रस्तुत है, अतः, अब वे उस मुद्दे पर बातचीत नहीं कर सकते।

# थरुर भाजपा जॉइन तो नहीं कर रहे, यह वे बार-बार कह रहे हैं

## पर, प्रतिदिन उनके व्यवहार से कांग्रेस की अटपटी स्थिति बन रही है

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 7 जून। फिलहाल इस बात की कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है कि कांग्रेस के वरिष्ठ सांसद शशि थरूर मोदी सरकार या भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो रहे हैं। हालांकि, हाल के दिनों में उनके कुछ कदमों ने उनके राजनीतिक भविष्य को लेकर कई अटकलों को ज़रूर हवा दी है।

थरूर को केंद्र सरकार ने अमेरिका में अंतरराष्ट्रीय राजनयिक संवाद के लिए "ऑपरेशन सिंदूर" (एक आतंकवाद विरोधी पहल) के बाद भेजे गए सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व सौंपा था। यह नियुक्ति कांग्रेस पार्टी के आधिकारिक नामांकन को दरकिनार करते हुए की गई, जिससे पार्टी के अंदर असंतोष पैदा हुआ। थरूर ने यह भूमिका स्वीकार की और कहा कि उन्होंने राष्ट्रीय हित को पार्टी की राजनीति से ऊपर रखा, साथ ही यह भी कहा कि "राष्ट्रीय हित कांग्रेस विरोधी नहीं है।"

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

- उदाहरण के लिए, थरुर ने मोदी की प्रशंसा की, जिस प्रकार मोदी ने "ऑपरेशन सिंदूर" को अंजाम दिया। यह कांग्रेस के प्रचार से एकदम भिन्न है कि जो ऑपरेशन सिंदूर की कई खामियां गिना रही है।
- साथ ही, गत शुक्रवार को थरुर के नेतृत्व में भारत का प्रतिनिधिमंडल अमेरिका के उपराष्ट्रपति से मिला। दूसरी ओर कांग्रेस के प्रवक्ता ने कहा, बिना किसी महत्वपूर्ण नेता से मिले, भारत का प्रतिनिधिमण्डल वापस लौट रहा है।

# करोना के नये मामले सर्वाधिक केरल व गुजरात में

नई दिल्ली, 07 जून। देश में करोना वायरस के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। पिछले 21 दिनों में एक्टिव केसों की संख्या में 62 गुना की बढ़ोतरी हुई है। 16 मई को देशभर में कोविड के 93 एक्टिव केस थे, जिनकी संख्या अब 5755 पहुंच गई है।

केंद्र सरकार के मुताबिक बीते 24 घंटे में 391 नए मामले सामने आए हैं। इनमें से 229 केस केरल और गुजरात में हैं। वहीं, मौत का आंकड़ा बढ़ कर 59 पहुंच गया है। 6 जून को 4 और मरीजों की जान चली गई।

कोरोना के नए वैरिएंट्स से जनवरी से 6 जून तक 59 मौतें हो चुकी हैं। इनमें

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

- गत 21 दिनों में करोना के एक्टिव केसों की संख्या 93 से बढ़कर 5755 हो गई।

# फड़नवीस ने दोहराया, मोदी 2029 व उसके बाद भी प्र.मंत्री रहेंगे

## महाराष्ट्र के मु.मंत्री को यह बात पुरजोर ढंग से दोबारा इसलिये कहनी पड़ी, क्योंकि कई नेता, जैसे शिवसेना (यू.बी.टी.) के सांसद संजय राउत बार-बार यह कह रहे हैं कि सितम्बर 2025 में 75 की उम्र पार करके, मोदी को अपना पद छोड़ना पड़ेगा, भाजपा की परम्परा के अनुसार

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 7 जून। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने तीसरे कार्यकाल में भारत का नेतृत्व करते रहेंगे, और उनकी सेवानिवृत्ति या उत्तराधिकारी को लेकर अब तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है।

हालांकि, शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के सांसद संजय राउत जैसे कुछ विपक्षी नेताओं ने अटकलें लगाई हैं कि मोदी सितंबर 2025 में 75 वर्ष के होने पर इस्तीफा दे सकते हैं, लेकिन इन दावों को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेताओं ने सख्ती से खारिज किया है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा है कि मोदी 2029 के बाद भी प्रधानमंत्री बने रहेंगे और उनके उत्तराधिकारी को लेकर की जा रही चर्चाएं "प्रीमैच्यौर" और निराधार हैं।

तथापि कुछ ऐसी रिपोर्ट भी सामने आई हैं जिनमें कहा गया है कि मोदी सितंबर 2025 में इस्तीफा दे सकते हैं और अमित शाह को अपना उत्तराधिकारी नामित कर सकते हैं। लेकिन ये खबरें भी केवल विपक्षी नेताओं के बयानों पर आधारित हैं और किसी आधिकारिक सूत्र से इसकी पुष्टि

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

- हालांकि, अभी तक भाजपा द्वारा इस चर्चा पर कोई भी अधिकृत टिप्पणी नहीं की गई है, और मोदी अपने पद की जिम्मेवारी निरंतर पहले जैसे ही निभा रहे हैं। उदाहरण के लिए, कैनडा में हो रही जी-7 की बैठक में कैनडा जाने का निमंत्रण स्वीकार करना तथा कश्मीर के मु.मंत्री उमर अब्दुल्ला से स्पष्ट वादा करना कि शीघ्र ही कश्मीर को पुनः राज्य का दर्जा मिलेगा।

# नई राजनीतिक पार्टी बनाने की सोच रहे हैं एलन मस्क

ऑस्टिन, 07 जून। अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप और उनके मित्र, टैस्ला के सीईओ एलन मस्क के बीच विवाद लगातार गहराता जा रहा है और इसी क्रम में अब मस्क नयी राजनीतिक पार्टी बनाने के लिए अमेरिकी जनता की नब्ज टटोल रहे हैं।

अरबपति एलन मस्क ने गुरुवार को एक्स/ट्विटर पर अमेरिकी राष्ट्रपति पर निशाना साधते हुए यह विचार सबसे पहले रखा।

मस्क ने अपने अकाउंट पर एक पोल पोस्ट किया, जिसमें उन्होंने अपने 220 मिलियन फॉलोअर्स से पूछा, क्या उन्हें लगता है कि अमेरिका में एक नई राजनीतिक पार्टी बनाने का समय आ गया है जो वास्तव में मध्य वर्ग के 80प्रतिशत लोगों का प्रतिनिधित्व करती

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

- मस्क की नई पार्टी के विचार को काफी समर्थन मिल रहा है।

# 'महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव "फिक्स" थे, बड़े पैमाने पर धांधली हुई'

## राहुल गांधी ने इंडियन एक्स्प्रैस के लिखे अपने आलेख में यह भी कहा कि यह धांधली चुनाव आयोग पर पूर्ण नियंत्रण करके की गई

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 7 जून। महाराष्ट्र में मतदाता सूची में बड़े पैमाने पर हेरफेर के आरोप को दोहराते हुए, कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने 2024 के विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जीत को एक फिक्स्ड मैच करार दिया, जिसमें औद्योगिक स्तर पर धांधली हुई और चुनाव आयोग को दबाकर यह संभव बनाया गया।

राहुल ने कहा, "फिक्सिंग करने वाला पक्ष, हो सकता है, खेल जीत जाये, लेकिन इससे संस्थाओं और नतीजों में लोगों के विश्वास को अपूरणीय क्षति पहुंचती है, "नेता प्रतिपक्ष ने इंडियन एक्सप्रेस में प्रकाशित अपने लेख "मैच-फिक्सिंग महाराष्ट्र" में लिखा। "मैं किसी छोटी-मोटी धोखाधड़ी की बात नहीं कर रहा हूं, बल्कि उन चुनावों की बात कर रहा हूं, जहां हमारे राष्ट्रीय संस्थानों पर कब्जा कर औद्योगिक पैमाने पर (बहुत बड़े पैमाने) धांधली की गई है।"

एक तीखे हमले में कांग्रेस सांसद ने 2023 के चुनाव आयुक्त नियुक्ति अधिनियम को भाजपा की औद्योगिक स्तर पर चुनावी धांधली की प्लेबुक का पहला कदम बताया। उन्होंने लिखा: "चयन समिति में मुख्य न्यायाधीश की जगह एक कैबिनेट मंत्री को रखना कोई अच्छा संकेत नहीं देता।"

इससे पहले, 3 फरवरी को संसद में भाषण और एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में राहुल गांधी ने दावा किया था कि चुनाव आयोग ने 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए महाराष्ट्र में सिर्फ 9.29 करोड़ मतदाताओं को पंजीकृत किया था, जो कुछ महीनों बाद हुए विधानसभा चुनावों के दौरान बढ़कर 9.70 करोड़ हो गये।

उन्होंने लिखा: "2019 के विधानसभा चुनावों में महाराष्ट्र में मतदाताओं की संख्या 8.98 करोड़ थी, जो पांच साल बाद मई 2024 में लोकसभा चुनावों के लिए 9.29 करोड़ हुई। लेकिन महज पांच महीनों में, नवंबर 2024 के विधानसभा चुनावों तक यह संख्या बढ़कर 9.70 करोड़ हो गई। पांच साल में 31 लाख की वृद्धि और फिर सिर्फ पांच महीनों में 41 लाख की छलांग। यह छलांग

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

- राहुल ने कहा कि इस दिशा में पहला कदम इलैक्शन कमिश्नर अपॉइन्टमैंट एक्ट में संशोधन करके उठाया गया, जब सलैक्शन कमेटी से सीजेआई को निकाल कर एक केन्द्रीय मंत्री को शामिल किया गया।
- राहुल ने लिखा कि महाराष्ट्र लोकसभा चुनाव से विधानसभा चुनाव के बीच 41 लाख नए वोटर जोड़े गए, जबकि 2019 के विधानसभा चुनाव व 2024 के लोकसभा चुनाव में मात्र 31 लाख मतदाताओं का ही इजाफा हुआ था।

# चुनाव आयोग ने राहुल के आरोपों को निराधार बताया

नई दिल्ली, 07 जून। कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने एक बार फिर से महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव को लेकर सवाल उठाए हैं। उन्होंने एक अग्रेजी अखबार में लिखे अपने लेख के जरिए भाजपा पर आरोप लगाया कि महाराष्ट्र चुनावों में मैच फिक्सिंग की गई और अब कुछ ऐसा ही बिहार में दोहराया जाएगा। चुनाव आयोग ने प्वाइंट वाइस जवाब देते हुए पूरी स्थिति और प्रक्रिया को स्पष्ट किया है। चुनाव आयोग ने अपने जवाब में राहुल गांधी के दावों को निराधार बताया। आयोग ने लिखा, चुनाव के फैसले पक्ष में नहीं आने के बाद ऐसे आरोप लगाना बेतुक हैं। 24 दिसंबर 2024 को ही कांग्रेस को भेजे

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

- आयोग ने कहा, नतीजा पक्ष में नहीं आए तो ऐसे बेतुके आरोप लगाए जाते हैं।

## विचार बिन्दु

हमारी आनंदपूर्ण बदकारियाँ ही हमारी उत्पीड़क चाबुक बन जाती हैं। –शेक्सपियर

# प्रिवेंटिव कार्डियोलॉजी का सिद्धांत आयुर्वेद के महर्षि-वैज्ञानिकों की देन है

वर्ष 2018 में भारत और अमेरिका के वैज्ञानिकों द्वारा प्रकाशित साझा शोध के अनुसार वर्ष 1990 से 2016 के मध्य के 26 वर्षों में भारत में हृदय रोग से होने वाली मौतों में 34 प्रतिशत बढ़त हुई है, जबकि अमेरिका में यह दर 40 प्रतिशत कम हुई है। जर्नल ऑफ़ दि अमेरिकन कॉलेज ऑफ कार्डियोलॉजी (72.1:79-95, 2018) में प्रकाशित इस अध्ययन से ज्ञात होता है कि वर्ष 2016 में भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका में क्रमशः इन बीमारियों के कारण अनुमानित 62.5 और 12.7 मिलियन वर्ष का जीवनकाल नष्ट हुआ। इनमें इस्चेमिक हार्ट डिजीज और स्ट्रोक 15 से 20 प्रतिशत मृत्यु के लिये जिम्मेवार हैं। भारत में प्रत्येक एक लाख जनसंख्या में 5,681 लोग कार्डियोवैस्कुलर बीमारी से पीड़ित हैं। कुल संख्या के रूप में देखें तो भारत में 54.6 मिलियन लोग कार्डियोवैस्कुलर बीमारी से पीड़ित हैं, जो अमेरिका के 33.6 मिलियन लोगों की तुलना में 70 प्रतिशत ज्यादा है।

ऐसी दशा में हम यह सोचने के लिये मजबूर हो रहे हैं कि क्या भारत में एलोपैथी को दीर्घकाल से 97 प्रतिशत बजट देने के बावजूद भारत की यह दुर्दशा रोकी जा सकती है? इसका उत्तर केवल आयुर्वेद में उपलब्ध है। दरअसल, प्रिवेंटिव कार्डियोलॉजी का विश्व में सबसे प्राचीन सिद्धांत आयुर्वेद में उपलब्ध है। यह सिद्धांत भारत को इस समस्या से निजात दिला सकने में तीस शताब्दियों बाद आज भी यथावत समीचीन और उपयोगी है। आज की संक्षिप्त चर्चा इसी पर आधारित है।

आश्चर्य की बात यह है कि प्राचीन भारत के महर्षि-वैज्ञानिक आचार्य चरक ने, महर्षि-वैज्ञानिक भगवान आत्रेय द्वारा अपने शिष्य महर्षि-वैज्ञानिक आचार्य अग्निवेश के बताये गये जिन पांच तरीकों से हृदय रोग से बचने का सिद्धांत चरकसंहिता में दिया, उनमें कम से कम 3000 साल गुजर जाने और पिछले 150 साल से बायोमेडिकल साइंस की भारी शोध के बावजूद कोई बड़ा परिवर्तन नहीं आया (च.सू.30.13-14): तन्महत् ता महामूलास्तच्चोजः परिरक्षता। परिहार्या विशेषेण मनसो दुःखहेतवः।। हृद्यं यत् स्याद्यदौजस्यं स्त्रोतसां यत् प्रसादनम्। तत्तत् सेव्यं प्रयत्नेन प्रशमो ज्ञानमेव च।। ध्यान दीजिये, ये दो सूत्र भारत में उन 54.6 मिलियन लोगों को कार्डियो वैस्कुलर बीमारी में फंसने से बचा सकते थे, जो आज इस रोग से पीड़ित हैं। उपरोक्त सूत्र यह स्पष्ट करते हैं कि हृदय, उससे निकालने वाली धमनियों और हृदय में स्थित ओज की भली प्रकार रक्षा करने के लिये प्रतिबद्ध व्यक्ति को मानसिक दुखों के कारणों को विशेष रूप से छोड़ देना चाहिये। जो हृदय के लिये हितकारी, जो ओज के लिये हितकर हो, जो स्त्रोतस को अवरुद्ध होने से बचाने वाला हो, ऐसे सब आहार-विहार के साथ-साथ शांति एवं यथार्थज्ञान का प्रयत्नपूर्वक सेवन करना चाहिये।

इन सूत्रों के अर्थ, अर्थार्थ और व्याख्या बहुत विस्तृत है। फिर भी, पक्की तौर पर प्राणों को बढ़ाने वालों में सबसे बढ़िया एक, बल को बढ़ाने वालों में एक, शरीर का वर्धन करने वालों में एक, समृद्धि करने वालों में एक, मन को हर्षित करने वालों में एक और अयनों में एक कारक सर्वश्रेष्ठ होता है। इनमेंप्राणियों के प्राणों को बढ़ाने वाले कारकों में सर्वश्रेष्ठ अहिंसा, बल को बढ़ाने वालों में वीर्य अर्थात शुक्र, शरीर का वर्धन करने वाले कारकों में विद्या, समृद्धि करने वाले कारकों में इन्द्रियजय अर्थात इन्द्रियों को कब्जे में रखना, हर्ष देने वाले कारकों में तत्वज्ञान, और मार्गों में ब्रम्हचर्य को आयुर्वेद के विद्वान सबसे श्रेष्ठ मानते हैं (च.सू.30.15): अथ खल्वेकं प्राणवर्धनानामुत्कृष्टतममेकं बलवर्धनानामेकं बृंहणानामेकं नन्दनानामेकं हर्षणानामेकमयनानामिति । तत्राहिंसा प्राणिनां प्राणवर्धनानामुत्कृष्टतमं, वीर्यं बलवर्धनानां, विद्या बृंहणानाम्, इन्द्रियजयो नन्दनानां, तत्त्वावबोधोहर्षणानां, ब्रह्मचर्यमयनानामिति; एवमायुर्वेदविदो मन्यन्ते।।

आश्चर्य की बात यह है कि भाषा तो भिन्न है, किन्तु इनको यदि आप एक-एक करके देखें तो आधुनिक हृदयरोग-विज्ञानियों द्वारा प्रिवेंटिव कार्डियोलॉजी की जो सलाह दी जाती है, उनमें और इन प्राचीन सिद्धांतों में कोई अंतर नहीं है। उदाहरण के लिये, परिहार्या विशेषेण मनसो दुःखहेतवः की सलाह से यह साफ़ हो जाता है कि मन को दुखी करने वाले तमाम कारकों से अपने आप की रक्षा करनी चाहिये। आज स्थिति बिल्कुल स्पष्ट है कि निरंतर या बार-बार गुस्सा, लालच, चिंता, हबड़-दबड़, स्ट्रेस, एंग्जाइटी या इसी तरह की मानसिक समस्याओं के कारण या मानसिक दबाव के कारण हृदय रोग की पैथोजेनेसिस हो सकती है। दूसरा उदाहरण हृदय को बल देने वाली औषधियों व आहार के सेवन की सलाह के सन्दर्भ में है। यहां पर बल वर्धन के सम्बन्ध में सभी छः रसों से युक्त भोजन करना बलवर्धक होता है और इस प्रकार के लोगों के बीमार होने की गुंजाइश कम होती है। आधुनिक विज्ञान भी यही कहता है कि आपके भोजन में कम से कम तीन या चार सर्विंग्स फलों और एक-दो मुट्ठी ड्राई फ्रूट्स या सूखे मेवे होने चाहिये। सब रसों से युक्त भोजन में प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट्स, विटामिन्स, फैट, मिनरल्स, फाइबर्स, जल आदि सब मिल जाते हैं।

बढ़ती उम्र में कौन से खाद्य पदार्थ हृदय को रोगरहित रख सकते हैं? इस सन्दर्भ में आपको अपने आयुर्वेदाचार्यों से सलाह लेना उपयोगी रहेगा। पर सामान्यतया ऐसी गायों का दूध व घी जो वनों में चराई से अपना आहार प्राप्त करती हैं, उत्तम होता है। गुड-हरीतकी या घी में भुने हुये लहसुन का नित्य भी सेवन उपयोगी हो सकता है। बहुत अधिक दारू पीने से दिल का रोग होता है (च.सू.17.32): उष्णाम्ललवणक्षारकटुकाजीर्णभोजनैः। मद्यक्रोधातपैश्चाशु हृदि पित्तं प्रकुप्यति।। क्लिनिकल ट्रायल में पाया गया है कि मोटे लोगों में भी आँवला दिल की बीमारी का खतरा कम कर देता है। वयोवृद्ध लोगों में योग शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक, सामाजिक स्थित में बेहतरी एवं ओज में वृद्धि करता है। इसी प्रकार आयुर्वेदिक पंचकर्म चिकित्सा पर क्लिनिकल ट्रायल के परिणाम बताते है कि यह हृदय रोग को ठीक करता है और स्वस्थ व्यक्तियों को बीमार होने से बचाता है।

**निद्रा अच्छे स्वास्थ्य के तीन स्तंभों में से एक है। रात के दौरान न्यूनतम 7 घंटे नींद लें। लेकिन 8 घंटे से अधिक समय तक नहीं सोना चाहिये। दिन के दौरान सोना हानिकारक है। किसी कारण से थक जाने या बीमार होने पर दिन में सोया जा सकता है। स्वस्थ आयु के लिये आयुर्वेद स्वयं की देखभाल करने हेतु दिनचर्या सुझाता है। हमें योग-आसन, प्राणायाम और ध्यान-में भी प्रतिदिन नहीं तो सप्ताह में कम से कम 150 मिनट व्यायाम में भी निवेश करना चाहिये।**

सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि हमें सात रक्षा कवचों के सिद्धांत को नहीं भूलना चाहिये जो हमारे स्वास्थ्य और रुग्णता के बीच मौजूद हैं। ये सात दीवारें आहार, विहार या जीवनशैली, स्वस्थवृत्त या व्यक्तिगत स्वास्थ्य से जुड़े आचरण, सद्वृत्त या व्यक्तिगत सदाचरण, रसायन या उम्र-आधारित रोगजनन को रोकने हेतु कायाकल्प उपाय, पंचकर्म या शारीरिक विषाक्तता को बाहर करने के लिये आयुर्वेद की पांच प्रक्रियायें और औषधि या चिकित्सा हैं।

दरअसल तीन कारक हैं जो सभी बीमारियों को जन्म देते हैं-जीवन में हमारे द्वारा की जाने वाली बौद्धिक त्रुटियां, इन्द्रियों का असंतुलित उपयोग और समय का प्रभाव-ये तीनों सभी प्रकार के विकारों का कारण हैं। यदि हम त्रुटियाँ न करें, बुद्धि, इंद्रियों और समय का संतुलित उपयोग करें तो तमाम तरह की बीमारियों से बचाव संभव है। त्रिदोष (मूल सिद्धांत जो शरीर की फिजियोलोजी को सम्हालते हैं), अग्नि (चयापचय और पाचन तंत्र), धातुयें (शरीर के ऊतक), मलक्रिया (अपशिष्ट उत्पादों का उत्सर्जन) बराबर काम करते हैं, और आत्मा, मन और इन्द्रियाँ प्रसन्न रहती हैं, तो हम मान सकते हैं कि हम स्वस्थ हैं। हृदय रोग को रोकने के लिये उपयुक्त आहार, विहार (जीवनशैली, व्यायाम, नींद इत्यादि), सद्वृत्त (व्यक्तिगत आचरण का कोड), स्वस्थ्यवृत (व्यक्तिगत स्वास्थ्य का कोड), रसायन (वयःस्थापक और कायाकल्प), पंचकर्म (शारीरिक विषाक्तता को बाहर करने के लिये आयुर्वेद की पांच प्रक्रियायें) और औषधि (चिकित्सा) उपयोगी हैं।

आहार याभोजन और पेय पदार्थ के संबंध में एक सलाह यह है कि हमारे कुल आहार का एक तिहाई फलों के रूप में होना चाहिये। सभी फलों को भोजन के आरंभ में खाया जाना चाहिए, भोजन के तुरंत बाद नहीं। केवल एक ही प्रकार का फल भी सदैव नहीं होना चाहिये, हालांकि अनार, मुनक्का और आमला सदैव खाये जा सकते हैं। आयुर्वेदिक खाद्य पदार्थों में से कई बहुआयामी हैं: उदाहरण के लिए खजूर, अंगूर, किशमिश, बादाम, तिल, आमलकी, लहसुन, अदरक, काली मिर्च, हल्दी, केसर, जीरा, धनिया, शहद, गाय का दूध, गाय का घी, गुड़ और त्रिफला आदि। यदि इन्हें उचित तरीके से लिया जाता है, तो वे फ्री-रेडिकल्स की सफाई और ऑक्सीडेटिव-तनाव में कमी में लाने में सहायता करते हैं। ये दर्द को कम करते हैं। ये भोजन, रसायन और औषधि सब कुछ एक में हैं। ये सुपर-फ़ूड हैं तथा स्वास्थ्यकर हैं। भोजन तब ही लिया जाना चाहिये जब भूख लगी हो अर्थात जब पहले खाया हुआ खाना पूरी तरह से पच गया हो।

निद्रा अच्छे स्वास्थ्य के तीन स्तंभों में से एक है। रात के दौरान न्यूनतम 7 घंटे नींद लें। लेकिन 8 घंटे से अधिक समय तक नहीं सोना चाहिये। दिन के दौरान सोना हानिकारक है। किसी कारण से थक जाने या बीमार होने पर दिन में सोया जा सकता है। स्वस्थ आयु के लिये आयुर्वेद स्वयं की देखभाल करने हेतु दिनचर्या सुझाता है। हमें योग-आसन, प्राणायाम और ध्यान-में भी प्रतिदिन निवेश करना चाहिये। सप्ताह में कम से कम 150 मिनट व्यायाम में भी निवेश करना चाहिये। ऊतकों या धातुओं के पोषण व शक्ति के लिये पंचकर्म या शुद्धि और कायाकल्प बहुत उपयोगी है। इसी तरह रसायन भी आयुर्वेद के चमत्कार हैं जो दीर्घायु, स्मृति, बुद्धिमत्ता, बीमारी से लड़ने की क्षमता, शरीर की चमक, रंग और आवाज, शक्ति, वाणी, आदि तमाम लाभ प्रदान करते हैं। रसायन शरीर की कोशिकाएं और ऊतकों को उत्कृष्ट स्थिति में रखते हैं। रसायन आज तक ज्ञात सर्वोत्तम और सुरक्षित एंटीऑक्सीडेंट हैं।

हृदय की रक्षा कीजिये, क्योंकि प्राणों की रक्षा हृदय की रक्षा के बिना संभव नहीं है। यहाँ तक किसी को दिल देने के लिये भी दिल का स्वस्थ होना जरूरी है। आयुर्वेद की मदद से दिल को स्वस्थ रखिये। इस पर अगले सप्ताह चर्चा को आगे बढ़ायेंगे।

**–अतिथि सम्पादक,**
**डॉ. दीप नारायण पाण्डेय**
**(भारतीय वन सेवा से सेवानिवृत्त तथा वर्तमान में राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में विजिटिंग प्रोफेसर)**
**(यह लेखक के निजी विचार हैं और 'सार्वभौमिक कल्याण के सिद्धांत' से प्रेरित हैं)**

# थाँबा कला: राजस्थान की दीवारों पर सजी जीवित कथा



अविनाश जोशी

राजस्थान की हवेलियाँ, मंदिर और धर्मशालाएँ न केवल स्थापत्य की दृष्टि से अद्वितीय हैं, बल्कि उनकी दीवारों पर सजी पारंपरिक चित्रकला भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। इन्हीं चित्र शैलियों में एक दुर्लभ और विशिष्ट शैली है 'थाँबा कला' यह भित्ति चित्र परंपरा बीकानेर के सांस्कृतिक वैभव की जीवित गवाही है, जिसमें धार्मिक कथाएँ, राजसी जीवन और लोक परंपराएँ रंगों और रेखाओं के माध्यम से जीवंत होती हैं।

'थाँबा' शब्द का अर्थ होता है संधि स्थल या आधार यह दर्शाता है कि ये चित्र दीवारों के कोनों, मेहराबों और खंभों के पास के उन स्थलों पर बनाए जाते थे, जहाँ स्थापत्य और चित्रकला एक-दूसरे से संवाद करते हैं। थाँबा कला की रचना मुख्यतः 17वीं से 19वीं सदी के बीच हुई, जब बीकानेर रियासत में धार्मिकता, स्थापत्य और चित्रकला का मेल अपने शिखर पर था। इन चित्रों में रामायण, कृष्ण लीला, भागवत कथाएँ, शिव विवाह जैसे धार्मिक प्रसंगों के साथ-साथ लोक जीवन, संगीत, और बारहमासा के दृश्य भी चित्रित किए जाते थे।

थाँबा चित्रों की विशेषता उनका बारीक रेखांकन और रंग संयोजन है। पारंपरिक रूप से इनमें गेरू, पीली मिट्टी, नील और पत्तियों से बने हरे रंग का प्रयोग किया जाता था। चित्रों में चेहरे की भाव-भंगिमा, पोशाक की बारीक तहें, और आँखों की अभिव्यक्ति पर विशेष ध्यान दिया जाता था। बीकानेर के मोहता चौक, नत्थूसर गेट, जस्सूसर गेट के क्षेत्र, और पुराने मोहल्लों की हवेलियाँ आज भी इन चित्रों को संजोए हुए हैं, यद्यपि अधिकांश चित्र अब जीर्ण अवस्था में हैं।

थाँबा कला के कई नायाब उदाहरण बीकानेर की पुरानी हवेलियों, मंदिरों और चौकों की दीवारों पर आज भी देखने को मिलते हैं। इन चित्रों में धार्मिक आख्यानों से लेकर लोक जीवन के दृश्य अत्यंत कलात्मक ढंग से प्रस्तुत किए गए हैं। मोहता चौक की छंगाणी हवेली विशेष रूप से उल्लेखनीय है, जहाँ की दीवारों पर बनी कृष्ण लीला श्रृंखला थाँबा कला की उत्कृष्ट कृति मानी जाती है। यहाँ रासलीला, माखन चोरी और गोपियों के साथ होली जैसे दृश्य पारंपरिक रंगों और बारीक रेखांकन के साथ चित्रित हैं। इसी प्रकार जस्सूसर गेट के पास स्थित भांडारी हवेली की दीवारों पर राम दरबार, अशोक वाटिका और हनुमान के लंका दहन जैसे प्रसंग अत्यंत जीवंत रूप में दिखाई देते हैं, जिनमें पात्रों की मुद्राएँ और परिधान विशेष ध्यान खींचते हैं।

नत्थूसर गेट स्थित रत्तानी व्यासों की बाड़ी भी थाँबा कला का एक अमूल्य उदाहरण है। यहाँ की मेहराबों और खंभों पर बारहमासा श्रृंखला के अंतर्गत बारह महीनों की ग्रामीण गतिविधियाँ जैसे सावन की बारिश, खेतों की बुआई और दीपावली की सजावट को परंपरागत शैली में उकेरा गया है। कोटगेट क्षेत्र में स्थित श्रीनाथजी मंदिर में भी थाँबा शैली के कुछ दुर्लभ चित्र देखने को मिलते हैं, जिनमें गोवर्धन धारण, कंस वध जैसे पौराणिक दृश्य प्रमुख हैं। गजनेर पैलेस के भीतरी गलियारों में स्थित चित्रों में राजसी शिकार दृश्य और दरबार की झाँकियाँ थाँबा शैली के राजकीय उपयोग को दर्शाते हैं। ये सभी स्थल न केवल बीकानेर की चित्रकला विरासत के प्रमाण हैं, बल्कि थाँबा कला की शिल्प-कुशलता और सांस्कृतिक गहराई को भी उजागर करते हैं।

वर्तमान समय में थाँबा कला लुप्तप्राय स्थिति में है। कई पुरानी हवेलियाँ या तो नष्ट हो गईं या आधुनिक मरम्मत के नाम पर इन चित्रों को प्लास्टर से ढक दिया गया। लेकिन कुछ संस्थाएँ इस कला के संरक्षण में जुटी हैं। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (ASI) और INTACH जैसी संस्थाएँ थाँबा चित्रों का दस्तावेज़ीकरण कर रही हैं। बीकानेर हैरिटेज ट्रस्ट और कुछ स्थानीय संग्रहालयों में इन चित्रों को संरक्षित किया जा रहा है।

थाँबा कला केवल रंग और रेखाओं की अभिव्यक्ति नहीं, बल्कि बीकानेर की दीवारों पर अंकित स्मृति है – एक ऐसी कला जो बोलती नहीं, पर देखने वाले को अपनी कथा में खींच लेती है। आज आवश्यकता है कि इस शैली को न केवल संरक्षित किया जाए, बल्कि शिक्षा, पर्यटन और डिज़ाइन के क्षेत्र से जोड़कर इसकी नई पहचान बनाई जाए। तभी यह कला पुनः अपनी गरिमा में लौट सकेगी।

थाँबा कला के संरक्षण और प्रचार-प्रसार के लिए कई प्रभावी कदम उठाए जा सकते हैं। सबसे पहले, इस कला को स्थानीय शिक्षा प्रणाली में शामिल किया जाना चाहिए। विद्यालयों और महाविद्यालयों में थाँबा चित्रकला से संबंधित विषय पढ़ाए जा सकते हैं, साथ ही बच्चों के लिए स्थानीय कला सप्ताह, चित्रकला प्रतियोगिताएँ और दीवार चित्र परियोजनाएँ आयोजित की जा सकती हैं। इससे नई पीढ़ी इस पारंपरिक शैली से परिचित होगी और उसमें रुचि भी बढ़ेगी। बीकानेर की पुरानी हवेलियों और मंदिरों की दीवारों पर मौजूद थाँबा चित्रों की मरम्मत और संरक्षण के लिए विशेष सरकारी योजनाएँ चलाई जा सकती हैं। प्रशासन को चाहिए कि वे विशेषज्ञ कलाकारों की मदद से इन चित्रों को मूल शैली में ही संरक्षित करें, न कि आधुनिक रंग और प्लास्टर से उन्हें ढँक दिया जाए। थाँबा कला के प्रचार हेतु स्थानीय स्तर पर प्रशिक्षण शिविर और कार्यशालाएँ आयोजित की जा सकती हैं, जहाँ अनुभवी कलाकार नवोदित चित्रकारों को इसकी तकनीक सिखाएँ। इसके साथ ही, राजस्थान में थाँबा कला से जुड़ा विशेष 'हेरिटेज टूर' या 'थाँबा ट्रेल' शुरू किया जा सकता है, जिसमें पर्यटकों को दीवारों पर सजी इन चित्रकथाओं को देखने और समझने का अवसर मिले। आधुनिक तकनीक जैसे॑ कोड या ऑगमेंटेड रियलिटी (॑) का प्रयोग कर इन चित्रों की जानकारी को संवादात्मक रूप में प्रस्तुत किया जा सकता है।

डिजिटल युग में थाँबा कला का डिजिटलीकरण अत्यंत आवश्यक है। इसके तहत चित्रों को स्कैन कर ऑनलाइन आर्काइव में संग्रहित किया जा सकता है। साथ ही सोशल मीडिया, यूट्यूब और वेबसाइटों के माध्यम से कलाकारों की चित्रण प्रक्रिया को व्यापक रूप से प्रचारित किया जा सकता है। इससे न केवल देश, बल्कि विदेशों में भी इस कला की पहुँच बढ़ेगी। इस कला के पुनर्जीवन में लगे कलाकारों और शोधकर्ताओं को सरकार द्वारा सम्मानित किया जाना चाहिए तथा उनके कार्यों को प्रदर्शनी, शोध प्रकाशन और अनुदान के माध्यम से प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

अंततः, थाँबा कला को समकालीन उपयोगों से जोड़ना भी एक महत्वपूर्ण कदम होगा। इस शैली में डिज़ाइन किए गए होम डेकोर उत्पाद, फैब्रिक, स्टेशनरी, ग्रीटिंग कार्ड आदि बाज़ार में उतारे जा सकते हैं। इससे न केवल कलाकारों को आजीविका के अवसर मिलेंगे, बल्कि कला भी जन-जीवन से पुनः जुड़ सकेगी। इन सभी प्रयासों के माध्यम से थाँबा कला को न केवल संरक्षित किया जा सकता है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए इसे सजीव और उपयोगी भी बनाया जा सकता है।

**–अविनाश जोशी,**
**वरिष्ठ पत्रकार एवं लेखक**

# महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों के शिक्षकों की सेवानिवृत्ति की आयु



अशोक कुमार

सेवानिवृत्ति आयु एक महत्वपूर्ण नीतिगत मुद्दा है। यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि सेवानिवृत्ति की आयु निर्धारित करते समय कई कारकों पर विचार किया जाना चाहिए, जिनमें शामिल हैं ! जनसांख्यिकीय परिवर्तन के आधार पर औसत जीवन प्रत्याशा में वृद्धि हुई है, इसलिए सेवानिवृत्ति की आयु को तदनुसार समायोजित किया जा सकता है।यह सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है कि शिक्षक 65 वर्ष की आयु तक प्रभावी ढंग से काम करने के लिए शारीरिक और मानसिक रूप से सक्षम हों। शिक्षा राज्य का विषय है, और राज्य सरकारों को सेवानिवृत्ति की आयु निर्धारित करने का अधिकार होना चाहिए। कुछ राज्य सरकारों के द्वारा शिक्षकों के अनुभव का लाभ उठाने के लिए सेवानिवृत्ति की आयु को बढ़ाया गया है।

यह शिक्षकों, छात्रों और शिक्षा प्रणाली के लिए महत्वपूर्ण प्रभाव डाल सकता! वर्तमान में, भारत में महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों के शिक्षकों की सेवानिवृत्ति की आयु सभी राज्यों में एक समान नहीं है। कुछ राज्यों में यह 60 वर्ष है, जबकि कुछ राज्यों में यह 62 या 65 वर्ष है। राजस्थान मे सेवानिवृत्ति आयु 60 वर्ष है! यह असमानता समाप्त होना आवश्यक है। एक समान सेवानिवृत्ति आयु सुनिश्चित करने से शिक्षकों के लिए समान अवसर उपलब्ध होंगे और वे अपने अनुभव का पूरा लाभ विद्यार्थियों को दे सकेंगे। यूजीसी ने विश्वविद्यालय के शिक्षकों की सेवानिवृत्ति आयु 65 वर्ष निर्धारित की है। यूजीसी के अनुसार, सेवानिवृत्ति आयु को इस तरह से निर्धारित किया जाना चाहिए जिससे शिक्षक अपने काम को प्रभावी ढंग से जारी रख सकें। अनुभवी शिक्षक अपने छात्रों को बेहतर मार्गदर्शन दे सकते हैं। इसलिए, ऐसी व्यवस्था जरूरी है जिससे शिक्षक अपने अनुभव को छात्रों के साथ साझा कर सकें। इसके बावजूद महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में सेवानिवृत्ति आयु में भिन्नता बनी हुई है।

शिक्षकों की सेवानिवृत्ति आयु बढ़ाने से शिक्षा के स्तर में सुधार होगा। अनुभवी शिक्षक अपने छात्रों को बेहतर मार्गदर्शन और निर्देश दे सकते हैं। वे छात्रों को शोध और नवाचार के लिए प्रेरित कर सकते हैं। शिक्षकों की सेवानिवृत्ति आयु बढ़ाने से युवा प्रतिभाओं को अवसर मिलेगा। जब शिक्षक लंबे समय तक सेवा देते हैं, तो युवा प्रतिभाओं के लिए अवसर कम हो जाते हैं। सेवानिवृत्ति आयु बढ़ाने से युवा प्रतिभाओं को आगे बढ़ने और नए विचारों को पेश करने का मौका मिलेगा।शिक्षकों के लिए पेशेवर विकास को बढ़ावा देना: सेवानिवृत्ति आयु बढ़ाने से शिक्षकों को अपने पेशेवर विकास के लिए अधिक समय मिलता है। वे नए कौशल और ज्ञान सीख सकते हैं, और अपने छात्रों को अधिक प्रभावी ढंग से पढ़ा सकते हैं। शिक्षण की गुणवत्ता में सुधार करना: अनुभवी शिक्षक आमतौर पर अपने क्षेत्र में विशेषज्ञ होते हैं। वे अपने छात्रों को अधिक गहन और जानकारीपूर्ण शिक्षा प्रदान कर सकते हैं। विभिन्न राज्य सरकारों ने हाल ही में चिकित्सा क्षेत्र में डॉक्टरों की सेवानिवृत्ति की आयु सीमा को 65 वर्ष कर दिया है। इसके बाद, विश्वविद्यालयों में भी शिक्षकों की सेवानिवृत्ति की आयु सीमा को 65 वर्ष करने की मांग उठ रही है।भारतवर्ष में विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी है, और सेवानिवृत्ति की आयु सीमा बढ़ाने से अनुभवी डॉक्टरों की सेवाएं अधिक समय तक उपलब्ध रहेंगी। इस निर्णय से ग्रामीण क्षेत्रों में भी बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो सकेंगी, क्योंकि विशेषज्ञ डॉक्टर अधिक समय तक सेवा में रहेंगे। माननीय प्रधानमंत्री जी ने भी डॉक्टरों की कमी को देखते हुए सेवानिवृत्ति की आयु सीमा बढ़ाने का सुझाव दिया था। विश्वविद्यालयों में भी अनुभवी शिक्षकों की कमी है, और सेवानिवृत्ति की आयु सीमा बढ़ाने से छात्रों को उनका मार्गदर्शन मिलता रहेगा। गुणवत्ता में सुधार होगा। जब चिकित्सा क्षेत्र में आयु सीमा बढ़ाई जा सकती है, तो विश्वविद्यालयों में भी ऐसा किया जाना चाहिए।

हालांकि, इस निर्णय के कुछ संभावित नकारात्मक प्रभाव भी हो सकते हैं:-सेवानिवृत्ति की आयु सीमा बढ़ने से युवा डॉक्टरों और शिक्षकों के लिए अवसर कम हो सकते हैं। इससे पदोन्नति की प्रक्रिया में देरी हो सकती है, जिससे कुछ कर्मचारियों में असंतोष हो सकता है। राजस्थान उच्च न्यायालय ने आयुर्वेद चिकित्सकों के मामले में भी राज्य सरकार को निर्देश दिया है कि उनकी सेवानिवृत्ति आयु एलोपैथी चिकित्सकों के समान ही 62 वर्ष की जाए। राजस्थान सरकार ने डॉक्टरों की रिटायरमेंट को लेकर एक बड़ा फैसला किया है जिसके तहत अब डॉक्टर्स के रिटायरमेंट की उम्र 62 साल से बढ़ाकर 65 साल करने का फैसला किया गया है। यदि शिक्षकों की सेवानिवृत्ति की आयु बढ़ जाती है, तो युवा पीढ़ी के लिए रोजगार के अवसरों को सुनिश्चित करने के लिए कई रणनीतियाँ अपनाई जा सकती हैं ! शिक्षा संस्थानों में नए पदों का सृजन किया जा सकता है, जैसे कि सहायक प्रोफेसर, शोध सहायक, और तकनीकी कर्मचारी। नई शिक्षा नीतियों और कार्यक्रमों के तहत अतिरिक्त शिक्षकों की भर्ती की जा सकती है। राज्य सरकारों को अपनी नीतियों में बदलाव लाना होगा, और युवा पीढ़ी के लिए अलग से रोजगार को सुनिश्चित करने के लिए योजनाएं बनानी होगी। नई शिक्षा निति के तहत, युवाओं के लिए विशेष योजनाएं बनानी होगी।इन उपायों को लागू करके, हम यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि शिक्षकों की सेवानिवृत्ति की आयु में वृद्धि के बावजूद, युवा पीढ़ी के लिए रोजगार के पर्याप्त अवसर उपलब्ध रहें।

**–अशोक कुमार,**
**पूर्व कुलपति कानपुर,**
**गोरखपुर विश्वविद्यालय,**
**विभागाध्यक्ष राजस्थान**
**विश्वविद्यालय जयपुर**

# स्वच्छ दुग्ध उत्पादन और जल संरक्षण को लेकर जानकारी दी

**■ वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान एवं अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के तहत कार्यक्रम संपन्न**

**ब्यावर, (निसं)।** पाली जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ एवं सहकारिता विभाग के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को राष्ट्रीय डेयरी विकास कार्यक्रम के अंतर्गत स्वच्छ दुग्ध उत्पादन जागरूकता अभियान, वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान और अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के तहत पशुपालकों और प्रगतिशील किसानों के लिए जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन सिखताल भवन जैतारण में किया गया। इस अवसर पर डेयरी की प्रशिक्षण स्कीम के कार्यक्षेत्र की 150 डेयरियों के पदाधिकारी और सचिव उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जैतारण पंचायत समिति के प्रधान मेघाराम सोलंकी ने जल संरक्षण की आवश्यकता पर बल देते हुए किसानों, पशुपालकों और डेयरी संचालकों से कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता से जुड़ी सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने का आव्हान किया।

उप पंजीयक हीरालाल ने सभी उपस्थितजनों को वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान की प्रतिज्ञा दिलाई तथा वंचित ग्राम पंचायतों में ग्राम सेवा सहकारी समितियों के गठन हेतु नवीन मापदंडों की जानकारी दी। पाली दुग्ध संघ के संचालक पर्वत सिंह राठौड़ ने डेयरियों में जल संरक्षण के योगदान पर प्रकाश डाला, जबकि संचालक मांगू सिंह ने जल संरक्षण के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण पर भी बल दिया। संचालक कालूराम सीरवी ने डेयरियों के लिए जल संरक्षण कार्य हेतु राज्य सरकार से अनुदान एवं भूमि उपलब्ध कराने की मांग रखी।

पाली डेयरी की उप प्रबंधक सोहनी देवी ने पशुपालकों की समस्याएं बोर्ड और प्रबंध निदेशक तक पहुंचाने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम के समापन पर जैतारण इकाई की सहायक प्रबंधक विजयलक्ष्मी ने सभी का आभार व्यक्त किया। सभा में अनेक पशुपालकों ने भी जल संरक्षण के महत्व पर अपने विचार साझा किए। आयोजन पशुपालन, सहकारिता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति सामूहिक सहभागिता का सशक्त उदाहरण रहा।

## राशिफल रविवार 8 जून, 2025



पंडित अनिल शर्मा

ज्येष्ठ मास, शुक्ल पक्ष, द्वादशी तिथि, रविवार, विक्रम संवत 2082, स्वाती नक्षत्र दिन 12:42 तक, परिद्य योग दिन 12:18 तक, बालवकरण प्रातः 7:18 तक, चन्द्रमा आज तुला राशि में संचार करेगा।


**ग्रह स्थिति:** सूर्य-वृष, चन्द्रमा-तुला, मंगल-सिंह, बुध-मिथुन, गुरू-मिथुन, शुक्र-मेष, शनि-मीन, राहु-कुम्भ, केतु-सिंह राशि में।

आज द्वादशी तिथि में वृद्धि हुई है। आज प्रदोष व्रत है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** चर 7:18 से 9:01 तक, लाभ अमृत 9:01 से 12:26 तक, शुभ 2:08 से 3:50 तक।


**राहूकाल:** 4:30 से 6:00 तक। सूर्योदय 5:36, सूर्यास्त 7:15

### मेष




परिवार में प्रसन्नता-हर्षोल्लास का माहौल रहेगा। मनोरंजन के कार्यक्रम बन सकते हैं। आपसी सहयोग-समन्वय से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है।

### सिंह



आज नये-पुराने मित्रों से मुलाकात हो सकती है। मित्रों के साथ मनोरंजन के कार्यक्रम बन सकते हैं। आज परिवार में शुभ संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से मनोबल बढ़ेगा।

### धनु




आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। आवश्यक कार्यों में वार्ता सफल रहेगी। परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

### वृष




स्वास्थ्य में सुधार होगा। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। सुख-सुविधा पर धन खर्च हो सकता है।

### कन्या



आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। आज धार्मिक शुभ कार्य के लिए यात्रा संभव है।

### मकर



अपने अति आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा।

### मिथुन



परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। आज समय रचनात्मक कार्यों में व्यतीत होगा। व्यक्तिगत प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है।

### तुला



मनःस्थिति ठीक रहेगी। मनोबल-आत्मविश्वास बढ़ेगा। आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। शुभ कार्यों में भाग ले सकते हैं।

### कुंभ




नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है।

### कर्क




घर-परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। वाणी पर नियंत्रण रखना ठीक रहेगा।

### वृश्चिक



घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। पारिवारिक कार्यों के कारण बाहर जाना पड़ सकता है। अनर्गल कार्यों में समय खराब होगा।

### मीन



चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। यात्रा में परेशानी हो सकती है।




# निर्जला एकादशी पर गोविंद देव जी को फलों का भोग लगाया, झांकी सजाई

■ भक्तो की लगी भारी भीड़

**जयपुर।** ज्येष्ठ माह की शुक्ल पक्ष की एकादशी शनिवार को विभिन्न मांगलिक योग-संयोग में निर्जला ग्यारस के रूप में मनाई गई। वैष्णव श्रद्धालुओं ने निर्जला एकादशी का व्रत रख कर श्री हरि भगवान विष्णु का पूजन किया। निर्जला एकादशी पर गोविंद मंदिर में श्रद्धालु उमड़ पड़े। सुबह मंगला से रात की शयन झांकी तक करीब दो लाख श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। मंगला और शयन झांकी में सर्वाधिक संख्या में श्रद्धालु ठाकुरजी के दर्शन करने पहुंचे। मंगला झांकी में श्री कृष्ण जन्माष्टमी की तरह श्रद्धालु उमड़ पड़े। सुबह मंदिर महंत अंजन कुमार गोस्वामी के सान्निध्य में ठाकुरजी का पंचामृत अभिषेक कर नवीन पोशाक धारण कराई गई। लाल रंग की पोशाक धारण कराकर चंदन,पुष्प और आभूषणों से ठाकुरजी का मनोरम श्रृंगार किया गया। श्रृंगार झांकी आकर्षण का केन्द्र रही। राजभोग झांकी में 30 प्रकार के 551 किलो फलों की झांकी सजाई गई। दोपहर को ठाकुरजी को सूती धोती-कुर्ता धारण कराकर सुगंधित जल के रियासतकालीन फव्वारे से जल विहार कराया गया। इस झांकी का समय भी बढ़ाया गया।



लाल रंग की पोशाक धारण कराकर चंदन,पुष्प और आभूषणों से ठाकुरजी का मनोरम श्रृंगार किया ।

**बिना परेशानी के हुए दर्शन:** निर्जला एकादशी पर हजारों की संख्या में दर्शनार्थियों ने ठाकुरजी के दर्शन किए। इस कारण दर्शन की व्यवस्थाओं में बदलाव किया। बदली हुई व्यवस्था से दर्शनार्थियों को किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं हुई। पुलिस के आला अधिकारी और मंदिर प्रबंधन के स्वयंसेवकों ने व्यवस्थाओं में सहयो किया। एकादशी को सुबह मंगला से शयन झांकी तक ठाकुरजी ने भक्तों को करीब 16 घंटे दर्शन दिए। भक्तों की संख्या अधिक होने के कारण प्राय: हर झांकी 15 मिनट से आधा घंटे के लिए बढ़ाई गई। मंगला झांकी में दर्शनार्थियों की संख्या अधिक रहने के कारण झांकी के दर्शन का समय बढ़ाया गया। मंगला झांकी सुबह साढ़े चार से पौने सात बजे तक खुली रही। लगातार दो घंटे से भी अधिक समय तक ठाकुरजी ने भक्तों को दर्शन दिए। ज्यादातर श्रद्धालुओं ने जूते-चप्पल खोल कर ही मंदिर में प्रवेश कर जगमोहन से ठाकुरजी के दर्शन किए। चप्पल-जूते पहनकर आने वालों के लिए अलग से बैरिकेटिंग की गई थी। नंगे पांव आने वाले श्रद्धालुओं ने जगमोहन के बाहर से दर्शन किए। निकास की व्यवस्था जय निवास उद्यान से होकर की गई। दर्शनार्थियों को धूप और तपन से बचाने के लिए मंदिर के बाहर से जगमोहन तक छाया की माकूल व्यवस्था रही। पूरे परिसर में टैंट लगाया गया। जगह-जगह पंखे और कूलर भी लगाए गए। पीने के पानी की व्यवस्था के लिए पांच जगह मंदिर की ओर से प्याऊ लगाई गई। करीब 200 स्वयंसेवक और पुलिसकर्मी तैनात रहें। पुलिस और प्रशासन के उच्चाधिकारी व्यवस्थाओं पर नजर बनाए हुए थे।

## आवेदन की अंतिम तिथि 11 जून

**जयपुर।** राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा शुरू की गई नवीन आवासीय योजनाओं के लिए आवेदन की अंतिम तिथि नज़दीक आ चुकी है। इच्छुक आवेदक 11 जून 2025 तक इन योजनाओं में आवेदन कर सकते हैं। इन योजनाओं के अंतर्गत विभिन्न आय वर्ग के लिए जयपुर ,धौलपुर,बारां और बूंदी में स्थित विभिन्न परियोजनाओं में फ्लैट्स एवं स्वतंत्र आवास उपलब्ध कराए जा रहे हैं। जयपुर की प्रताप नगर स्तिथ गंगा अपार्टमेंट में कुल 80 फ्लैट्स हैं , जयपुर के मानसरोवर स्थित गुलमोहर में 160 फ्लैट्स हैं जिसमें डबल पार्किंग भी दी जा रही है इसी के साथ ही बारां की गजनपुरा आवासीय योजना ,बूंदी की लाखेरी आवासीय योजना और धौलपुर की बाड़ी रोड आवासीय योजना में विभिन आय वर्ग के लिए स्वतंत्र आवास उपलब्ध कराए जा रहे हैं ।इन योजनाओं में आमजन के सपनों का आशियाना प्रचलित बाजार दरों की तुलना में बेहद किफायती दरों पर उपलब्ध हैं, बल्कि इसमें आवेदन प्रक्रिया भी बेहद सरल और पारदर्शी रखी गई है। प्रमुख लोकेशन्स में आवास, पार्किंग, बिजली और पानी की व्यवस्था, पार्क, सुगम अवगमन के लिए सड़क और सीवर प्रणाली इन योजनाओं में मिलेगी

उल्लेखनीय है की इन योजनाओं को आमजन से भरपूर उत्साह प्राप्त हो रहा है, और केवल कुछ ही दिन शेष रहने के कारण आवेदन प्रक्रिया में तेजी देखी जा रही है।

# 'प्रस्तावित नई ग्राम पंचायत की अधिसूचना जारी नहीं करेगी राज्य सरकार'

■ राज्य सरकार ने ग्राम पंचायतों के पुनर्गठन एवं नव सृजन के लिए 10 जनवरी, 24 जनवरी व 13 फरवरी 2025 को दिशा-निर्देश दिए थे

■ इन दिशा-निर्देशों की अवहेलना कर ग्राम पंचायत महारखुर्द का पुनर्गठन कर राजस्व ग्राम गुलाब बाड़ी को ग्राम पंचायत महारख़ुर्द से अलग कर दिया

**जयपुर ।** राजस्थान हाईकोर्ट में राज्य सरकार की ओर से अंडरटेकिंग दी गई है कि ग्राम पंचायत परमानपुरा को प्रस्तावित नई ग्राम पंचायत बनाने के संबंध में अधिसूचना जारी नहीं की जाएगी। राज्य सरकार की अंडरटेकिंग को रिकॉर्ड पर लेते हुए अदालत ने मामले में सुनवाई 9 जून को तय की है। जस्टिस अशोक कुमार जैन और जस्टिस मुकेश राजपुरोहित की खंडपीठ ने यह आदेश भागीरथ प्रसाद जाट व अन्य की विशेष अपील याचिका पर दिए।

अपील में अधिवक्ता प्रदीप कलवानिया और अधिवक्ता सुशीला कलवानिया ने बताया कि राज्य सरकार ने ग्राम पंचायतों के पुनर्गठन एवं नव सृजन के लिए 10 जनवरी, 24 जनवरी व 13 फरवरी 2025 को दिशा-निर्देश दिए थे। इसके तहत साल 2011 की जनगणना के आंकड़ों के तहत निर्धारित प्रक्रिया एवं मापदंड के अनुसार नई ग्राम पंचायतों का सृजन करने के लिए कहा गया। वहीं शाहपुरा के उपखण्ड अधिकारी ने इन दिशा-निर्देशों की अवहेलना कर ग्राम पंचायत महारखुर्द का पुनर्गठन कर राजस्व ग्राम गुलाब बाड़ी को ग्राम पंचायत महारख़ुर्द से अलग कर दिया। वहीं ग्राम परमानपुरा को नई ग्राम पंचायत बनाने का प्रस्ताव जिला कलेक्टर को भेज दिया। इसे हाईकोर्ट में चुनौती देते हुए कहा कि 2011 की जनगणना के अनुसार, ग्राम गुलाबबाड़ी की जनसंख्या ग्राम परमानपुरा से ज्यादा है। ग्राम गुलाबबाड़ी मुख्य स्टेट हाईवे नंबर 37 अजीतगढ़-चौमू रोड पर स्थित है, जहां महात्मा गांधी सीनियर सेकेंडरी अंग्रेजी माध्यम स्कूल एवं ए श्रेणी का पशु चिकित्सालय एवं उप स्वास्थ्य केन्द्र है। जबकि नव सृजित ग्राम पंचायत परमानपुरा की ग्राम गुलाबबाड़ी से पांच किमी दूर है। इसलिए ग्राम गुलाबबाड़ी को पंचायत मुख्यालय नहीं बनाया जाना गलत है

## 48 पुलिस निरीक्षक से उप पुलिस अधीक्षक के पद पर पदोन्नत

**जयपुर।** राजस्थान में पुलिस महकमे में शनिवार को बड़ा फेरबदल किया गया है। जहां पुलिस महानिदेशक यू आर साहू की ओर से जारी की गई ट्रांसफर और पोस्टिंग की लिस्ट में 48 पुलिस निरीक्षक से उप पुलिस अधीक्षक (डीएसपी) के पद पर पदोन्नत किया गया है।

पुलिस महानिदेशक कार्यालय की ओर से जारी लिस्ट के अनुसार करणी सिंह को पुलिस निरीक्षक जयपुर ग्रामीण (नव पदोन्नत उप पुलिस अधीक्षक) से उप पुलिस अधीक्षक एससी/एसटी सेल,जिला झुंझुनूं लगाया गया है। वहीं गजेंद्र सिंह को लगाया।

एसीपी पुलिस कंट्रोल रूम जयपुर, उदय सिंह को लगाया डीएसपी साइबर क्राइम जिला भीलवाड़ा, लक्ष्मण सिंह चौधरी को लगाया डीएसपी साइबर क्राइम जिला बाड़मेर, सतीश कुमार को लगाया डीएसपी महिला अपराध अनुसंधान सेल जिला नागौर, परमेश्वर लाल को लगाया डीएसपी एसीबी, विजय कुमार मीणा को लगाया डीएसपी साइबर क्राइम जिला चूरू,ओम प्रकाश मीणा को लगाया।

डीएसपी साइबर क्राइम जिला बूंदी, प्रमोद कुमार शर्मा को लगाया डीएसपी एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स नागौर, चैनाराम को लगाया डीएसपी लीव रिजर्व सीआईडी सीबी जयपुर, सुगन सिंह को लगाया डीएसपी लीव रिजर्व डीजीपी ऑफिस साइबर क्राइम जयपुर, रामनाथ सिंह को लगाया डीएसपी एससी/एसटी सैल जिला भरतपुर, सुरेश कुमार स्वामी को लगाया डीएसपी एसीबी की जिम्मेदारी दी गई है।

# 90वीं वर्षगांठ मनाई



**जयपुर।** विश्व की सबसे बड़ी विकलांगों के पुर्नवास तथा विश्व प्रसिद्ध जयपुर फुट की निर्माता संस्था भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति (बी.एम.वी.एस.एस.) जयपुर के संस्थापक और मुख्य संरक्षक पद्मभूषण डी.आर. मेहता की 90वीं वर्षगांठ मनाई गई भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति के कर्मचारी और विभिन्न राज्यों से आए विकलांगों ने डी.आर. मेहता को जन्म दिन की बधाई दी। उल्लेखनीय हैं कि डी.आर. मेहता द्वारा स्थापित बी.एम.वी.एस.एस. इस वर्ष अपनी स्वर्ण जयन्ती मना रहा हैं। बी.एम.वी.एस.एस. ने अब तक देश-विदेश में 24 लाख से अधिक विकलांगों का पुर्नवास किया हैं। डी.आर. मेहता के नेतृत्व में 44 देशों में 114 शिविरों के आयोजन से हजारों विदेशी चलने फिरने योग्य बने ।

बी.एम.वी.एस.एस. के कार्यकारी अध्यक्ष एस.एस. भण्डारी ने डी.आर मेहता को विकलांगों के मसीहा और आदर्श सन्त बताते हुए कहा कि डी.आर. मेहता ने पूरे विश्व में विकलांगों के कल्याणार्थ कार्य कर भारत के नाम को गौरवान्वित किया हैं। एस.एस. भण्डारी ने बी.एम.वी.एस.एस. कर्मचारियों के अलावा अनाथ और असहायों की कल्याणकारी संस्था समर्पण की बालिकाओं को उपहार भेंट किए। कर्मचारियों और बालिकाओं ने समूह गान गाकर डी. आर. मेहता को 90वें जन्म दिन की बधाई दी । इस अवसर पर बी.एम.वी.एस.एस. के सचिव भूपेन्द्र मेहता और डॉ. दीपेन्द्र मेहता के अलावा समिति की कार्यकारिणी के सदस्य पूर्व पुलिस महानिदेश अरूण दुग्गड़ और मुख्य कार्यकारी अधिकारी एस.एस. बिस्सा भी उपस्थित थे । बिस्सा ने डी.आर. मेहता को भागवत गीता की प्रति भेंट की।

## तेज रफ्तार पिकअप ने राहगीर को टक्कर मारी

**जयपुर।** चौमू थाना इलाके में शनिवार अलसुबह एक तेज रफ्तार पिकअप ने पैदल को टक्कर मार दी। इससे उसकी मौत हो गई। हादसे के बाद चालक पिकअप लेकर भाग निकला। हिट एण्ड रन मामले में पुलिस वाहन और उसके चालक की तलाश कर रही है। मामले की जांच दुर्घटना थाना पश्चिम कर रही है। पुलिस के अनुसार शनिवार अलसुबह करीब तीन बजे चौमूं में आरटीओ कार्यालय के सामने एक तेज रफ्तार पिकअप ने राहगीर को टक्कर मार दी। हादसे में घायल राहगीर को स्थानीय लोगों ने अस्पताल पहुंचाया, जहां पर उसकी मौत हो गई।

## बद्रीनाथ धाम में होगा बाबा श्याम का कीर्तन

**जयपुर।** निर्जला एकादशी पर श्री श्याम रंगीला सेवा संस्था का जत्था बद्रीनाथ यात्रा के लिए रवाना हुआ। घाट के बालाजी के सुदर्शनाचार्य महाराज, श्री श्याम प्राचीन मंदिर के महंत पं. लोकेश मिश्रा, नरेंद्र महाराज के सानिध्य में जथा लक्ष्मी नारायण जी के मंदिर से रवाना हुआ। प्रकाश रावत ने बताया कि यात्री हरिद्वार, देवप्रयाग, रूद्रप्रयाग, धारी देवी, पांचवा केदार, कल्पेश्वर की यात्रा करते हुए 8 जून को बद्रीनाथ जी के दर्शन करेंगे। आठ जून को श्याम बाबा का कीर्तन किया जाएगा।

# स्वायत्त शासन मंत्री का बयान व्यवहारिक नहीं : खंडेलवाल

**जयपुर।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव गिरिराज खंडेलवाल ने स्वायत्त शासन मंत्री झाबरसिंह खर्रा द्वारा दिए गए बयान जिसमे उन्होंने कहा है कि पिछली कांग्रेस सरकार में शहरी निकायों द्वारा जारी 13 लाख पट्टों की जांच की जाएगी पर आक्रोशित होते हुए कहा कि राजस्थान सरकार के नगरीय विकास और स्वायत्त शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा का इस तरह का बयान जारी करना व्यवहारिक नहीं है उन्होंने कहा कि राज्य में भाजपा सरकार अपने डेढ़ साल के कार्यकाल में कोई उपलब्धि हासिल नहीं कर पाई राजधानी जयपुर सहित अनेक निकायो में पट्टों के लिए आम जनता भटक रही है राजधानी जयपुर में पिछले डेढ़ साल में दोनों नगर निगमों ने एक भी पट्टा जारी नहीं किया। खण्डेलवाल ने बताया की अधिकतर नगर निकायों में अधिकारियों की कमी है इस कारण आम जनता के कार्य प्रभावित हो रहे हैं, अब जब एक सौ बीस नये भर्ती होने वाले अधिकारियों द्वारा पूर्ववर्ती सरकार के समय जारी तेरह लाख पट्टों की जांच किए जाने की बात नगरीय विकास मंत्री की मानसिकता यह दर्शाती है कि आम जनता के जायज कार्यो को तो ठंडे बस्ते में डालो और पहले इन पट्टों की जाँच करो ।

कांग्रेस के सचिव गिरिराज खंडेलवाल ने नगरीय विकास मंत्री के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि वे पहले आम जनता से जुड़े मुद्दों पर अपना ध्यान केंद्रित कर राजधानी में पट्टे जारी करने की लगी अघोषित रोक हटा कर आम जन को राहत पहुँचाने का काम करें ।अशोक गहलोत के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार में शहरी इलाकों के नागरिकों को जो पट्टा वितरण किया गया था, वह जन भावनाओं के अनुरूप जन जन की आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए किया गया था। इसमें कहीं भी पक्षपात व दुर्भावना नहीं थी और भाजपा विचारधारा वाले लाखों परिवारों को भी पट्टे मिले हैं। झाबर सिंह खर्रा के बयान से तो यह इंगित होता है कि माननीय मंत्री को जमीनी हकीकत की जानकारी ही नहीं है।

गिरिराज खंडेलवाल ने झाबर सिंह खर्रा को सुझाया है कि कुछ करना है तो सबसे पहले राजधानी में पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के समय आम जन को राहत देने हेतु नगर निगमो नगर निकायो में प्रशासन शहरों के संग अभियान शुरू करने के साथ ही बरसात से पूर्व शहरों में ड्रैनेज सिस्टम को सही करायें ताकि बारिश का पानी शहरी इलाकों को तालाबों में तब्दील न करें। सभी जिला प्रभारी सचिव और मंत्री यह सुनिश्चित करें कि बारिश कितनी भी आये, उस जल को पूर्ण सुरक्षित व संरक्षित रखा जायेगा। इस दिशा में प्रयास करेंगे तो जन आवश्यकताओं के अनुरूप काम होंगे, बाकी पट्टों की जांच करवाना झाबर सिंह खर्रा के बस की बात नहीं है बल्कि इसके पीछे कोई दुर्भावना नजर आ रही है।

## सार-समाचार

### कलश यात्रा व शोभा यात्रा निकाली



**जयपुर।** कुमावत क्षित्रय विकास समिति, बरकत नगर के द्वारा विनोबा विहार नवनिर्मित मंदिर में मूर्तियो की देव प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष में शिव मंदिर टोंक फटाक से 151 महिलाओं के द्वारा कलश यात्रा व शोभा यात्रा बैंड-बाजो, रथ के साथ निकाली गई । रथो में मूर्तियों को विराजमान कर नगर भ्रमण कराया गया। इस दौरान रास्तों में श्रद्धालु द्वारा पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया । शोभा यात्रा में महिलाओं और पुरुषों ने बढ़ चढ़कर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई तत्पश्चात शोभायात्रा अपने गंतव्य स्थान श्री बाबा रामदेव जी मंदिर, विनोबा विहार ,बरकत नगर, जयपुर पहुंची जहां पर उनका पंडितों द्वारा मंत्र उच्चारण के साथ मूर्तियों को मंदिर में प्रवेश करा कर मूर्तियों का देव प्रतिष्ठा का कार्यक्रम का आयोजन रखा गया।

### जरुरतमंद परिवारों को 211 मटके वितरित



**जयपुर।** एकादशी पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने जल से भरे मटके दान किए। मटकों के अलावा आम, हाथ पंखी का भी दान किया गया। इसी कड़ी में हरि ओम जन सेवा समिति की ओर से निर्जला एकादशी पर विद्याधर नगर की कच्ची बस्तियों में जरूरतमंद परिवारों को पानी के भरे हुए 211 मटके वितरण किए गए। कार्यक्रम संयोजक नरेश जोशी ने बताया कि समिति के प्रदेश अध्यक्ष पंकज गोयल, पार्षद सुरेश जांगिड़ ने मटका वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मटके के साथ आम, केले, चीनी, बर्तन, कपड़े, नगद राशि का भी वितरण किया गया।

### एम्बुलेंस वाहन से बैटरी चोरी करने वाला चोर गिरफ्तार




**जयपुर।** सिंधी कैंप थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सरकारी एम्बुलेंस वाहन से बैटरी चोरी करने वाले एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से एम्बुलेंस की बैटरी सहित अन्य वाहनों से चुराई गई छह बैटरियां बरामद की है। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम अमित कुमार ने बताया कि सिंधी कैंप थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सरकारी एम्बुलेंस वाहन से बैटरी चोरी करने वाले शातिर बदमाश सुन्दरलाल निवासी कोटपूतली-बहरोड को गिरफ्तार कर उसके पास से एम्बुलेंस की बैटरी सहित अन्य वाहनों से चुराई गई छह बैटरियां बरामद की है। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपित नशे करने का आदि है जो अपने शौक पूरे करने के लिए सार्वजनिक स्थानों पर रैकी कर वाहन में चालक की गैरमौजूदगी में मौका देखकर वाहनों की बैटरी चोरी करता था। पुलिस पड़ताल में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

# कुर्बानी का पर्व ईद-उल-अजहा हर्षोल्लास के साथ मनाया

**जयपुर।** कुर्बानी का पर्व ईद-उल-अजहा शनिवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। दिल्ली रोड ईदगाह में ईद-उल-अजहा के मौके पर विशेष नमाज अदा की गई। नए कपड़े पहन और इत्र लगाकर आए बड़ी संख्या में मुस्लिम धर्मावलंबियों ने बकरीद की नमाज अदा की। शहर काजी खालिद उस्मानी ने ईद की नमाज अदा कराई। उन्होंने तकरीर करते हुए कहा कि कुर्बानी करते वक्त दूसरे मजहब के लोगों की भावना को भी ध्यान रखें।

हमारे देशवासियों, पड़ोसियों, हमवतन और हम-मजहब लोगों के साथ-साथ दूसरे मजहब के लोगों की भी भावनाओं का ध्यान रखें। उन्होंने कहा कुर्बानी के दौरान किसी भी तरह की गंदगी न हो, किसी की भावनाओं को ठेस न पहुंचाएं। गंदगी को ढक कर कचरागाह तक पहुंचाएं। बकरों की खाल की प्रोसेसिंग के लिए यूनिट डालने के लिए प्रदेश में सक्षम लोग मिलजुल प्रयास करें। ताकि खाल जाया न जाए। मुख्यमंत्री से चीफ काजी ने अपील की कि ईदगाह के अटके काम को मौजूदा भाजपा सरकार जल्द शुरू करवाए। नमाज के बाद लोगों ने एक दूसरे के गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। आदर्श नगर से कांग्रेस विधायक रफीक खान भी ईदगाह पहुंचे और नमाज अदा की। नमाज के बाद मुस्लिम समाज के लोगों ने अल्लाह के नाम पर अपने घरों में बकरों और भेड़ों की कुर्बानी कर एक-दूसरे को मुबारकबाद दी। जानवरों की कुर्बानी का सिलसिला रविवार और सोमवार को भी जारी रहेगा। राजधानी की दूसरी मस्जिदों में भी ईद-उल-अजहा इस मौके पर उलेमाओं ने बकरीद के पर्व के महत्व को लेकर तकरीर की और ईद-उल-अजहा के पर्व पर गरीब और बेसहारा लोगों की मदद करने के लिए भी कहा। राजधानी में ईद-उल-अजहा की नमाज अलग-अलग मस्जिदों में अलग-अलग वक्त पर हुई। जौहरी बाजार स्थित जामा मस्जिद, विद्याधर नगर के पास स्थित अमानीशाह दरगाह में बजे ईद-उल-अजहा की नमाज हुई। **प्रशासन ने किए विशेष इंतजाम:** ईद-उल-अजहा की नमाज के चलते जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन ने भी विशेष इंतजाम किए थे। इदगाह, जामा मस्जिद और अन्य मस्जिदों के बाहर पुलिस बल तैनात रहा। ईदगाह की नमाज को देखते हुए दिल्ली रोड पर भी यातायात को डायवर्ट किया गया था।



दिल्ली रोड ईदगाह में ईद-उल-अजहा के मौके पर विशेष नमाज अदा की ।

## फूलों की छतरी में विराजे राधे सरस बिहारी



**जयपुर।** सुभाष चौक पानो का दरीबा स्थित शुक संप्रदाय आचार्यपीठ श्री सरस निकुंज दरीबा पान में शनिवार को निर्जला एकादशी पर ठाकुर श्री राधा सरस बिहारी जू सरकार की नित्य सेवा के साथ विशेष मनोरथ सेवा की गई। शुक संप्रदाय पीठाशीश्वर अलबेली माधुरी शरण महाराज ने ठाकुरजी की लाड़ सेवा की। विभिन्न तरह के पुष्पों से तैयार छतरी के नीचे ठाकुरजी को विराजमान किया गया। ठाकुरजी को पुष्प श्रृंगार श्री सरस निकुंज के प्रवक्ता प्रवीण बड़े भैया और नवीन छोटे भैया फूलों और गुलाब जल, केवड़ा जल से सरस परिकर सुवासित हो उठा। श्रृंगार आरती दर्शन के साथ विशेष रूप से सागारी सामग्रियों और ऋतु फलों का भोग लगाया गया। शीतल पेय पदार्थ भी ठाकुर जी को अर्पण किए गए। दोपहर तक एकादशी की पदावलियों का गायन किया गया। शाम को फूल बंगले के पदों का गायन किया गया। फूल को महल महा मन भावन..., राजे फूलों के बंगले जुगल सरकार..., फूल मंडली सरस संवारी...जैसे पदों पर परिकर के वैष्णव महानुभावों ने नृत्य कर ठाकुरजी को रिझाया। चौड़ा रास्ता स्थित राधा दामोदर जी मंदिर में महंत मलय गोस्वामी के सान्निध्य में एकादशी उत्सव मनाया गया। ठाकुरजी को नवीन पोशाक धारण कराई गई और फलों का भोग लगाया गया। पुरानी बस्ती स्थित गोपीनाथ जी मंदिर में महंत सिद्धार्थ गोस्वामी के सान्निध्य में एकादशी उत्सव भक्तिभाव से मनाया गया।

# पारिवारिक विवाद के चलते पिता-पुत्र की पीट-पीटकर हत्या, गांव में तनाव

## दोषियों की गिरफ्तारी की मांग, आक्रोशित ग्रामीणों ने शव उठाने से इनकार कर दिया

- पुलिस अधिकारियों ने आक्रोशित ग्रामीणों से समझाइश की, पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी

**दौसा,** (निसं)। दौसा जिले के पापदड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम खवारावजी के पास जोध्या की ढाणी में शुक्रवार रात एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां पारिवारिक विवाद के चलते एक पिता और उसके पुत्र की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। मृतकों की पहचान घनश्याम बैरवा (32) और उनके पिता थान्याराम बैरवा (70) के रूप में हुई है। शनिवार सुबह जब इस दोहरे हत्याकांड की खबर गांव में फैली तो मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने शव उठाने से इनकार कर दिया और दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की।

लालसोट एएसपी दिनेश अग्रवाल ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि शुरुआती जांच में यह मामला पारिवारिक विवाद का प्रतीत हो रहा है। घनश्याम बैरवा और उनकी पत्नी निर्मला के बीच अक्सर झगड़ा होता रहता था। शुक्रवार रात को भी दोनों के बीच विवाद हुआ। निर्मला ने अपने पीहर लीखली गांव में अपने भाई और अन्य परिजनों को फोन कर अपने साथ हो रही प्रताड़ना की शिकायत की। शिकायत मिलने पर निर्मला के पीहर पक्ष के लोग जोध्या की ढाणी पहुंचे। यहाँ घनश्याम और निर्मला के परिवार के बीच जमकर विवाद हुआ। जब पीहर पक्ष के लोग निर्मला को अपने साथ वापस ले जाने लगे तो दोनों पक्षों के बीच विवाद इतना बढ़ा कि पीहर पक्ष के लोगों ने मिलकर घनश्याम और उसके पिता थान्याराम बैरवा को बेरहमी से पीट-पीटकर मार डाला। यह सारा घटनाक्रम रात के अंधेरे में हुआ, जिसकी जानकारी सुबह तक किसी को नहीं लगी। सुबह जब ढाणी के लोगों को इस दोहरे हत्याकांड का पता चला, तो उन्होंने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही लालसोट एएसपी दिनेश अग्रवाल और नांगल राजावतान डीएसपी चारुल गुप्ता भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस अधिकारियों ने आक्रोशित ग्रामीणों से बातचीत कर उन्हें समझाने-बुझाने का प्रयास किया। लंबी समझाइश के बाद पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम पुलिस ने पोस्टमार्टम करा कर शव परिजनों को सुपुर्द किया। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी है और आरोपियों की तलाश में जुट गई है। इस घटना से पूरे क्षेत्र में तनाव का माहौल बना हुआ है।

# पीलूपुरा में गुर्जर समाज की महापंचायत आज, प्रशासन सतर्क

- 'सरकार ने आरक्षण पर अपना रुख स्पष्ट नहीं किया तो गुर्जर समाज आर-पार की लड़ाई के लिए तैयार'
- गुर्जर नेता विजय बैसला पीलूपुरा पहुंचे और महापंचायत स्थल की व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया

**भरतपुर,** (निसं)। बयाना क्षेत्र के पीलूपुरा गांव में गुर्जर समाज की महापंचायत का आयोजन किया जा रहा है। महापंचायत को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं और आयोजन स्थल पर टेंट लगाने का कार्य भी शुरू हो चुका है।

गुर्जर नेता विजय बैसला शनिवार को पीलूपुरा पहुंचे और महापंचायत स्थल की व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया। उन्होंने बताया कि 8 जून को सुबह 10 बजे से महापंचायत में बड़ी संख्या में समाजजन शामिल होंगे। बैसला ने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि दोपहर दो बजे तक यदि सरकार ने अपना रुख स्पष्ट नहीं किया, तो समाज रेल मंत्रालय, सड़क मंत्रालय और अन्य संबंधित संस्थानों के सामने अपने कदम आगे बढ़ाएगा। महापंचायत को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से सतर्क है। भरतपुर एसपी खुद मौके का निरीक्षण कर चुके हैं और सुरक्षा के व्यापक बंदोबस्त किए जा रहे हैं, ताकि किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो।

गौरतलब है कि गुर्जर समाज लंबे समय से अपने सामाजिक और राजनीतिक अधिकारों को लेकर आंदोलनरत रहा है। महापंचायत को लेकर क्षेत्र में विशेष हलचल देखी जा रही है। संघर्ष समिति द्वारा महापंचायत में पहुँचने के लिए गुर्जर समाज के लोगों को गांव गांव जाकर पीले चावल दिए जा रहे है। विजय बैसला ने कहा कि सरकार द्वारा दिया गया एमबीसी आरक्षण केवल कागजों तक सीमित है। समाज को इसका वास्तविक लाभ केवल 1.5 से 2 प्रतिशत ही मिल रहा है। महापंचायत को देखते हुए प्रशासन सतर्क हो गया है। गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम ने कहा कि वे संघर्ष समिति और समाज के प्रतिनिधियों से संवाद करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि हर बात का हल टेबल पर बातचीत से निकलेगा। अगर पहले कोई खामी रह गई थी, तो समाज को सरकार को अवगत कराना चाहिए था। उधर, गुर्जर आरक्षण संघर्ष समिति के अध्यक्ष विजय बैंसला ने साफ कहा कि समाज 17 सालों से संघर्ष कर रहा है, लेकिन अब तक केवल दो ही मांगें पूरी हुई हैं।

# पुलिस हिरासत में रेप के आरोपी युवक की मौत

- दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने शुक्रवार सुबह गिरफ्तार किया था, जिसके बाद रात में आरोपी की तबीयत बिगड़ गई थी
- एसपी गौरव यादव और जिला कलेक्टर मंजू चौधरी राजियासर पहुंचे और थाने का निरीक्षण किया

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। जिले के राजियासर थाने में पुलिस हिरासत में एक युवक की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस अधीक्षक गौरव यादव व जिला कलेक्टर मंजू चौधरी राजियासर पहुंचे और पुलिस थाने का निरीक्षण कर घटना के बारे में जानकरी ली।

जानकारी के अनुसार एक महिला से दुष्कर्म के आरोप में मोहन सिंह (26) पुत्र गोमद सिंह को पुलिस ने शुक्रवार सुबह गिरफ्तार किया था, जिसके बाद रात में आरोपी की तबीयत बिगड़ गई। पेट में दर्द होने पर पुलिस आरोपी को देर रात सूरतगढ़ के राजकीय चिकित्सालय में लेकर गई। डॉक्टरों ने डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद आरोपी को छुट्टी दे दी। पुलिस ने देर रात आरोपी को थाने लाकर हवालात में बंद कर दिया। अलसुबह आरोपी युवक की फिर तबीयत बिगड़ गई। पुलिस उसे राजियासर के राजकीय चिकित्सालय लेकर गई जहां हॉस्पिटल पहुंचने पर आरोपी को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर स्थानीय विधायक डूंगरराम गेदर सहित मृतक के परिजन राजियासर के राजकीय चिकित्सालय पहुंच गए। फिलहाल युवक के परिजन राजियासर के राजकीय चिकित्सालय में मौजूद हैं। वहीं मृतक का शव राजियासर के राजकीय चिकित्सालय की मोर्चरी में रखवाया है।

# युवती की हत्या की वारदात में शामिल चौथा आरोपी गिरफ्तार



पुलिस ने हत्या के आरोपी को गिरफ्तार किया।

- दो दिन पहले वारदात में शामिल हिस्ट्रीशीटर सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया था
- संजयनगर में सात दिन पहले घर में घुसकर हत्या करने का मामला

**खेतड़ी,** (निसं)। खेतड़ी थाना क्षेत्र के संजयनगर पंचायत की ढाणी कुशाला में सात दिन पहले घर में घुसकर मारपीट कर युवती की हत्या के चौथे आरोपी को पुलिस ने देर शाम को गिरफ्तार किया है। इससे पहले पुलिस ने दो दिन पहले वारदात में शामिल हिस्ट्रीशीटर सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया था।

थानाधिकारी रणजीत सिंह ने बताया कि 30 मई की रात को आपसी कहासुनी को लेकर हिस्ट्रीशीटर सचिन उर्फ बचिया ने अपने साथियों के साथ मिलकर किराणा की दुकान चलाने वाले मोहित सिंह के घर में घुसकर मारपीट की थी। इस दौरान मोहित सिंह, लक्ष्मी कंवर व दिव्यांग बहन अंजू कंवर घायल हो गई थी। घायलों को उपचार के लिए जयपुर ले जाया गया। इस दौरान दिव्यांग अंजू कंवर की मौत हो गई थी। इस संबंध में लक्ष्मी कंवर की ओर से आरोपियों के खिलाफ उसकी बेटी की हत्या करने का मुकदमा दर्ज करवाया गया था।

मामले को गंभीरता से लेते हुए कार्यवाहक एसपी देवेन्द्र सिंह राजावत ने चार टीमों का गठन कर बदमाशों को गिरफ्तार करने के निर्देश दिए। पुलिस की गठित टीमों ने ढाणी मीनावाली में दबिश देकर ढहरवाला निवासी रवि सिंह पुत्र उदय सिंह को गिरफ्तार कर लिया। इससे पहले पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर सचिन उर्फ बच्चिया, आकाश कुमार यादव, आकाश सिंह निर्वाण जयपुर व नाथा की नांगल से गिरफ्तार कर लिया। थानाधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों से गहनता से पूछताछ की जा रही है तथा वारदात में शामिल अन्य आरोपियों की जानकारी जुटाई जा रही है।

# प्रशासनिक अधिकारी रिश्वत लेते गिरफ्तार



आरोपी प्रशासनिक अधिकारी

**सवाई माधोपुर,** (निसं)। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। टीम ने सीएमएचओ कार्यालय में पदस्थ प्रशासनिक अधिकारी भूपेंद्र बिहारी शर्मा को 25 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया। एसीबी के सवाईमाधोपुर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्ञान सिंह चौधरी ने बताया कि एसीबी के जयपुर मुख्यालय को सवाईमाधोपुर सीएमएचओ कार्यालय के प्रशासनिक अधिकारी भूपेंद्र बिहारी शर्मा को लेकर भ्रष्टाचार की शिकायत मिली थी। जयपुर मुख्यालय से मिली शिकायत के बाद सवाईमाधोपुर एसीबी की ओर से शिकायत का सत्यापन करवाया गया।

# युवक की हत्या करने वाला गिरफ्तार

**उदयपुर,** (निसं)। झाड़ोल थाना पुलिस ने रंजिश के चलते वृद्ध का अपहरण कर उबेश्वर के जंगल में उसकी हत्या करने के मामले में आरोपी मोहनलाल पुत्र भूरा को गिरफ्तार किया है। प्रकरण के अनुसार पीड़ित मुकेश पुत्र थावरचंद धांगी निवासी पिपलीमाला झाड़ोल ने 4 जून को झाड़ोल पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें उसने बताया कि 1 जून को मेरे पिता थावरचंद लीलाधर रूपलालजी की बीमार भैस का उपचार करने गए थे। वहां से रूपलाल ने मेरे पिता को बाइक पर झाड़ोल छोड़कर मगलवास जाने वाले सोहनलाल के टेम्पो में बिठाया। वहां से टेम्पो गणेशपुरा पहुंच कर उसमें से सवारी उतरी इसी दौरान मोहनलाल पुत्र भूरीलाल निवासी झाड़ोल बाइक लेकर आया तथा तलवार निकालकर मेरे पिता को पकड़ कर नीचे उतार बाइक पर बिठाकर अपहरण कर ले गया। टेम्पो वाले ने मुझे जानकारी दी तो पुलिस को सूचना कर तलाश शुरू की। झाड़ोल थानाधिकारी फैलीराम के नेतृत्व में गठित दल ने तलाशी अभियान चला कर 4 जून को उबेश्वर के जंगल से मृतक के शव को दस्तयाब कर पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया।

# दंपती को कार ने टक्कर मारी, पत्नी की मौत, पति घायल

**डूंगरपुर,** (निसं)। जिले के बिछीवाड़ा थाना क्षेत्र के नेशनल हाइवे 48 पर बरौठी के पास एक कार ने बाइक सवार दंपती को टक्कर मार दी। हादसे में एक महिला की मौत हो गई। वहीं पति गंभीर रुप से घायल हो गया। जिसका जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। बिछीवाड़ा नेशनल हाइवे 48 पर बरोठी गांव के पास शनिवार शाम चार बजे एक कार ने बाइक सवार दंपती को टक्कर मार दी। बिछीवाड़ा पंचायत समिति के रोजेला पाल पादर निवासी जीवतराम पुत्र हजा कलासुआ अपनी पत्नी मंजुला के साथ बाइक से पाल पादर से गुजरात के हिम्मतनगर डॉक्टर से परामर्श लेने जा रहा था। बरोठी गांव के पास नेशनल हाइवे पर उदयपुर की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार ने पीछे से आकर उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया।

# दो बाइकों की भिड़ंत में बड़े भाई की मौत, छोटा घायल

## घायल को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती करवाया

**डूंगरपुर,** (निसं)। बिछीवाड़ा थाना क्षेत्र में भेहना रेलवे स्टेशन के पास दो बाइकों के बीच जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार बड़े भाई की सिर में चोट लगने से मौत हो गई, जबकि छोटा भाई घायल हो गया। वहीं घायल को उपचार के लिये अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

बिछीवाड़ा थाना पुलिस के अनुसार वेलचंद पुत्र कचरा पटेल निवासी भेहना ने मामला दर्ज कराया है। रिपोर्ट में बताया कि शुक्रवार दोपहर के समय वह और उसका बड़ा भाई भगवान पटेल दोनों बाइक से गांव में खेतों में जा रहे थे। भेहना रेलवे स्टेशन के पास जाते ही पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दी। हादसे में वेलचंद पटेल और उसका भाई भगवान पटेल दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को प्राइवेट अस्पताल से डूंगरपुर अस्पताल लेकर आए। डॉक्टर ने जांच के बाद भाई भगवान पटेल को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद शव को डूंगरपुर हॉस्पिटल के मॉर्च्युरी में रखवाया। घटना की सूचना पर बिछीवाड़ा थाना पुलिस भी मॉर्च्युरी पहुंची। भाई की रिपोर्ट पर पुलिस ने एक्सीडेंट का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं, पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया है। फिलहाल पुलिस घटना को लेकर जांच कर रही है।

# दो पक्षों के बीच हुआ विवाद पथराव में बदला, 19 लोग घायल

## घायलों का अस्पताल में इलाज करवाया, पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की

- धंबोला थाना क्षेत्र के पीठगांव में धनेश्वर भाटिया महादेव मंदिर जीर्णोद्धार का मामला

**डूंगरपुर,** (निसं)। जिले के धंबोला थाना क्षेत्र के पीठगांव में धनेश्वर भाटिया महादेव मंदिर जीर्णोद्धार को लेकर लबाना समाज के दो पक्षों में चल रहे विवाद में शनिवार को पथराव हो गया। एक पक्ष के लोगों ने दूसरे पक्ष के लोगों पर पथराव कर दिया, जिसमें 19 लोग घायल हो गए। धम्बोला थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार पीठ कस्बे में धनेश्वर भाटिया महादेव मंदिर जीर्णोद्धार कार्य को लेकर दोनों पक्षों में विवाद चल रहा है। चार गांव वाले इस मंदिर का जीर्णोद्धार अपने तरीके से करवाना चाहते है। वहीं दूसरे 17 गांव के लोग सामूहिक रूप से मंदिर का जीर्णोद्धार करवाना चाह रहे हैं। इस बीच 4 गांव के लोगों ने अपने अनुसार मौके पर पत्थर, सीमेंट सहित सामग्री डालकर कार्य शुरू किया है। शनिवार को कार्य शुरू होने के दौरान चार गांव वालों के प्रतिनिधिमंडल ने नायक कालू सिंह झाड सहित 17 गांव के प्रतिनिधिमंडल को बुलाया था। इस दौरान 4 गांवों की महिलाओं और अन्य लोगों ने पथराव शुरू कर दिया। पथराव में दूसरे 17 गांवों के 19 लोग घायल घायल हो गए, जिसमें पादेडी निवासी नायक कालू सिंह झाड, झरनी निवासी सज्जन सिंह, रमेश लबाना, छोटालाल, अतुल, प्रेमचंद, रमनलाल, चिराग, मथुरालाल, रमण, निठाउवा निवासी ईश्वरलाल, आंजणा निवासी मगनलाल, बांदेला निवासी रमिला, अतुल, रमण, प्रेमचंद, फूदी, लीला देवी, मोहन लबाना घायल हो गए। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामला शांत करवाया। वहीं घायलों का अस्पताल में इलाज करवाया।

# लोहे के सरिए से पिटाई कर पत्नी की हत्या

- हत्या करने के बाद आरोपी पति मौके से फरार हो गया, तलाश जारी
- पति शराब पीकर पत्नी के साथ मारपीट करता था

**डूंगरपुर,** (निसं)। जिले के चौरासी थाना क्षेत्र के भिंडा गांव में एक महिला की लोहे के सरिए से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। भाई की रिपोर्ट पर पुलिस ने पति के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर लिया है। वहीं पुलिस हत्या के आरोपी पति की तलाश कर रही है।

धम्बोला थानाधिकारी राकेश कटारा ने बताया कि शंकर पुत्र गौतम यादव निवासी झिंझवा की ओर से रिपोर्ट दर्ज करवाई गई है। इसमें बताया कि उसकी बहन कमला यादव की शादी देवीलाल यादव निवासी भिंडा के साथ करवाई थी। पति देवीलाल यादव शराब पीकर आए दिन उसकी बहन कमला के साथ मारपीट करता था। देवीलाल शराब के नशे में घर पर आया और बहन के साथ मारपीट शुरू कर दी। उसकी बहन को लोहे के सरिए से पिटा। आसपास के घरों के लोगों ने भी उसके चिल्लाने की आवाज सुनी। मारपीट की वजह से उसकी बहन की मौत हो गई। घटना की सूचना पर पीहर पक्ष के लोग मौके पर पहुंचे। वहीं शव को डूंगरपुर अस्पताल के मोर्चरी में रखवाया। घटना के बाद पति देवीलाल यादव फरार हो गया। थानाधिकारी ने बताया कि भाई की रिपोर्ट पर पति देवीलाल यादव के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर लिया है। वहीं पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया है। फिलहाल पुलिस घटना को लेकर जांच कर रही है।

# अवैध शराब जब्त, छह गिरफ्तार

**उदयपुर,** (निसं)। जिला पुलिस स्पेशल टीम एवं टीडी, ऋषभदेव एवं खेरवाड़ा पुलिस ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए अवैध शराब के चालीस कार्टन मय कार जब्त कर छह आरोपियों को गिरफ्तार किया।

स्पेशल टीम प्रभारी श्यामसिंह रत्नू, टीडी, ऋषभदेव एवं खेरवाड़ा थाना पुलिस ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए हाइवे पर स्थित किराना दुकान की आड में शराब बेचने सहित सात स्थानों पर कार्यवाही करते हुए छह आरोपियों को गिरफ्तार कर अवैध शराब के चालीस कार्टन बरामद कर टीडी, बावलवाड़ा, फलासिया थाना पुलिस ने एक एक तथा ऋषभदेव व खेरवाड़ा थाना पुलिस ने दो-दो प्रकरण दर्ज कर नरेन्द्र पटेल निवासी खेरवाड़ा, चुन्नीलाल कलाल निवासी पिपला फलासिया, शंकर मीणा निवासी बोरिकुंआ, गणेशलाल निवासी नवाघर, कैलाश निवासी कागदर, शंकर निवासी उपली चांदनी फला को गिरफ्तार किया।

# मिनी सचिवालय की तर्ज पर बने दो मंजिला भवन की पांच साल से अनदेखी



किशनगढ़ बास के बंबोरा में 5 साल से सरकार और अधिकारियों की अनदेखी के चलते उपेक्षित भवन।

- किशनगढ़ बास के पूर्व विधायक रामहेत सिंह यादव ने जिला कलेक्टर सहित अधिकारियों को भवन की विजीट कराई
- भवन में बड़े-बड़े सचिवालय की तर्ज पर बने मीटिंग हाल व कमरों को देखकर कलेक्टर ने भवन का अवलोकन किया

**किशनगढ़ बास,** (निसं)। शहर से करीब दो किलोमीटर दूर अलवर रोड़ हाईवे पर बंबोरा हनुमान मंदिर से कुछ दूरी पर पहाड़ी के समीप करीब तीन करोड़ से भी अधिक की लागत से बनकर पांच साल से तैयार हुए मिनी सचिवालय की तर्ज पर दो मंजिला सद्भावना मंडप भवन पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार और कांग्रेस के जनप्रतिनिधि व अधिकारियों की नजरों से दूर रहने के कारण कबूतरखाना बना हुआ है।

जानकारी के अनुसार दो साल पहले खैरथल तिजारा जिला बनने के बाद भी किसी अधिकारी ने भवन की सुध नहीं ली। जबकि भवन के पड़ोस में आईटी आई व छात्रावास अलग-अलग बिल्डिंग में संचालित हो रहे हैं अब जब पांच साल बाद फिर से भाजपा की सरकार बनी तो भाजपा से दो बार किशनगढ़ बास से पूर्व में विधायक रहे रामहेत सिंह यादव ने भवन को याद किया और वंदे गंगा जल संरक्षण कार्यक्रम में बंबोरा पहुंचे जिला कलेक्टर सहित अधिकारियों को मिनी सचिवालय की तर्ज पर बने दो मंजिला सद्भावना मंडप भवन की विजीट कराने के लिए लेकर पहुंचे। भवन में बड़े-बड़े सचिवालय की तर्ज पर बने मीटिंग हाल व कमरों को देखकर कलेक्टर ने पूरे भवन का अवलोकन किया और पूर्व विधायक के साथ भवन की उपयोगिता पर चर्चा की।

पूर्व विधायक रामहेत यादव ने पत्रकारों को बताया कि पिछली कांग्रेस सरकार की अनदेखी के कारण 3 करोड़ से अधिक की लागत से बनकर तैयार हुए दो मंजिला सद्भावना मंडप भवन की हालत देखरेख के अभाव में खराब हो रही है। कबूतरों ने घर बनाया हुआ है। यहां तक कि खैरथल तिजारा जिला बनने के बाद भी किसी अधिकारी ने भवन की सुध नहीं ली जो सरकार के साथ जिला प्रशासन की लापरवाही को भी दर्शाता है। यादव ने कहा वह 2008 से 2018 तक विधायक रहे इस बीच उन्होंने प्रधानमंत्री की योजना से सद्भावना मंडप भवन के लिए करीब 3.50 करोड़ रूपए स्वीकृत कराये। इसके बाद हुए 2018 का चुनाव वह हार गए और कांग्रेस की सरकार बन गई। भवन को तैयार हुए 5 साल से भी अधिक समय बीत चुका है परन्तु कांग्रेस सरकार और स्थानीय जन प्रतिनिधियों ने भवन की उपयोगिता पर ध्यान नहीं दिया गया। दो मंजिला भवन का उचित उपयोग हो इसके लिए जिला कलेक्टर किशोर कुमार सहित अधिकारियों की विजिट कराकर चर्चा की गई है। जल्द ही सांसद व केंद्र सरकार में मंत्री भूपेंद्र यादव के ध्यान में लाया जाकर भवन का लोकार्पण कराया जाएगा।

इस दौरान जिला कलेक्टर ने भवन का अवलोकन कर नगर पालिका अधिशासी अधिकारी मुकेश शर्मा को साफ सफाई को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं।

# दो मौसेरी बहनों से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

## आरोपी लूट व पांच हत्याओं के मामले में बीस साल कारावास की सजा काट चुका है

- आरोपी गांव से किसी रोड पर शिव मंदिर बना कर बैठा था, तांत्रिक कार्य भी करता था, आरोपी को न्यायालय में पेश किया जाएगा

**बीकानेर,** (निसं)। श्रीडूंगरगढ़ में दो मौसेरी बहनों के साथ दुष्कर्म करने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी हत्या के एक मामले में बीस साल कारावास की सजा काट चुका है। कुछ साल पहले बाहर आने के बाद उसने फिर ऐसी हरकत कर दी है कि वापस जेल जाना पड़ेगा।

जानकारी के अनुसार श्रीडूंगरगढ़ के किसी गांव में दो बहनें अपने पीहर आई थी। दोनों की दो बेटियां जो 8 वर्षीय व 9 साल की है, उनके साथ दुष्कर्म किया गया। दोनों मासूम बच्चियां घर के पास ही शौच करने गई थी कि वहां एक शख्स ने चप्पल देने के बहाने घर में बने मंदिर में ले गया, जहां खुद को पुजारी बताया। फिर दोनों बच्चियों के साथ दुष्कर्म का प्रयास किया। बच्चियों ने घर आकर अपनी मां को बताया। मां ने अपने पति को बताया, जिसने ससुराल पहुंचकर लड़कियों से सारे घटनाक्रम की जानकारी ली। श्रीडूंगरगढ़ पुलिस को एफआईआर दी गई।

श्रीडूंगरगढ़ सीओ निकेत पारीक ने बताया कि 50 वर्षीय श्रीभगवान पुत्र रूघाराम सोनी को देर शाम गिरफ्तार कर लिया। आरोपी गांव से किसी रोड पर शिव मंदिर बना कर बैठा था। तांत्रिक कार्य भी करता था। आरोपी वर्ष 1993 में गांव बीदासर में ज्वैलर्स के घर में लूट एवं पांच निर्मम हत्याएं करने के आरोप में करीब 21 साल तक जेल काट चुका है। कुछ वर्ष पहले जेल से परमानेंट पैरोल पर बाहर आया था। श्रीभगवान चोरी की नीयत से घर में घुसा था। दो महिलाओं और तीन बच्चों की हत्या कर दी थी, जिसमें एक दो साल का बच्चा भी शामिल था। इस घटना के बाद से बीदासर गांव में हड़कंप मच गया था। तब भी पुलिस ने काफी मशक्कत करके इसे गिरफ्तार किया था।

श्रीभगवान को रतनगढ़ कोर्ट ने फांसी की सजा दी। तब श्रीडूंगरगढ़ रतनगढ़ तहसील का हिस्सा था। इसके बाद मामला राजस्थान हाईकोर्ट पहुंचा, वहां भी उसे फांसी की सजा बरकरार रखी गई लेकिन बाद में सुप्रीम कोर्ट ने फांसी को बीस साल की सजा में तब्दील कर दिया। कुछ साल पहले वो परमानेंट पैरोल पर छूटकर बाहर आ गया। पारीक ने बताया कि एक मार्ग पर सरकारी जमीन को अपनी बताकर वहां मंदिर बना लिया। पारीक ने बताया कि आरोपी को आज न्यायालय में पेश किया जाएगा। आरोपी नंगे पांव घूम रही बालिकाओं को नई चप्पल दिलवाने व प्रसाद खिलाने का लालच देकर अपने साथ ले गया था।

# एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स ने धौलपुर से इनामी बदमाश श्यामपाल को किया गिरफ्तार

## सोनू चंबल गैंग का सक्रिय सदस्य था आरोपी, उत्तर प्रदेश भागने की फिराक में था बदमाश

**जयपुर।** राजस्थान पुलिस की एन्टी गैंगस्टर टास्क फोर्स को एक बड़ी सफलता मिली है। धौलपुर जिले के राजाखेड़ा थाना क्षेत्र में बीते माह एजीटीएफ व धौलपुर डीएसटी पर फायरिंग के मामले में फरार चल रहे 15 हजार रुपए के इनामी अपराधी श्यामपाल ठाकुर पुत्र टीकम सिंह निवासी सदापुर को गिरफ्तार कर लिया गया।

- **चंबल के बीहड़ों में संचालित अवैध फायरिंग रेंज मैं आने वाले बदमाशों की सुख सुविधा का रखता था ख्याल, हथियारों की तस्करी में भी संलिप्त**



**एन्टी गैंगस्टर टास्क फोर्स ने धौलपुर डीएसटी पर फायरिंग के मामले में फरार चल रहे 15 हजार रुपए के इनामी अपराधी श्यामपाल ठाकुर पुत्र टीकम सिंह निवासी सदापुर को गिरफ्तार कियां**

श्यामपाल ठाकुर कुख्यात गैंगस्टर रामदत्त ठाकुर उर्फ सोनू चंबल गिरोह का सक्रिय सदस्य और हिस्ट्रीशीटर है। वह चंबल के बीहड़ों में अवैध हथियारों की डिलीवरी, फरार अपराधियों को शरण देने और फायरिंग रेंज संचालित करने जैसे कार्यों में संलिप्त था।

अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एजीटीएफ राजस्थान दिनेश एम.एन. के नेतृत्व में प्रदेशभर में सक्रिय गैंगस्टरों और अवैध हथियारों के तस्करों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में एजीटीएफ की टीम ने एक माह तक गुप्त निगरानी और आसूचना संकलन के बाद इस सफलता को अंजाम दिया।

डीआईजी अपराध शाखा योगेश यादव के सुपरविजन तथा एएसपी एजीटीएफ सिद्धांत शर्मा के समन्वय में सहायक उप निरीक्षक शैलेन्द्र शर्मा के नेतृत्व में हेड कांस्टेबल मदन लाल शर्मा, अरुण कुमार, कांस्टेबल बृजेश शर्मा व श्रवण कुमार की टीम ने यह कार्रवाई की है।

पिछले माह 8 मई को एजीटीएफ व डीएसटी टीम ने धौलपुर जिले के राजाखेड़ा थाना क्षेत्र में सोनू चंबल गैंग के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए कुख्यात डकैत माधव सिंह को भारी मात्रा में अवैध हथियारों के साथ पकड़ा था। इस दौरान पुलिस दल पर फायरिंग कर सोनू चंबल, श्यामपाल ठाकुर, थानसिंह ठाकुर और अन्य अपराधी फरार हो गए थे।

**सोनू चंबल गैंग में स्लीपर सेल की भूमिका निभा रहा था श्याम पाल ठाकुर:**

गिरफ्तार श्यामपाल ठाकुर सोनू चंबल गैंग में स्लीपर सेल की भूमिका निभाता था। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिद्धांत शर्मा के अनुसार डकैत श्याम पाल, हिस्ट्रीशीटर सोनू चम्बल के पास फरारी काटने वाले अपराधियों व चम्बल के बीहड में बनाई हुई फायरिंग रेन्ज में फायरिंग सीखने आने वाले राजस्थान एवं अन्य राज्यों के बदमाशों को सुविधा एवं संसाधन उपलब्ध करवाने, खाने-पीने की व्यवस्था व उनको लाने-ले जाने का काम करता था।

**हथियारों की तस्करी में भी संलिप्त:**

श्यामपाल यूपी और एमपी से अवैध हथियारों और कारतूसों की डिलीवरी भी गैंग तक पहुंचाता था। साथ ही चंबल क्षेत्र में पुलिस मूवमेंट की जानकारी समय-समय पर गैंग लीडर तक भेजता था।

**गुप्त सूचना पर हुई गिरफ्तारी:**

एजीटीएफ टीम को पुख्ता सूचना मिली कि थाना राजाखेड़ा में दर्ज प्रकरण संख्या 146/2025 में फरार इनामी अपराधी श्यामपाल ठाकुर बस में बैठकर उत्तर प्रदेश भागने की फिराक में है। इस सूचना पर धौलपुर एसपी सुमित मेहरा के समन्वय में एजीटीएफ और राजाखेड़ा थाना पुलिस ने खानपुरा मोड़ पर घेराबंदी कर श्यामपाल को पकड़ लिया। पकड़ने के बाद उसे पुलिस थाना राजाखेड़ा को सुपुर्द कर दिया गया।

**विशेष टीम का सराहनीय योगदान:**

इस सफलता में एजीटीएफ के एएसआई शैलेन्द्र शर्मा, हेड कांस्टेबल मदन लाल शर्मा, अरुण कुमार, कांस्टेबल बृजेश शर्मा व श्रवण कुमार और रिजर्व पुलिस लाइन धौलपुर में तैनात कांस्टेबल रामसहाय की विशेष भूमिका रही।

एजीटीएफ की इस सफलता से सोनू चंबल गिरोह के नेटवर्क को बड़ा झटका लगा है। पुलिस अब गिरोह के अन्य फरार अपराधियों की तलाश में लगातार दबिश दे रही है।

# अपनी जमीन और मकान को बचाने के लिए पीड़ित परिवार भूख हड़ताल पर

**जयपुर।** बच्चों की शिक्षा तथा अन्य आवश्यक कार्यों के लिए एक परिवार ने जयपुर निवासी एक कर्नल से अपनी पांच करोड़ की भूमि रजिस्ट्री के द्वारा रेहन कर 40 लख रुपए लिए। लेकिन अब 40 लाख रुपए ब्याज सहित देने पर भी जयपुर निवासी कर्नल पीड़ित संतोष सैनी तथा उसके परिवार को उनकी जमीन लौटाने के बजाय पूरी जमीन पर कब्जा करने के लिए भू माफिया तथा अन्य असामाजिक तत्वों के साथ मिलकर पीड़ित परिवार को धमकी देते हुए प्रताड़ित कर रहा है।

लम्बे समय तक परिवार कर्नल द्वारा भेजे गए गुंडो से भयभीत होकर इधर-उधर छुपता रहा। अंत में कर्नल ने कहा कि आप कितना भी ताकत लगा लो हम लोग उनके मकान तथा जमीन पर कब्जा कर ही लेंगे। परिवार ने आखिरकार मुख्यमंत्री तक अपनी बात पहुंचाने के लिए अपने ही घर पर भूख हड़ताल द्वारा भू माफियाओं से टकराने का निर्णय लिया और प्रशासन तक बात पहुंचाई। सेना के उच्च अधिकारियों तथा प्रशासन के अधिकारियों तक बात पहुंचाने के बाद अब पीड़ित परिवार को आशा जगी है कि उनके साथ न्याय होगा।

पीड़ित परिवार की संतोष सैनी एवं उनके बच्चों ने एक दिवसीय भूख हड़ताल कर भू माफियाओं को चेतावनी दी हैं कि अगर वह उनकी पुश्तैनी जमीन को हड़पने के लिए इस प्रकार साजिश करेंगे तो आगे आमरण अनशन करेंगे और समाज के नेताओं को भी समर्थन के लिए कहा जाएगा। पीड़ित परिवार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी,गृहमंत्री अमित शाह तथा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को मामले की जानकारी देते हुए पत्र लिखने की घोषणा की है।

# केबिनेट मंत्री ने किया समाजसेवियों को सम्मानित



**जयपुर,** । जोधपुर जिले की औसियां तहसील की पंडित जी की ढाणी में शनिवार को नवनिर्मित श्रीयादे माता मंदिर में मूर्तियों की प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन किया गया। श्रीयादे मंदिर कुम्हार (प्रजापत) समाज की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में श्रीपति धाम नंदन वन राजपुरा, सिरोही के परम पूज्य संतश्री गुरु गोविंद वल्लभदास जी महाराज, परम पूजनीय शिरोमणी श्री श्री 1008 पंडित श्री हरजी भाटी के गादीपति, पंडित जी ढाणी के रूपदास जी महाराज, पशुपालन, डेयरी एवं देवस्थान विभाग के केबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत, श्रीयादे माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलाद राय टाक, भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष चंपालाल गेदर ने बतौर मेहमान के रूप में शिरकत की। इस दौरान समाज के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाले समाजसेवियों को सम्मानित किया गया।

# गौशाला में सत्संग भवन का शिलान्यास

**जयपुर।** श्री गौ सेवा संकीर्तन मंडल प्रताप नगर सांगानेर के तत्वावधान में टोंक रोड सांगानेर स्थित श्री पिंजरापोल गौशाला परिसर में सत्संग भवन के निर्माण के लिए शिलान्यास किया गया।

महामंत्री शिवरतन चितलंगया, रमेश नइवाल, रामावतार लकड़ा, जुगल जैन, कानाराम माली, कैलाश जांगिड़, ओम प्रकाश यादव, सत्यनारायण कूलवाल, जगन्नाथ प्रजापत, राधेश्याम चांदना, बाबूलाल अग्रवाल, रमेश कूलवाल की उपस्थिति में वेद मंत्रोंचार के साथ पं. ऋषि राज शर्मा ने शिलान्यास के कार्य को संपादित करवाया।

श्री गौ सेवा संकीर्तन मंडल लगभग 12 वर्ष से नियमित प्रभात फेरी और सत्संग के माध्यम से धर्म जागरण का कार्य कर रहा है।

# पांच नकबजन चढ़े पुलिस के हत्थे

**जयपुर।** विद्याधर नगर थाना पुलिस ने पांच नकबजनों को पकड़ा है। पुलिस ने गिरोह के सदस्यों से पूछताछ कर चोरी का माल बरामद करने का प्रयास शुरू कर दिया है। बदमाशों ने आरएसईबी से रिटायर्ड अधिकारी के मकान में चोरी की थी।

पुलिस के अनुसार आरएसईबी से रिटायर्ड एक अधिकारी के मकान को चोरों ने 29 मई को निशाना बनाकर लाखों रुपए के जेवरात व नगदी पार कर ली। मामला दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की। इस मामले में डीएसटी और विद्याधर नगर थाना पुलिस ने आरोपी अभि उर्फ गुजराती, जितेन्द्र उर्फ जीतू उर्फ मूर्ति, सन्नी सक्सैना, अभिषेक धीरूभाई परमार एवं विष्णु नायडू को गिरफ्तार किया है।

- **आरएसईबी से रिटायर्ड अधिकारी के घर को बनाया था निशाना**
- **आरोपी गुजरात तमिलनाडु और जयपुर के रहने वाले हैं**

आरोपी गुजरात तमिलनाडु और जयपुर के रहने वाले है। आरोपी पूर्व में भी नशा पूर्ति के लिए दर्जनों वारदातों को अंजाम दे चुके है। गिरोह अब तक जयपुर में दर्जनों नकबजनी की वारदातों को अंजाम दे चुका है। पुलिस ने बदमाशों की धरपकड़ के लिए घटना स्थल और उसके आस-पास के करीब 50 से अधिक सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले थे।

# गौमाता को छप्पन भोग जिमाए

**जयपुर।** गीता परिवार के सेवा प्रकल्प की ओर से दुर्गापुरा गौशाला में गौ माता भोग छप्पन भोग का प्रसाद लगाया गया। छप्पन भोग के प्रसाद में कई तरह की मिठाइयां, सूखे मेवे, 22 प्रकार के दलिया एवं विभिन्न प्रकार की कच्ची सब्जियां और फल इ थे। प्रारंभ में गौमाता का पूजन कर आरती की गई। इसके बाद करीब 1500 किलो प्रसाद गौ माता को अर्पित किया गया। बड़ी संख्या में गीता परिवार के साधक उपस्थित रहे। गौ माता को भगवन नाम का कीर्तन भी सुनाया। गीता परिवार सेवा प्रकल्प के प्रमुख सुनील बठीजा ने बताया कि प्रत्येक माह जरूरतमंद गौशाला में गौ सेवा की जाएगी। अन्य सेवा प्रकल्प भी चलाए जाएंगे। इसी माह सरकारी स्कूलों के बच्चों को कोर्स की पुस्तक तथा बैग इत्यादि वितरित करने की भी योजना है।

# बाइक सवार दो बदमाशों ने दो महिला के गले से सोने की चेन तोड़ी

**जयपुर।** शहर में बाइकर्स गैंग का आतंक बना हुआ है। बदमाश दो महिलाओं के गले पर झपट्टा मारकर सोने की चेन तोड़कर ले गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

विद्याधर नगर थाना इलाके में बाइक सवार दो बदमाश एक महिला के गले पर झपट्टा मार कर सोने की चेन तोड़कर ले गए।

पुलिस के अनुसार मेटल कॉलोनी अम्बाबाडी निवासी कमलेश कुमार ने मामला दर्ज करवाया कि मेरी मामी के गले पर झपट्टा मारकर बाइक सवार दो बदमाश सोने की चेन तोड़कर ले गए। यह घटना एडब्ल्यूएचओ रोड की है। महिला की सोने की चेन करीब दो तोले की बताई जा रही है।

- **घटना एडब्ल्यूएचओ रोड की है। महिला की सोने की चेन करीब दो तोले की बताई जा रही है**

पुलिस ने मामला दर्ज कर घटना स्थल और उसके आस-पास के सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है।

वहीं दूसरी घटना में जवाहर नगर थाना इलाके में भी बाइक सवार दो बदमाश एक युवती के गले पर झपट्टा मारकर सोने की चेन तोड़कर ले गए। पुलिस के अनुसार जवाहर नगर निवासी कुलदीप ने मामला दर्ज करवाया कि उसकी भतीजी किसी काम से बाजार गई थी। जैन मंदिर के पास पीछे से आए बाइक सवार दो बदमाश उसकी भजीती के गले पर झपट्टा मारकर सोने की चेन तोड़कर ले गए। बदमाशों ने चेहरे पर तौलियां बांध रखा था।

# जन्म-तप कल्याणक मनाया

**जयपुर।** जैन धर्म के सातवें तीर्थंकर भगवान सुपाश्र्वनाथ का जन्म एवं तप कल्याणक शनिवार को भक्तिभाव से मनाया गया। जन्म एवं तप कल्याणक श्लोक का उच्चारण करते हुए अघ्र्य अर्पित किए गए। आगरा रोड पर श्री पाश्र्वनाथ दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र चूलगिरी, मोती सिंह भोमियों का रास्ता स्थित श्री दिगम्बर जैन मंदिर चौबीस महाराज, श्री दिगम्बर जैन मंदिर जीऊ बाईजी,तारों की कूंट पर सूर्य नगर स्थित श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, दुर्गापुरा के श्री दिगम्बर जैन मंदिर चन्द्र प्रभजी, दिल्ली रोड पर जयसिंहपुरा खोर दिगम्बर जैन मंदिर तथा सांगानेर के संघीजी दिगम्बर जैन मंदिर सहित अन्य मंदिरों में विशेष धार्मिक आयोजन हुए।

# राहगीरों को आमरस वितरण किया

**जयपुर।** पानीपेच स्थित टीम 39 जहां चाह वहां राह जन कल्याण ट्रस्ट द्वारा निर्जला ग्यारस के उपलक्ष्य में पानीपेच तिराहे पर आमरस वितरण किया गया। टीम 39 के प्रधान ट्रस्टी विष्णु बियानी व मीडिया प्रभारी मनीष केडिया ने बताया कार्यक्रम में 3500 ग्लास आमरस वितरण किया गया । कार्यक्रम में टीम 39 के सदस्य द्वारका प्रसाद जांगिड़,अतुल अग्रवाल, रईस खान, राजेश राजोरिया, नेतराम काका, लोकेश बागड़ा, ट्विंकल वर्मा, मुकेश टांक, जितेश सोनी अन्य कई गणमान्य लोगों ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

# अपहरण कर नाबालिग लड़की से दुष्कर्म

**जयपुर।** मुहाना थाना इलाके में अपहरण कर एक नाबालिग लड़की से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। मिलने के बहाने धोखे से आरोपी परिचित ने नाबालिग को बुलाया था। दोस्तों की मदद से अपहरण कर नाबालिग के साथ आरोपी ने दुष्कर्म किया। मुहाना थाने में नाबालिग पीड़िता ने आरोपी व उसके दोस्तों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई है। मामले की जांच एसीपी मानसरोवर आदित्य काकड़े कर रहे हैं।

पुलिस ने बताया कि मुहाना की रहने वाली 16 वर्षीय लड़की ने परिचित सहित चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई है। आरोप है कि परिचित होने के कारण आरोपी से उसकी बातचीत होती रहती थी। 30 मई को आरोपी ने मिलने के बहाने उसे धोखे से घर के पास बुलाया। मिलने आने पर अपने दोस्तों की मदद से नाबालिग लड़का का अपहरण कर ले गया। अपहरण कर ले जाकर आरोपी परिचित ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म किया। डरा-धमकाकर उसको छोड़कर आरोपी फरार हो गए। हिम्मत करके नाबालिग पीड़िता ने परिजनों को आपबीती सुनाई। इसके बाद मुहाना थाने में नाबालिग पीड़िता ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया।

# लिफ्ट देकर युवक से 90 हजार लूटे

**जयपुर।** शिवदासपुरा थाना इलाके में लिफ्ट देकर एक युवक को लूटने का मामला सामने आया है। युवक के साथ कार सवार तीन बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया है।

पुलिस के अनुसार कोथून चाकसू निवासी कुलदीप चौधरी ने मामला दर्ज करवाया कि वह अपने घर जाने के लिए कुंभा मार्ग पर बस का इंतजार कर रहा था इसी दौरान एक कार आकर रुकी। गाडी में बैठे तीन युवकों ने उसे कोथून छोड़ने की बात कहीं। इस पर पीड़ित गाडी में बैठ गया। बीच रास्ते में आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की और उससे 90 हजार रुपए, मोबाइल, पर्स सहित अन्य सामान छीन लिए। इस पर पीडित ने घर पहुंच कर परिजनों को आपबीती बताई। इसके बाद परिजन थाने पहुंचा और मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर घटना स्थल और उसके आस-पास के सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है।

# 'जयपुर डेयरी जल संरक्षण में बना रही मिसाल'

**जयपुर।** राज्य सरकार द्वारा संचालित ''वंदे गंगा जल संरक्षण ,जन - अभियान'' के अंतर्गत जयपुर जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ (जयपुर डेयरी) में वृक्षारोपण एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य जल संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता को बढ़ाना रहा।

इस कार्यक्रम में राजस्थान कोऑपरेटिव डेयरी फेडरेशनकी प्रशासक एवं प्रबंध संचालक श्रुति भारद्वाज, जयपुर डेयरी के अध्यक्ष ओम प्रकाश पूनिया और प्रबंध संचालक मनीष फौजदार ने सामूहिक रूप से जयपुर डेयरी परिसर में पौधारोपण कर अभियान की शुरुआत की। इस अवसर पर बूथ संचालकों और सरस मित्रों को तुलसी के पौधे भेंट किए गए। पौध वितरण करते हुए मुख्य अतिथियों ने सभी से आग्रह किया कि वे 5 जून से 20 जून तक चलने वाले वंदे गंगा अभियान में सक्रिय रूप से भाग लें तथा जल और पर्यावरण संरक्षण के संदेश को जन-जन तक पहुँचाएं।

श्रुति भारद्वाज ने अपने उद्बोधन में कहा कि जयपुर डेयरी जल संरक्षण के क्षेत्र में जिस प्रतिबद्धता और नवाचार के साथ कार्य कर रही है, वह अन्य सभी जिला संघों के लिए एक अनुकरणीय उदाहरण है। उन्होंने जल संरक्षण हेतु डेयरी द्वारा अपनाई गई तकनीकों, संसाधन प्रबंधन और सामुदायिक भागीदारी की विशेष सराहना की।

प्रबंध संचालक मनीष फौजदार ने जानकारी दी कि जयपुर डेयरी, राजस्थान की पहली ऐसी डेयरी इकाई है, जिसे भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय द्वारा ''नेशनल वाटर अवार्ड 2024'' के बेस्ट इंडस्ट्री कैटेगरी में शॉर्टलिस्ट किया गया है। मंत्रालय के अधिकारियों ने हाल ही में डेयरी का दौरा कर जल संरक्षण से संबंधित प्रयासों की सराहना की है।

# पार्ट टाइम जॉब देने के बहाने महिला से सवा दो लाख ठगे

**जयपुर।** गांधी नगर थाना इलाके में पार्ट टाइम जॉब देने के बहाने सोशल मीडिया पर लिंक भेजकर एक महिला से सवा दो लाख रुपए ठगने का मामला सामने आया है।

पुलिस के अनुसार राजेंद्र मार्ग बापू नगर निवासी टीना अग्रवाल ने मामला दर्ज करवाया कि उसके पास ऑनलाइन पार्ट टाइम जॉब को लेकर सोशल मीडिया पर मैसेज आया। मैसेज पर लिंक करते ही उसे एक कॉल आया। कॉल करता ने उसे एक टारगेट दिया।

टारगेट पूरा करने पर उसे मुनाफा राशि दी गई। इसके बाद उसे लगातार नए नए टास्क दिए गए। इस प्रकार ठगों ने महिला से सवा दो लाख रुपए ठग लिए। इस पर पीडिता ने थाने पहुंच कर मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# आर.सी.डी.एफ. एम.डी. श्रुति भारद्वाज को अचीवर ऑफ द ईयर अवार्ड

**जयपुर ।** राजस्थान को-ऑपरेटिव डेयरी फैडरेशन (आरसीडीएफ) की प्रशासक और प्रबन्ध संचालक श्रुति भारद्वाज को अचीवर ऑफ द ईयर अवार्ड से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान जयपुर स्थित होटल हॉलीडे इन में शनिवार को आयोजित ग्रीन एनर्जी कांक्लेव-2025 के दौरान ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर द्वारा प्रदान किया गया।

- **आरसीडीएफ को वित्तीय वर्ष 2024-25 में रिकॉर्ड लाभ, रिकॉर्ड टर्नओवर और ग्रीन एनर्जी के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए मिला अवार्ड**
- **ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने किया अवार्ड से सम्मानित**




**प्रबन्ध संचालक श्रुति भारद्वाज को अचीवर ऑफ द ईयर अवार्ड से सम्मानित किया।**

श्रुति भारद्वाज को यह अवार्ड उनके नेतृत्व में आरसीडीएफ को वित्तीय वर्ष 2024-25 में रिकॉर्ड 400 करोड़ से अधिक का लाभ अर्जित करने, टर्नओवर 10,000 करोड़ तक पहुँचने और ग्रीन ऊर्जा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए दिया गया है। आरसीडीएफ को पिछले वित्तीय वर्ष में हुआ लाभ और टर्नओवर फैडरेशन की स्थापना के 47 वर्षों में सर्वाधिक है। श्रुति भारद्वाज ने इस अवार्ड को राज्य भर के दुग्ध उत्पादकों को समर्पित किया है।

इस अवसर पर विधायक कालीचरण सराफ, गोपाल शर्मा, बालमुकुंद आचार्य और कैलाश वर्मा भी उपस्थित थे। ग्रीन एनर्जी कॉनक्लेव में जिला कलेक्टर जितेन्द्र कुमार सोनी, राजस्थान विधुत प्रसारण निगम के प्रबंध संचालक नथमल डिटेल, राजस्थान ऊर्जा रिन्यूअल कमीशन के चेयरमैन डॉ राजेश शर्मा, राजस्थान सोलर एसोसिएशन के अध्यक्ष सुनील बंसल सहित गणमान्य अतिथि उपस्थित थे।

# वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित

**जयपुर ।** वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत शनिवार को रमा चौपडा, जिला प्रमुख एवं प्रतिभा वर्मा, मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद जयपुर की उपस्थिति में पंचायत समिति मुख्यालय ग्राम कंवर का बास गौशाला में स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्थानीय गौशाला, पशु चिकित्सालय, दुग्ध संघ में आयोजित कार्यक्रम में झाडू निकालकर साफ-सफाई की गई एवं गायों को हरा चरा व गुड खिलाया गया तथा गौशाला में पेड़ लगाये गये, पशुओं की खेली एवं ठांन की साफ-सफाई की गई। अभियान अंतर्गत पक्षियों के लिये परिंडें लगाये गये एवं पक्षियों को चुगा डाला गया तथा उपस्थिति ग्रामीणों के समक्ष वंदे गंगा - जल संरक्षण जन अभियान की संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें जल संरक्षण एवं वंदे गंगा अभियान में आयोजित की जाने वाली गतिविधियों के बारे में जानकारी दी गई।

- **जिला प्रमुख रमा चौपड़ा ने कंवर का बास गौशाला में की सफाई, बांधे परिंडे**
- **कर्मभूमि से मातृ भूमि अभियान के तहत संगोष्ठी का भी किया गया आयोजन**



**अभियान के अंतर्गत पक्षियों के लिये परिंडें लगाये।**

इस दौरान ब्लॉक स्तरीय कर्मभूमि से मातृ भूमि अभियान की संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया।जिसमें ब्लॉक स्तर पर धार्मिक व्यक्तियों एवं स्थानीय दानदाताओं को सूचीबद्ध कर जल संरक्षण जन अभियान की गतिविधियों एवं कर्मभूमि से मातृभूमि अभियान के तहत जनसहभागिता एवं भामाशाहों के माध्यम से किये जाने वाले कार्यों एवं अभियान पर चर्चा की गई। कार्यशाला में ग्राम पंचायत दुर्जनियावास के सरपंच एवं ग्राम पंचायत फतेहपुरा सरपंच के द्वारा मौके पर ही 4 भामाशाहों को प्रेरित कर उक्त कार्य शीघ्र पूर्ण करवाने हेतु आश्वस्त किया गया। साथ ही, अन्य जल संरचनाओं के लिये भी जन सहयोग प्राप्त कर प्रारम्भ करवाने की घोषणा की गई। संगोष्ठी में जिला प्रमुख एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी द्वारा जल संरक्षण एवं जल संरचनाओं एवं वृक्षारोपण के महत्व एवं भविष्य में इन से होने वाली उपयोगिता के बारे में जानकारी दी गई।

संगोष्ठी में धार्मिक व्यक्तियों, जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों व भामाशाहों द्वारा उक्त गतिविधियों को निरंतर चालू रखने का भरोसा दिया एवं इस हेतु सहयोग करने का आश्वासन प्रदान किया गया। कार्यक्रम में संयुक्त निदेशक पशुपालन विभाग, विकास अधिकारी, तहसीलदार एवं अन्य ब्लॉक स्तरीय अधिकारी/कर्मचारी के साथ प्रधान महोदय, स्थानीय पंचायत समिति सदस्य दुर्जनियावास, सरपंच ग्राम पंचायत दुर्जनियावास, फतेहपुरा व अन्य जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण जन व गौशाला के पदाधिकारीगण - धार्मिक व्यक्तिगत उपस्थित होकर श्रमदान एवं गौ सेवा के साथ - साथ पौधा रोपण सहित समस्त गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लिया एवं सहयोग किया गया।

ARBIT it happens here...

राष्ट्रदूत
SUNDAY
08 June 2025
A-B



**Oceans Oceans Everywhere!**


66% of the world is covered in a blanket of rich, vibrant blue, from its depths once came all life on the Earth, and it continues to house an immense amount of life. This blanket is the world's oceans, and they serve as one of the most popular vacation spots in the world and play a vital role in the economy of countries worldwide. Across the briny deep, massive amounts of cargo cross each year, and it still serves as the primary thoroughfare for trade. World Oceans Day celebrates the ocean and the important role it plays in our lives!

#HISTORY

# Kashmiri Gate From Dara Shikoh To Thomas Metcalfe

The gate was so named because it faced north, towards the road to Kashmir.






During 1857 Mutiny, Kashmiri Gate was site of pitched battles between rebel sepoys and British troops entrenched to the north of the walled city. The double gate was finally breached and Delhi recaptured by British troops, ending the Mutiny, but scars of the event has left its indelible mark on the surviving monuments in the region.

Kashmiri Gate was one of the original gates of Mughal Emperor Shah Jahan's mid-17th century imperial capital, Shahjahanabad. The gate was so named because it faced north, towards the road to Kashmir, then a part of the Mughal Empire. The gate was located close to the river Yamuna and the region around it became a site of pleasure gardens and country houses built by the members of the royal family and courtiers. Qudsia Begum, mother of Emperor Ahmed Shah, built Qudsia Bagh, a charbagh mughal garden outside Kashmiri Gate, and Dara Shikoh, eldest son of Emperor Shah Jahan, built his palace just inside Kashmiri Gate. The Fakhr-ul-masjid was built by Kaniz-i-Fatima in memory of her husband Shujaat Khan, a nobleman in Aurangzeb's court.

Later, after the East India Company captured Delhi from the Marathas in 1803, British Residents like David Ochterlony, William Fraser and Thomas Metcalfe built their houses here. The famous Anglo-Indian soldier Colonel James Skinner built Delhi's oldest church, St. James, in this area in 1836. The Magazine, a large compound of buildings storing gunpowder and ammunition, was also located here along with the Old Customs House, which levied taxes on trade passing through Kashmiri Gate. The Lothian Cemetery was the main burial ground of the Christian population of Delhi during this period.

During the Revolt of 1857, rebel sepoys captured Kashmiri Gate, and the double bays of the gate were sealed and the bastions around it heavily fortified. The British troops maintained steady bombardment on the bastions, gates and walls around Kashmiri Gate from their vantage position on the Ridge. After four months of siege, the gate was breached in a daring raid on 14th September 1857. This region witnessed intense fighting and one of the heroes of the British seige, Brigadier-Major John Nicholson, was mortally wounded and later buried in Nicholson's Cemetery. Much of Qudsia Bagh was destroyed during the siege and the Magazine was almost completely blown up after a heroic defence. Kashmiri Gate also suffered extensive damage and was left in its ruined state as a symbol of the Mutiny.

In the later half of the 19th century, Old St. Stephen's College, General Post Office, Bengali Club and Kashmiri Gate Market were established in the region around the Gate, and the British developed a new residential area, Civil Lines, further north of Kashmiri Gate outside the walled city. In 1864, construction of the Old Delhi Railway Station brought the first railways to the city, connecting it with Kanpur, Allahabad and Calcutta. Post-independence, the area around Kashmiri Gate became a major transport hub with the construction of the Interstate Bus Terminal, and later, the Kashmiri Gate Metro Station.



# All That Is Good About C P

PART:4



My elder sister and I would visit 'Panditji's' bookshop on Irwin Road in the early '50s to borrow books. Later on, the shop moved to Shankar Market where it still operates from. The rate was four annas a book, returnable in a week! Panditji's real name was Ram Gopal Sharma and he was a short rotund man who wore a Gandhi topi. He had a quick turn of phrase and would suffer no fools! I continued borrowing books from him till the early '60s and my younger siblings followed the tradition.

#GROWING UP IN CP

● LALIT NIRULA

D-Block, Connaught Place, located in the inner circle, was a fascinating place to grow up in. Our neighbours included Odeon cinema, Snowhite dry cleaners, S.M.G. Beaty, Ramchander and Sons and Bata, among other well-known shops of the time.

One of our favourite treats was to go to Bengali Market to Bhim Sain's shop and stand next to an opening on the side to eat gol gappas, except during the monsoon when we were forbidden to have any street food. After Shankar Market came up, the best alu tikkis were available from a vendor who made them fresh, sitting in the verandah.

From a very young age, Hanuman Mandir was a popular place to go on Tuesdays when there was also a weekly bazaar there. My elder sister would buy bangles and parandis and I would look at the interesting shops and people, including the fortune-teller, who used sparrows to select cards which answered your questions. The market had no electric lighting and all the luminescence came from smoky kerosene lamps. It was a magical place with hustle and bustle, lot of colour and textures and glittering products. Another popular place to visit was Jantar Mantar with its astronomy instruments, made out of large brick structures set in a park which provided great places for playing hide and seek! My elder sister and I would visit 'Panditji's' bookshop on Irwin Road in the early '50s to borrow books. Later on, the shop moved to Shankar Market where it still operates from. The rate was four annas a book, returnable in a week! Panditji's real name was Ram Gopal Sharma and he was a short rotund man who wore a Gandhi topi. He had a quick turn of phrase and would suffer no fools! I continued borrowing books from him till the early '60s and my younger siblings followed the tradition. The three main bookshops in CP that I visited were B.D. Galgotia, Rama Krishna and Sons and New Book Depot, located next to each other in B-Block. Rama Krishna had books not only on shelves but in stacks on the floor. It dealt with more serious stuff, which, at the time, I was not interested in. I had little money and preferred the other two shops as I could read their hard bound comics till I was shooed away by the staff. In my college days, I started visiting another interesting bookshop in Shankar Market called Piccadilly, which had fascinating books on sociology, religion and spiritual subjects and was, in the late '60s and '70s, frequented by hippies who were looking to give a new meaning to their lives.





The best movie halls in Delhi were in CP and the favourite recreational activity of many at a time when there was no TV and very few options for entertainment. There were four movie halls, Odeon (right around the corner from my home), Plaza, Regal and Rivoli. As a teenager, my desired quota was one movie a week and that depended on my pocket money. Tickets ranged from a low of 12 annas to a high of three rupees and 12 annas. One of the earliest movies I remember seeing was 'Bud Abbot and Lou Costello meet Frankenstein.' All I remember of it is that I spent half the time (which was whenever Frankenstein appeared on the screen) hiding my face on the seat!





The best dance schools in New Delhi were in the CP area, including one for ballroom dancing. As a little child, I would reluctantly accompany my sister to her school, Sangeet Bharati on the first floor of G-Block, where she learned kathak and I vividly remember the sound of bells on the anklets of the girls. There were three well-known shops for haircare in the CP area, Roy and James, Tawar and Susan, and A.N. John & Co. where people got their hair cut in individual cubicles. Tawar, known as 'Chuttan' to us, came to our home once a fortnight since the late '30s. It was only after he died in the 1960s that I started going to a haircutting salon.

The best shops in Delhi were located in the CP area such as Empire Stores, Hamiltons, Trevelyan and Clark, Enid's (for western dresses), Cooke and Kelvey, Kanjimull & Sons, and the two large sports goods shops, Uberoi and Pioneer Sports. Harnarain Gopinath, on the side of B-Block, sold a large variety of good quality achars (pickles) and morabbas (preserves). Next to it was Keventers which sold sweet bottled milk and other dairy products, including butter. M.R. Stores, on the corner of G-Block, was an unusual shop as it sold two very different items, hardware and knitting wool.

> Harnarain Gopinath, on the side of B-Block, sold a large variety of good quality achars (pickles) and morabbas (preserves). Next to it was Keventers which sold sweet bottled milk and other dairy products, including butter. M.R. Stores, on the corner of G-Block, was an unusual shop as it sold two very different items, hardware and knitting wool. Shops selling musical instruments were located on the outer circle on G-Block below Marina Hotel as well as on Parliament Street (Godin & Co).

Shops selling musical instruments were located on the outer circle on G-Block below Marina Hotel as well as on Parliament Street (Godin & Co). The Cottage Industries Emporium opened in a temporary barracks sort of building on Queensway (Janpath) in the early '50s and became very popular because of its large variety of well-designed and crafted handicrafts and handloom clothing available under one roof for the first time in India. Bata at D-Block and Baluja's at B-Block were there even when I was a child and that's where we went to buy shoes almost every year for school. The biggest toy shop in New Delhi, Ram Chander & Sons, was just about 40 feet away from Bata.

By the time the '50s and '60s came around, CP was the best commercial and retail centre of Delhi with all the new offices of the multinationals and airlines. Later on, when the new high-rise buildings on the connecting roads like Barakhamba Road and Curzon Road (now Kasturba Gandhi Marg) came up, its position as the commercial centre strengthened. In those days, most senior managers working in the CP area who had personal transport, would generally go back home for lunch and a quick siesta and CP would be empty with no one walking around as all shops closed for lunch. Walking in Connaught Place recently was a strange feeling as I have rarely visited it after I stopped working there just over five years ago. CP now is so changed from the magical world of my childhood and youth, it is like stepping into unknown territory. Instead of the relaxed shopping centre it was until the '70s, it has changed as has Delhi. By the 1980s, a large number of multistorey office buildings had come up both on Barakhamba Road and Curzon Road (K.G. Marg) and as life had got more competitive, all shops now remain open in the afternoons. The state emporiums have been given their own section on Baba Kharak Singh Marg (Irwin Road) and are popular with tourists. With the coming of the metro, CP is now charged with a very different energy, and like the city of Delhi, not very sure of what the future holds.

Many old restaurants have disappeared, even as more new ones have opened. Most of the movie houses have long gone and the best shops are no longer in CP. The traffic is horrendous as it has become a transit point for people travelling to different parts of Delhi. The metro has also contributed to the crowds, and eventually, I see CP becoming the biggest and best market for the growing middle class in India, compared to my childhood years when it was the exclusive shopping ground.

**Concluded.**

rajeshsharma1049@gmail.com



# Will America Actually Look For Peace In Ukraine?

Mitch McConnell (an eminent US personality), was asked, can we really afford to spend $10 to $13 billion in Ukraine? And he said don't worry, it's going to American defense contractors. It's a loan. Raise your hand if you think that that loan is never getting paid back, of course, it's not, so, why do they call it a loan? It is that they call it a loan they can impose on loan conditions and what are the loan conditions that we have to impose on the anti-Russian alliance. The unwritten message is that: "If you support Ukraine, you're going to be poor forever."

#WORLDVIEW



Maroof Raza






The war over Ukraine has entered its third year and there are many versions as to why it started and why it won't easily end, unless US can make a tidy profit from it. The recent showdown of Ukraine's President Zelensky and the US leadership in the White House was unprecedented and shocking. The end result was that America is going to stall its financial and military support for Ukraine. Having spoiled Ukraine for choice, the Biden-Trump regime now says that Kyiv must do what the US says! And if it doesn't, then the Europeans would have to pay for Ukraine's defence. This has led to the London meeting of European heads of government, who have vowed to raise their defence spending substantially. Apparently, their fear of Russia is bigger than bankruptcy!

Many of us know that having taken the Gulf countries to war in Iraq in 1990, the US made a profit from arms sales while the smaller economies are still repaying their debts. The US knows how to drag even its allies into a war and get them to pay for it! An eminent political scientist in the US, Prof John J Mearshimer says that the US pushed Russia into a conflict in Ukraine. Why? Because more countries would join NATO (fearing Russia), and here are the reasons why the US wanted the war to drag on.

The US is a military industrial complex and wants wars to service its arms industry. Much of America's influence across the world, since the world wars, is because of the wars it fought for democracies and that made a fortune by promising military aid and arms sales. Senator Robert F Keneddy (of the Keneddy clan) has now said that Russia tried repeatedly to settle their differences on terms that were very very beneficial to the US, even granted the US a major thing the US wanted, i.e, to keep the big military contractors to add new countries to NATO all the time, why doesn't that country hasn't conformance military purchases and they don't meet weapons specifications which means certain companies like Northrup Grumman and General Dynamics and Lockheed Martin all want to supply more arms to those in the NATO gravy train. This was $113 billion dollars of arms purchases. That's enough to create housing for all of the people in the US, and then we've committed another $ 24 billion since that 2 months ago; and now with the present violence, President Biden had asked for another 60 billion dollars to hand over to Ukraine, to rebuild all the things the war has destroyed. But Mitch McConnell (an eminent US personality), was asked, can we really afford to spend $10 to $13 billion in Ukraine? And he said don't worry, it's going to American defense contractors. It's a loan. Raise your hand if you think that that loan is never getting paid back, of course, it's not, so, why do they call it a loan? It is that they call it a loan they can impose on loan conditions and what are the loan conditions that we have to impose on the anti-Russian alliance. The unwritten message is that: "If you support Ukraine, you're going to be poor forever. It is most important to understand that Ukraine has to put a whole of its government's assets up for sale to multinational corporations, including all its agricultural land, the biggest single asset in Europe, which is the world's bread basket in Europe, and then in December, President Biden gave out the contract, for Ukraine's assets, which is meant to keep us hating on each other. Thank you to America's republicans and democrats, fighting each other in black, against white and all these divisions that they create." However, the shabby treatment meted out to President Zelensky, whom President Trump called a dictator, should come as a wakeup call to India. Not only will the US abandon its allies, but Washington will overlook a territorial aggression like Russia's in Ukraine (and maybe China's in Leh-Ladakh), if its acclaimed friend doesn't fall in line. Is India aware of what can follow? As it was once said: The US, like other big powers, has no permanent friends. Only its permanent interests. Tensions between Russia and China led to a short border war in 1969 until peace prevailed. Today, their story is different.



## THE WALL





## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# फायरिंग कर जानलेवा हमले के तीन इनामी आरोपी गिरफ्तार

## पुलिस की ओर से आरोपियों पर एक-एक हजार के इनाम की घोषणा की हुई थी

- रंगपुर रेलवे ओवरब्रिज पर आपसी रंजिश के चलते जानलेवा हमला किया था

**कोटा,** (निसं)। भीमगंजमंडी थाना इलाके के रंगपुर रेलवे ओवरब्रिज पर एक जने के ऊपर फायरिंग कर जानलेवा हमले के मामले में फरार चल रहे तीन इनामी आरोपियों को पुलिस गिरफ्तार किया है। पुलिस की ओर से आरोपियों पर एक-एक हजार के इनाम की घोषणा की हुई थी।

शहर पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन ने बताया कि भीमगंजमंडी क्षेत्र में 22 मई को हुई फायरिंग की घटना में आरोपियों की धरपकड़ के लिये पुलिस उप अधीक्षक गंगासहाय शर्मा के निर्देशन में भीमगंजमंडी थानाधिकारी रामकिशन गोदारा एवं रेलवे कॉलोनी थानाधिकारी रामस्वरूप मीणा के नेतृत्व में टीम गठित की गई। शहर एसपी ने बताया कि गठित टीम ने मुखबीर एवं तकनीकी सूचना के आधार पर आरोपियों के ठिकानो व रिश्तेदारों के यहां उत्तरप्रदेश के आगरा, गंगापुर इत्यादि स्थानों पर दबिश दी गई। शहर एसपी ने बताया कि पुलिस टीम ने कृष्णा बिहार रंगतलाब निवासी आसिफ गौरी (30), कामरान गौरी (28) एवं रेलवे कॉलोनी तुल्लापुरा निवासी मोहम्मद तौफिक उर्फ मिक्कू (23) को लोको कॉलोनी सक्षम केन्द्र के पास से डिटेन कर प्रकरण में गिरफ्तार किया।



पुलिस ने जानलेवा हमले के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया।

शहर एसपी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी आसिफ गौरी, कामरान गौरी एवं मोहम्मद तौफिक उर्फ मिक्कू तीनों अपराधिक प्रवृति के है। शहर एसपी ने बताया कि मामले में सामने आया कि अपराधियों के परिवारजन द्वारा रेलवे स्टेशन पर स्टॉल ले रखी है एवं फरियादी मोहम्मद उमर की भी रेलवे स्टेशन पर स्टॉल है। दोनों के बीच रेलवे स्टेशन पर वेण्डरों द्वारा डिलेवरी किये जा रहे खाने-पीने के सामान को बेचने को लेकर आपसी रंजिश चल रही थी। इसी रंजिश के चलते आरोपी ने अपने पिता मोहम्मद कलीम गौरी जिसको पूर्व में गिरफ्तार किया जा चूका है उसके साथ मिलकर योजना बनाते हुए 22 मई को फरियादी को जान से मारने की नियत से हथियारों से फायर कर जानलेवा हमला कर वारदात को अंजाम दिया। शहर एसपी ने बताया कि मामले में पकड़े गये आरोपियों से अनुसंधान जारी है साथ ही मामले में अन्य आरोपियो की तलाश की जा रही है।

शहर एसपी ने बताया कि 23 मई को फरियादी मोहम्मद उमर ने अस्पताल में पर्चा बयान दिया। शहर एसपी ने कहा कि फरियादी ने कहा कि 22 मई को रंगपुर रेलवे पुलिया के पास मोहम्मद कलीम गोरी उसके बेटे आसिफ व कामरान गोरी एवं अन्य आरोपियों ने जान से मारने की नियत से हथियारों से फायरिंग कर दी। जानलेवा हमले में वह घायल हो गया। पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया।

# हाइवे पर लूट करने वाली गैंग का मुख्य सरगना गिरफ्तार

## आरोपी के कब्जे से लूटी गई बाइक बरामद, गैंग के अन्य फरार बदमाश की तलाश जारी


**उदयपुर,** (निसं)। शहर के गोवर्धन विलास थाना पुलिस ने हाइवे पर लूट की वारदात करने वाली गैंग के मुख्य सरगना को गिरफ्तार किया है।

जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोपाल स्वरूप मेवाड़ा, पुलिस उप अधीक्षक सूर्यवीरसिंह राठौड़ के सुपरविजन में गोवर्धन विलास थानाधिकारी दिलीपसिंह झाला के नेतृत्व में गठित दल ने कार्यवाही करते हुए टाईगर बाबा-425 गैंग के मुख्य सरगना खेरवाड़ा थाने का हिस्ट्रीशिटर नितेश उर्फ कूका लिम्बात पुत्र बाबूलाल लिम्बात निवासी उपलाफला सरकारी स्कूल के पास करनाउवा थाना खेरवाड़ा को गिरफ्तार किया। इस मामले में पुलिस पूर्व में18 मई को पुलिस ने लूट के शातिर आरोपी ललित उर्फ ललिया उर्फ लाला पुत्र देवीलाल कसोटा निवासी फूफाफला सरादीत वाघपुरा को गिरफ्तार किया था, जिसने पूछताछ में गैंग टाईगर बाबा-425 के सदस्यों द्वारा गोवर्धन विलास, कल्याणपुर, टीडी, झाड़ोल व वाघपुरा क्षेत्र में दस वारदातें करना कबूल किया था। आरोपी नीतेश ने पूछताछ में लूट की चार वारदातें करना कबूल किया है, जिसके कब्जे से लूटी गई बाइक बरामद की। गैंग के अन्य फरार बदमाश अजीत पुत्र शंकरलाल खराड़ी निवासी खाटीकमदी की तलाश जारी है।

पूछताछ में आरोपी ने 22 अप्रैल को होटल चरण कमल उण्डावेला पर हरिशंकर पत्रु शंभूलाल निवासी पाटिया फला सोरा टीडी से बाइक लूट, 23 मार्च को टीडी थाना क्षैत्र हाइवे पर तलवार दिखा कर पीड़ित की पावर बाइक, वाघपुरा थाना क्षैत्र में नेनबारा रोड़ पर धरतीमाता मंदिर के पास तलवार दिखा कर बाइक लूट तथा 11 अप्रैल को कल्याणपुर पर माण्डवा घाटी ईंट भट्टों के पास तलवार दिखाकर नकदी, मोबाइल व बैग लूट की वारदात करना कबूल किया। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने बताया कि चार वर्ष पूर्व प्रवीणसिंह उर्फ टाईगर पुत्र फतेहसिंह राजपूत निवासी छातरड़ी झाड़ोल, आर्यन पुत्र बाबुलाल मीणा निवासी जाबला टीडी, जीवन उर्फ जेडी पुत्र धनेश्वर मीणा निवासी सरादीत फला आमली, दिनेश कुमार पुत्र रमेश कसोटा निवासी सरादीत झाड़ोल ने मिलकर गैंग बनाई थी। जिसका नाम टाईगर बाबा-425 रखा था एवं सोशल मीडिया एकाउन्ट भी बनाया गया, जिससे जुड़े सदस्यों ने टाईटन नेम 425 दिया जाने लगा एवं वीडियो व फोटो अपलोटड करना शुरू कर दिया, जिसको देख जुडा गैंग से जुड़ने लगे। आरोपी नितेश के खेरवाड़ा पुलिस थाने का हिस्ट्रीशिटर होकर टीडी, कल्याणपुर, गोवर्धन विलास, वाघपुरा थाना क्षैत्र में इससे पूर्व के करीब 9 अपराधिक प्रकरण दर्ज है।

# रोडवेज बस और कार की टक्कर, एक की मौत

## कार सवार परिवार जयपुर से उज्जैन जा रहा था



कोटा की दरा नाल में बस व कार की भिड़ंत में कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

**रामगंजमंडी,** (निसं)। कोटा-झालावाड़ मार्ग वन क्षेत्र में शनिवार को प्रातः तीन बजे रोडवेज बस और अर्टिका कार में जबरदस्त भिडंत हो गई। हादसे में एक जने की मौत हो गई।

प्राप्त जानकारी अनुसार ओवरटेक करने के चक्कर में झालावाड़ की ओर से आ रही रोडवेज बस से उज्जैन की ओर जा रही अर्टिगा कार में जबरदस्त भिड़ंत हो गई। कार में सवार परिवार जयपुर से उज्जैन की ओर जा रहा था। इसी बीच दरा में ओवरटेक करते समय भिड़ंत हो गई, जिससे वाहन क्षतिग्रस्त हो गये और सवारियों को भी भारी चोटें आई हैं। एक बालक के मौत होने की सूचना है। वहीं घायलों को मैत्री हॉस्पिटल कोटा में आमजन के सहयोग से पहुंचाया गया। एक्सीडेंट की सूचना पाते ही पुलिस उपाधीक्षक घनश्याम मीणा सहित थानाधिकारी मोडक भी मय जाप्ता मौके पर पँहुचे।

# ''हरियालो राजस्थान'' के दूसरे चरण में दस करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य

- पौधों की सुरक्षा के लिए हरियालो राजस्थान मोबाइल एप बनाया गया है
- ''हरियालो राजस्थान'' अभियान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का संकल्प



सीएम भजनलाल शर्मा

**जयपुर।** जीवन की दृष्टि से पर्यावरण मानव के लिए सर्वोच्च जरूरत है। जल, जंगल और जमीन तीनों उसके प्रमुख आधार हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पर्यावरण की सुरक्षा और संरक्षण को बहुत गंभीरता से लेते हुए पौधारोपण को बहुत महत्वपूर्ण माना है। 'मन की बात' कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत लोगों से अपनी मां के साथ मिलकर या उनके नाम पर कम से कम एक पौधा लगाने की अपील की। पीएम नरेंद्र मोदी ने गत वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान का शुभारंभ करते हुए नई दिल्ली के बुद्ध पार्क में पीपल का पौधा लगाया। साथ ही उन्होंने दुनियाभर के लोगों से आग्रह किया कि वे अपनी मां के साथ मिलकर अथवा उनके नाम पर एक पौधा जरूर लगाएं। यह पौधा विकसित होकर पेड़ बनेगा, यह उनकी तरफ से अपनी मां लिए एक अनमोल उपहार होगा।

प्रधानमंत्री के इस अभियान से प्रेरित होकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 'हरियालो राजस्थान' अभियान की शुरुआत की। उन्होंने पिछले वर्ष सात अगस्त को हरियाली तीज के अवसर पर दूदू के गाहोता में पीपल का पौधा लगाकर इस अभियान का शुभारंभ किया और पांच वर्षों में राज्य में 50 करोड़ तथा वर्ष 2024-25 में 7 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया।

हरियालो राजस्थान का मुख्य उद्देश्य राजस्थान को हरा-भरा बनाना और वन क्षेत्र का विस्तार करना, पर्यावरण संरक्षण और जलवायु संतुलन बनाए रखना और जैव विविधता का संरक्षण तथा वन्य जीवों के लिए बेहतर पारिस्थितिकी तंत्र तैयार करना है। मुख्यमंत्री के आव्हान पर प्रदेश में सभी विभागों ने पौधारोपण के लक्ष्य निर्धारित किए और अभियान के पहले चरण में प्रदेश में सात करोड़ पौधे लगाए गए, जो वर्ल्ड रिकार्ड बना। अभियान को आगे बढ़ाते हुए अब हरियालो राजस्थान का दूसरा चरण प्रारंभ हो रहा है और इस वर्ष दस करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य है।

पौधों की सुरक्षा के लिए हरियालो राजस्थान मोबाइल एप बनाया गया है। लगाए गए हर पौधे की निगरानी और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए इस एप के माध्यम से प्रत्येक पौधे की जियो टैगिंग की जाएगी। इस अभियान को नवाचार, आधुनिक तकनीक और जन सहभागिता के माध्यम से जनआंदोलन का रूप देने का पूरा प्रयास किया जा रहा है। अभियान के तहत लगाए जाने वाले पौधों का चयन करते समय उस क्षेत्र की जलवायु और मिट्टी की अनुकूलता का विशेष ध्यान रखा जाता है जिससे पौधों के जीवित रहने और पेड़ बनने की संभावना अधिक रहे। साथ ही पौधों की उपलब्धता समय पर सुनिश्चित करने के लिए नर्सरियों को भी पहले से तैयार रहने के निर्देश दिए गए हैं।

मुख्यमंत्री ने पौधारोपण के बाद उनकी समुचित देखभाल भी सुनिश्चित करने का आव्हान किया है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि 200 पौधे लगाने वाले को वृक्ष मित्र बनाया जाएगा। राज्य में दो हजार वृक्ष मित्र बनाए जाएंगे जिन्हें मानदेय भी दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने बताया कि हमारा लक्ष्य बहुत महान है, हमें अपने पर्यावरण को बचाना है उसे सुरक्षित करना है, इसलिए जितने उत्साह और जितनी तत्परता से हम पौधे लगा रहे हैं, उन पौधों को जीवित रखने के लिए उससे भी अधिक उत्साह, तत्परता और परिश्रम की जरूरत है।

## मुस्लिम समाज ने ईद उल अजहा मनाई

अजमेर, (कासं)। ईद उल अजहा का पर्व शनिवार को शहर सहित जिले भर में मनाया। ख्वाजा साहब की दरगाह समेत ईदगाह व मस्जिद में सजदे में सिर झुके और इबादत के उठे हाथों में देश व प्रदेश में अमन चेन खुशहाली की दुआ मांगी। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। ईद के मौके पर ख्वाजा साहब की दरगाह में आम जायरीन के लिए जन्नती दरवाजा भी खोला गया। ईदगाह पर राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों ने मुस्लिम भाईयों को ईद की मुबारकबाद दी। ईद उल अजहा के अवसर पर शनिवार को मुख्य नमाज केसरगंज स्थित ईदगाह में सुबह 8 बजे हुई, इसके साथ ही ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती की दरगाह सहित विभिन्न मस्जिदों में भी ईद की नमाज अदा की गई। शहर काजी तोसिफ अहमद सिद्दीकी ने नमाज अदा कराई।

# शेखावाटी की तरह बीकानेर की हवेलियों के लिये भी बॉयलाज बनेगा

## बीकानेर में एक दौर में 1000 से ज्यादा हवेलियां थी, जो अब घटकर 600 से 700 के बीच ही बची है

- बीकानेर प्रशासन हवेलियों के दस्तावेज तैयार करने के साथ ही उनके लिए अलग से बॉयलाज तैयार कराएगा, इससे आसानी से कोई हवेलियों के साथ छेड़छाड़ नहीं कर पाएगा

**बीकानेर,** (निसं)। शेखावाटी की हवेलियों के संरक्षण के लिए डिप्टी सीएम दीया कुमारी ने कुछ ही दिन पहले हवेलियों के संरक्षण और जीणोद्धार के लिए मीटिंग की और कहा कि झुंझुनूं, सीकर और चूरू समेत आसपास की हवेलियों का संरक्षण हो। इसी को देखते हुए बीकानेर प्रशासन ने भी बीकानेर की हवेलियों को संरक्षित करने के लिए अलग से बॉयलाज बनाने का निर्णय किया है। बीकानेर में एक दौर में 1000 से ज्यादा हवेलियां थी जो अब घटकर 600 से 700 के बीच ही बची हैं।

सरकार के मुताबिक झुंझुनू में 267, सीकर में 268 और चूरू जिले में 113 हवेलियों की पहचान की गई है। इनका एक सम्पूर्ण दस्तावेज तैयार किया जाएगा। बीकानेर प्रशासन भी यहां की हवेलियों के दस्तावेज तैयार करने के साथ ही उनके लिए अलग से बॉयलाज तैयार कराएगा। इससे आसानी से कोई हवेलियों के साथ छेडछाड़ नहीं कर पाएगा। करेगा भी तो उसे प्रशासन की अनुमति लेनी होगी। इसके साथ ही इन हवेलियों पर किसी भी तरह का कोई अतिक्रमण न हो इसके लिए भी जिम्मेदारी तय होगी। इसके लिए जिला स्तरीय हेरिटेज संरक्षण एवं संवर्धन कमेटी का भी गठन हुआ है।

निगम आयुक्त के मुताबिक हवेली रूटों को अतिक्रमण से मुक्त कराने के साथ ही यहां साफ-सफाई, सड़कों का निर्माण होगा। कोशिश होगी कि हेरिटेज वॉक हर महीने या दो महीने में एक बार कराई जाए। शहर के हेरिटेज संरक्षण एवं संवर्धन के लिए गठित जिला स्तरीय हेरिटेज कमेटी की पहली बैठक गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि की अध्यक्षता में हुई। इसमें कई मुद्दों पर चर्चा हुई। हेरिटेज रूट पर साफ-सफाई, पर्यटकों के लिए उस्ता कला आधारित स्मृति चिह्न बनाने, मोलेला आर्ट की तर्ज पर बीकानेर के मिट्टी कलाकारों के साथ नयी कलाकृति विकसित करने एवं जवाहर कला केन्द्र की तर्ज पर यहां के लोक कलाकारों एवं कारीगरों की कला प्रदर्शनी के लिए बीकानेर कला केन्द्र विकसित करने की योजना पर चर्चा हुई।

जिला कलेक्टर ने पुराने शहर के प्राचीन नक्शों को भी सरंक्षित करने की योजना बनाने के लिए कहा। कमेटी के सचिव एवं नगर निगम आयुक्त मयंक मनीष ने बताया कि हेरिटेज सेल का गठन किया जा चुका है। जिसकी देखरेख में कैमल फेस्टिवल और इस दौरान हेरिटेज वॉक का आयोजन किया गया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर निगम की झांकी, बीकानेर हेरिटेज को केन्द्र में रखकर प्रदर्शित की गई, जिसे प्रथम स्थान मिला। देशी-विदेशी पर्यटकों तक हेरिटेज वॉक की सूचना पहुँचाने के लिए रेलवे स्टेशन, एयरपोर्ट, होटल, होर्डिंग्स एवं सभी प्रमुख पर्यटक स्थलों पर ब्रांडिंग करने की योजना बनेगी। हेरिटेज के लिए उपनियम बनाए जाएंगे। हेरिटेज सेल द्वारा बीकानेर आने वाले देशी व विदेशी पर्यटकों के लिए बीकानेर के प्रमुख सांस्कृतिक एवं पुरातात्विक महत्व के स्थानों की जानकारी के लिए वेबसाइट एवं ऐप भी विकसित किया जाएगा। बीडीए हेरिटेज रूट पर साईनेज, रात्रि टूरिज्म एवं लाईटिंग का प्रबंधन करेगा।

# 25 सूत्री मांगों को लेकर शासन सचिव (शिक्षा), माध्यमिक शिक्षा निदेशक से वार्ता

**अजमेर,** (कासं)। राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के प्रतिनिधि मंडल ने प्रदेश अध्यक्ष रमेश चंद्र पुष्करणा के नेतृत्व में शासन सचिव (शिक्षा) कृष्ण कुणाल, माध्यमिक शिक्षा निदेशक आशीष मोदी और समसा के अतिरिक्त उपायुक्त से शिक्षकों की 25 सूत्री मांगों को लेकर शिक्षा संकुल जयपुर में वार्ता हुई। प्रतिनिधि मंडल में प्रदेश सभाध्यक्ष संपत सिंह, प्रदेश महामंत्री महेंद्र कुमार लखारा उपस्थित रहे।

संगठन के महामंत्री लखारा ने बताया कि शिक्षकों की प्रमुख मांगों पर वार्ता सकारात्मक रही।इसके अनुसार राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के 203 में से राज्य द्वारा 186 बिंदुओं को 40 कंपोनेंट में विभाजित करते हुए शिक्षक, विद्यार्थी, विद्यालय और शिक्षण व्यवस्था में गुणवत्ता सुधार के लिए जुलाई में कार्यशाला आयोजित कर लगभग 19500 विद्यालयों में बाल वाटिका शुरू की जाएगी। शिक्षकों के स्थानांतरण पर शासन सचिव ने मुख्यमंत्री की अनुमति मिलते ही शुरू करने की बात कही। शिक्षकों के गैर शैक्षणिक कार्यों से शिक्षण व्यवस्था पर पड़ने वाले प्रभाव को देखते हुए नए सत्र से गैर शैक्षणिक कार्यों में कमी लाई जाएगी। माध्यमिक शिक्षा में स्टाफिंग पैटर्न किए जाने पर द्वितीय श्रेणी के न्यूनतम 5 पद हिंदी, अंग्रेजी, सामाजिक विज्ञान सहित यथावत रहेंगे। प्रदेश अध्यक्ष पुष्करणा ने कहा कि सत्र 2019-20 से 2022-23 तक क्रमोन्नत विद्यालयों में पदों का आवंटन करते हुए 38000 में से 15000 पद इसी सत्र में भरे जाएंगे।

काफी समय से बकाया रिव्यु डीपीसी प्रस्तावो को नियमित डीपीसी के साथ ही तैयार करवाकर वरिष्ठ अध्यापक से व्याख्याता, व्याख्याता से उप प्रधानाचार्य और प्रधानाचार्य डीपीसी पिछले दो वर्षों की रिव्यू डीपीसी के साथ ही 15 जुलाई तक की जाएगी। एमएसीपी प्रकरणों के निस्तारण हेतु एसीआर की अनुपलब्धता की स्थिति में सेवा सन्तोषजनक प्रमाण पत्र नियमित वेतन वृद्धि प्रमाण के आधार पर स्वीकृति जारी करवाने हेतु प्रस्ताव भिजवाया गया है। विद्यालय कॉम्पोसीट ग्रांट खेल-कूद सामग्री क्रय करने/ इको क्लब की सत्र 2025-26 की राशि जुलाई माह में ही विद्यालयों के खातों में हस्तांतरित करवाने की मांग कर कहा कि केंद्र से बजट जारी होने पर यह राशि जुलाई में ही जारी की जाएगी। प्रदेश के शिक्षकों को ऑनलाइन कार्य हेतु 80000 टैबलेट पीसी और इंटरनेट सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इस अवसर पर प्रदेश संगठन मंत्री घनश्याम, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रवि आचार्य, महिला मंत्री डॉ. अरुणा शर्मा, प्रदेश अतिरिक्त महामंत्री योगेश कुमार शर्मा, कोषाध्यक्ष कैलाश कच्छावा सहित प्रदेश कार्यकारिणी के समस्त पदाधिकारीयों ने वार्ता पर खुशी जताते हुए शिक्षक हित में बताया।

# नर्सिंगकर्मियों की मांगों को लेकर विधायक धरने पर बैठे


- मेडिकल कॉलेज अस्पताल से हटाए गए नर्सिंगकर्मी भी धरने पर बैठे
- 100 कर्मचारियों को नौकरी से हटाया, भर्ती में 1.5 लाख रुपए लेने का आरोप

**डूंगरपुर,** (निसं)। कांग्रेस विधायक गणेश घोघरा शनिवार को कलेक्टर आवास के सामने गेट पर धरने पर बैठ गए। विधायक के साथ ही मेडिकल कॉलेज अस्पताल से हटाए गए नर्सिंगकर्मी भी धरने पर बैठे। विधायक ने बिना नोटिस के नर्सिंगकर्मियों को हटाने पर आक्रोश जताया। विधायक ने नर्सिंगकर्मियों की भर्ती के नाम पर उनसे एक से डेढ़ लाख रुपए की अवैध वसूली के आरोप लगाए। विधायक के धरने की खबर के बाद कोतवाली पुलिस और जाब्ता मौके पर पहुंच गया।

जानकारी के अनुसार श्रीहरिदेव जोशी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में लीड प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से लगाए गए करीब 100 नर्सिंगकर्मियों को पिछले दिनों हटा दिया गया। ये सभी नर्सिंगकर्मी पिछले ढाई साल से अस्पताल में ड्यूटी दे रहे थे, लेकिन राजमेस से संचालित प्रदेश के सभी मेडिकल कॉलेज में यूटीबी पर नई भर्ती के बाद प्लेसमेंट एजेंसी के कार्मिकों को हटा दिया गया है। ऐसे में प्लेसमेंट एजेंसी के कार्मिकों उन्हें यथावत रखने की मांग कर रहे हैं।

हटाए गए नर्सिंगकर्मी रविवार को विधायक गणेश घोघरा के क्वार्टर पर पहुंचे, जहां विधायक को पूरे मामले में जानकारी दी। इसके बाद विधायक से समर्थन मांगा। जिस पर विधायक गणेश घोघरा नर्सिंग कर्मियों के साथ ही कलेक्टर आवास पहुंच गए। विधायक गणेश घोगरा ने नर्सिंगकर्मियों के साथ कलेक्टर निवास के बाहर धरना दिया। विधायक गणेश घोगरा ने एजेंसी, मेडिकल कॉलेज प्रिंसिपल और कुछ भाजपा नेताओं पर डेढ़-डेढ़ लाख रुपए लेकर नए नर्सिंगकर्मियों को लगाने के गंभीर आरोप भी लगाए। उन्होंने कहा कि पुराने नर्सिंगकर्मियों ने डेढ़-डेढ़ लाख रुपए देने से मना कर दिया, जिस पर एजेंसी, मेडिकल कॉलेज प्रिंसिपल और कुछ भाजपा नेताओं ने कांग्रेसराज में लगे नर्सिंगकर्मियों को हटा दिया। वहीं, पैसे देने वाले अन्य नर्सिंगकर्मियों को लगा रहे हैं। विधायक ने कहा कि पीड़ित नर्सिंगकर्मी पिछले ढाई साल कम मानदेय में काम कर रहे थे। 3 साल पूरे नहीं होने से उन्हें अनुभव व बोनस अंक भी नहीं मिल पाएंगे। इसके बाद कलेक्टर गेट पर आए। विधायक गणेश घोगरा ने कलेक्टर को ज्ञापन देकर मामले की जांच करवाते हुए पीड़ित नर्सिंगकर्मियों को न्याय दिलाने की मांग की है।

# वैन व नकली सरस घी जब्त




सरवाड़ पुलिस ने वैन व सरस घी जब्त किया।

**सरवाड़,** (निसं)। सरवाड़ पुलिस कार्रवाई करते हुए सरल घी को जब्त कर लिया। अजमेर डेयरी के कर्मचारियों को सूचना मिलने पर सरवाड़ पुलिस को सूचना दी गई। वहीं एक व्यक्ति द्वारा वैन में सरस डेयरी घी नकली बेचने के लिए आया हुआ था। जब इसकी सूचना अजमेर डेयरी को दी गई कि केकड़ी से सरवाड़ की और वैन आ रही है। तत्पश्चात अजमेर डेयरी के अधिकारियों द्वारा सूचना सरवाड़ थाने में दी गई। सरवाड़ थाने के बाहर नाकाबंदी की गई। वहीं नाकाबंदी के दौरान वैन को रोका गया और पूछताछ की गई वही गाड़ी में नकली सरस घी पांच-पांच लीटर की पीपी एवं 500 ग्राम के पांच कार्टून मिले तथा गाड़ी में 60 लीटर नकली सरस घी मिला। जानकारी के अनुसार जब गाड़ी चला रहे युवक से पूछताछ की गई तो उसने बताया कि सतवीर गुर्जर पुत्र श्रवण गुर्जर निवासी गुढ़ा नारेली अजमेर का रहने वाला बताया जो कि अजमेर डेयरी का नाम सरस मोनोग्राम एवं मार्का सीरियल नंबर मोनोग्राम व बैच नंबर साहित अन्य का नकली निकले। वहीं फर्जी तरीके से उपयोग कर पांच लीटर की पैकिंग करते हुए नकली घी का कारोबार कर आमजन के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ व धोखाधड़ी करते हुए अजमेर डेयरी की व्यवसायिक प्रतिष्ठा तथा व्यापार को नुकसान पहुंचाया जा रहा है तथा आमजन व उपभोक्ताओं के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। इस पर सरवाड़ पुलिस कार्रवाई करते हुए सरल घी को जप्त कर लिया।





## किसानों की समस्याओं पर चर्चा

**निवाई।** किसान महापंचायत की प्रदेश स्तरीय बैठक राष्ट्रीय अध्यक्ष रामपाल जाट की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिसमें निवाई के प्रतिनिधिमंडल ने क्षेत्र में व्याप्त किसानों की समस्याओं पर चर्चा की। ब्लॉक अध्यक्ष दशरथसिंह चौहान ने बताया कि किसानों की समस्याओं के

# पावटा में खुदा की बारगाह में हजारों सिर एक साथ झुके

- जुटे मुस्लिम समाज के सैकडों लोग
- पुलिस और प्रशासन के दिखे पुख्ता इंतजाम
- नमाज़ अदाकर देश में अमन चैन ओर खुशहाली की मांगी दुआए

**पावटा।** त्याग और बलिदान का पर्व ईद-उल-अजहा उपखंड पावटा सहित आस पास के क्षेत्रों में धूमधाम व अकीदत के साथ मनाया गया । इस दौरान इस दौरान पावटा, प्रागपुरा कस्बे सहित आस पास के क्षेत्रों मे ईदगाह व स्थानीय मस्जिदों में नमाज का एहतमाम किया गया। बारगाहे इलाही में हजारों सर झुके। पावटा कस्बा स्थित मस्जिद मे मुफ्ती मोहम्मद असलम की अगुवाई में सुबह 7.30 बजते ही ईद-उल-अजहा की विशेष नमाज अदा करते हुए खुदा की बारगाह में हजारों सिर एक साथ झुके। वही प्रागपुरा वक्फ बोर्ड सदर आमीन मंसूरी के नेतृत्व में कस्बे के मुख्य बाजार स्थित शाही जामा मस्जिद, राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित गोस्या मस्जिद और फकीरों की कॉलोनी स्थित बिसिमिल्ला मस्जिद में विशेष नमाज अदा की गई। पावटा सहित आसपास के ठाामीण क्षेत्र में भी मस्जिदों में ईद-उल-अजहा की नमाज अदा की गई। नमाज अदा करने के बाद खुदा की बारगाह में हाथ उठा कर देश मे अमन चैन और भाईचारे की दुआ मांगी गई।नमाज के बाद नमाजियों ने गले मिल, मुसाफा कर एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी। वही घरों में ख्वातीन



पावटा में नमाज़ के बाद सभी धर्मों के लोगों से मिलकर मुबारकबाद दी

मेहमानों की आवभगत करने में मशगूल नजर आई तो वहीं नन्हें बच्चे नये परिधान पहने ईद की खुशियों से लबरेज नजर आए।

मौलाना इब्राहिम ने बताया कि इस त्यौहार का मुख्य उद्देश्य लोगों में जनसेवा और रज़ाए इलाही हासिल करना है। कुर्बानी के बाद उसको तीन हिस्सों में बांटा जाता है। इसमें से एक हिस्सा गरीबों में दान किया जाता है, जबकि दूसरा हिस्सा दोस्तों और रिश्तेदारों को दिया जाता है। बचे हुए आखिरी हिस्से को परिवार में रखा जाता है। वही इस दौरान पुलिस और प्रशासन के पुख्ता इंतजाम भी नज़र आये। इस अवसर पर शाही मस्जिद पावटा कमेटी व इंतजामिया कमेटी पावटा से सदर लाला लोहार, यासीन रंगरेज, हाजी इस्लामुद्दीन, शकील खान, रहीस लुहार, नवाब खान, फिरोज खान, चिराग खान, अकरम खान, सिराजुद्दीन कुरेशी, यासीन लीलगर इस्माईल शाह, हाजी कदर, मुराद अली हाजी, इस्लामुद्दीन, मौलाना इब्राहिम, हाजी रज़्ज़ाक, रुस्तम लोहार, चिरागुद्दीन, जाकिर साह, सिराजुद्दीन मनियार, मोहम्मद रहीस गौरी, सिराज मणियार, शशि मणियार, हाजी पप्पू, अलीमुद्दीन, मंसूरी मुराद अली, यासीन, हाजी रज्जाक, अलमु, अकरम,वक्फ बोर्ड सदर आमीन मंसूरी, अयुब लोहार, पप्पू लुहार, लल्लू खां भिस्ती, समीर लुहार, वहिद खान, महबूब सिक्का, रीजवान कुरेशी, अल्लार खां, सद्दाम हुसैन, रमजान जिंदरान, शहिद लुहार, नूरद्दीन, अहिद, रफीक, खुर्सीद, इरफान, सोहिल, चिक्कू खां, असलम खान बटियारा, सोहिल खान, कय्यूम कुरेशी, इकबाल शाह, सराज कुरेशी, सलमान जिंदरान, जुबेर खान, आबिद कुरेशी, मोहम्मद आसिफ, शाहरुख कुरेशी, हुसैन, अमन खान, मोहसिन खान, हनिफ तेली सहित मुस्लिम समुदाय के लोग मौजूद रहे।

# समाज की प्रतिभाएं सम्मानित

**चाकसू ।** सावित्री बाई फुले पुस्तकालय स्थल मोहल्ला मोडापाडा, चाकसू पर कमल कुमार सैनी को स्कूल शिक्षा, प्राचार्य पद पर पदोन्नित एवम् सीताराम माली को राजनीतिक विज्ञान में . उपाधि प्राप्त करने पर सैनी (माली) समाज कर्मचारी/अधिकारी विकास संस्था, उपशाखा, चाकसू एवम् महात्मा ज्योतिबा फुले सेवा संस्थान चाकसू के तत्वाधान में संचालित सावित्रीबाई फुले पुस्तकालय में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

कर्मचारी व भामाशाह तथा समाज बन्धुओं द्वारा मुंह मीठा करवाकर राजस्थानी रिवाज में माला साफा पहनाकर एवम् ज्योतिबा फुले दंपति की तस्वीर से सम्मान करते हुए शुभकामनाएं प्रेषित की गई।

सम्मान समारोह में सैनी समाज कर्मचारी विकास संस्थान उपशाखा चाकसू के अध्यक्ष सत्यनारायण तंवर, रामगोपाल तंवर, छीतर मल सरसवाल, सोहन लाल नैनावा, दीपक ढल्लीवाल, विजेंद्र टांक, धर्मराज मली का मावर, प्रीतम मोर्या जादम, खेमराज राजकच्छावा, रामस्वरूप अजमेरा सहित सामाजिक भामाशाह विनोद मली का मावर, पूरण मल तंवर, शंकर चूलीवाल, राकेश टांक सहित कई समाज बंधु तथा विधार्थी एवम् अभ्यर्थियों की उपस्थिति रहे। सम्मान समारोह के दौरान कमल कुमार सैनी, प्राचार्य एवम् डॉक्टर सीताराम सैनी ने पुस्तकालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों को लगन से मेहनत करने एवम् समर्पित भाव से अध्ययन करने पर ही सफलता प्राप्त होने का संदेश दिया। एवम् विधार्थी जीवन को बिना फल की आशा करे ही अपने लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए अपने कर्म पर ध्यान देने के लिए कहा।

## शपथ दिलाई

**श्रीमाधोपुर ।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय अजीतगढ़ में चल रहे राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड स्थानीय संघ अजीतगढ़ के तत्वावधान में आयोजित ठीष्मकालीन अभिरुचि एवं कला कौशल शिविर के शिविरार्थियों एवं स्टाफकर्मियों को वन्दे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के संकल्प की शपथ दिलाई गई। जल के संरक्षण करने,जल के विवेकपूर्ण उपयोग करने,जल के अपव्यय नहीं करने, घर-परिवार -समाज और कार्यक्षेत्र में जल संरक्षण के प्रति जागरुकता फैलाने की शपथ दिलाई गई।वर्षाजल संठाहण एवं संरक्षण को प्रोत्साहित करने, पारम्परिक जल स्त्रोतों कुआं -बावड़ी-तालाब आदि के संरक्षण एवं पुनर्जीवन में सहयोग करने,भावी पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए जल एवं पर्यावरण संरक्षण -हरियालो राजस्थान -स्वच्छता-प्लास्टिक मुक्त अभियान को सफल बनाने में योगदान देने की शपथ दिलाई गई।सबको जल, जंगल, जन, एक प्राकृतिक बंधन अभियान में अपने कर्तव्यों का सत्यनिष्ठा से पालन करने की शपथ भी प्रमुख रही। शिविर संचालक रामावतार शर्मा के साथ-साथ सभी दक्ष प्रशिक्षकों एवं प्रशिक्षणार्थियों ने शपथठाहण समारोह में शिरकत की।


### खोया-पाया

मेरी दुकान नंबर 4 स्थित प्लॉट नंबर 341 गली नंबर 3, राजापार्क, जयपुर के दो रजिस्टर्ड विक्रय पत्र असल दिनांक 25.04.2001 एवं 17.03.2007 राजापार्क से पिंक स्क्वायर, जयपुर के मध्य दिनांक 25.05.2025 को कही गिर गए है। मिलने पर सूचित करें : सतेन्द्र कौर 9460000000

मेरे आवास संख्या 263/756, का मूल संशोधित आवंटन पत्र नंबर 6450 कहीं गिर/गुम गया है मिलने पर सूचित करें हिमांशु मोयल 9828107437

मैं उमा जोशी, निवासी 67 सरकारी स्कूल के पास, करतारपुर, 22 गोदाम जयपुर, मेरा 08 अप्रैल 2025 को दुर्गापुरा से घर लौटते समय मेरे मकान के दस्तावेजों वाला बैग खो गया। गुमशुदगी की रिपोर्ट (एलआर 2788695/2025) दर्ज करवाई है। मिलने पर सूचित करें- 9928267007

### नाम परिवर्तन

विवाहोपरान्त मैंने अपना नाम ज्योति तिवाड़ी से बदलकर ज्योति चौहान कर लिया है, भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जावें। ज्योति चौहान पत्नी रोहित चौहान निवासी- फ्लैट नं. 705, टॉवर-1, नमन रेजिडेंसी-1, राधानीकुंज धोलाई, मानसरोवर विस्तार, जयपुर

मेरे आधार नं. 311720688899 व पैन नं. NPUPS5533E में मेरा नाम सुनीत (SUNIT) पत्नि श्री कुलभूषण है। परंतु मेरा सही व पूरा नाम सुनीत भाटिया (SUNIT BHATIA) पत्नि कुलभूषण भाटिया (KULBHUSHAN BHATIA) है। मेरे को सुनीत उर्फ सुनीत भाटिया पत्नि कुलभूषण भाटिया के नाम से जाना जावें।

मेरी पुत्री मानुषी फोफलिया के पासपोर्ट में मेरा नाम अन्नू कुमार फोफलिया है जबकि सभी दस्तावेजों में मेरा नाम अन्नू फोफलिया है, अत: अन्नू कुमार फोफलिया ओर अन्नू फोफलिया दोनों नाम मेरे ही है, पता: मकान नंबर 2072 बारह गणगौर का रास्ता, जौहरी बाजार, जयपुर, राजस्थान


मैं रजनीश कुमार शर्मा पुत्र श्री ओम प्रकाश शर्मा, निवास डी-2 शैतान सिंह विहार, ब्लॉक ए-301, सेक्टर 1, विद्याधर नगर, जयपुर से अपना नाम बदलकर रजनीश शर्मा रख लिया है। वर्तमान पहचान पत्र के अनुसार, मैं भविष्य में रजनीश शर्मा के नाम से जाना जाऊंगा।

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18(2) के अधीन नोटिस
**कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम)**
**देवस्थान विभाग, जयपुर**
समस्त संबंधित व्यक्तियों को
(नाम, वर्णन तथा निवास स्थान)
मुकदमा नम्बर DEV/JAIPUR-I/TRUST/2025-378

चूंकि प्रार्थी श्री RAKESH KUMAR MALI, HEERA FARM, RADHA VIHAR JAIN MANDIR KE SAMNE NEW SANGANER ROAD SHYAM NAGAR JAIPUR RAJASTHAN ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अंतर्गत प्रन्यास शौर्य सेवा संस्थान, 25 C KAJOD COLONY ROOP NAGAR II MAHIESH NAGAR TONK PHATAK JAIPUR के संबंध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है। अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त व्यक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है। कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के संबंध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे। और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा। आज दिनांक 05.06.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया। आइंदा तारीख पेशी 07.08.2025

सहायक आयुक्त, देवस्थान विभाग, जयपुर-प्रथम

**नम्बर मिलाइए**
**9587884433**



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।


# वर्ल्ड चैंपियन संदीप आर्य जांगड़ा ने सूर्य नमस्कार में बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड

**चौंमू / कालाडेरा ।** राजस्थान हनुमानगढ़ भादरा बेर गांव के एक सामान्य परिवार से संदीप आर्य जांगड़ा अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी ने सूर्य मंदिर मोढेरा में 20,000 हज़ार लगातार सूर्य नमस्कार करके वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया संदीप आर्य का नाम अमेरिका बुक और लंदन बुक ऑफ़ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज हुआ है। जिनको लंदन और अमरीका से सर्टिफ़िकेट प्राप्त हुआ पूरे गाँव बेर में खुशी मनाई जा रही है। संदीप आर्य के इस उपलब्धि पर गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंदर भाई पटेल ने उनको बधाई दी योग गुरु स्वामी रामदेव जी ने भी बधाई दी संदीप आर्य ने बताया वर्ल्ड रिकॉर्ड प्रतियोगिता में एक सप्ताह पहले भोजन बंद किया

6 से 8 घंटे सूर्य नमस्कार का प्रयास किया। रिकॉर्ड के बाद उनका 15 किलो वज़न कम हो गया। संदीप आर्य ने बताया उनको ये प्रेरणा योग गुरु स्वामी रामदेव से मिली है उनको आस्था पर देखकर योग सीखा हर बार संदीप ने अपना ही रिकॉर्ड तोड़ा है संदीप आर्य ने बताया कि वह 2010 से लगातार सूर्य नमस्कार और योग का अभ्यास कर रहे उनका सपना था सूर्य नमस्कार के क्षेत्र में जाकर पूरे विश्व में अपने गाँव अपने माता पिता अपने देश का नाम रोशन करना। संदीप आर्य द्वारा बनाएं गए 6 बार वर्ल्ड रिकॉर्ड पहला रिकॉर्ड2018 में 5 हज़ार लगातार सूर्य नमस्कार करके बनाया।

# जल संरक्षण जन अभियान का आगाज

- महाराज श्री हरिओम दास के सानिध्य में हुआ आयोजन

**शाहपुरा ।** वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान पखवाड़े के तहत पशुपालन विभाग व गौपालन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में शाहपुरा ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम शनिवार को श्री परमानंद धाम गौशाला में सयुंक्त तत्वावधान में रखा गया। खोरी परमानंद धाम महाराज श्री हरिओम दास जी के सानिध्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाराज ने बताया कि जल है तो कल है अत:जल का संरक्षण करना बहुत जरूरी है। गाय की सेवा जीवन का आधार बनाना ही जीवन का सार्थक स्वरूप है। पशुपालन विभाग के शाहपुरा स्थित राजकीय बहुउद्देश्यीय पशु चिकित्सालय वरिष्ठ पशु चिकित्साधिकारी डॉ.बनवारी यादव ने बताया कि गौशाला में वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान पखवाड़े के तहत जल संरक्षण के लिए आमजन में जागरूकता हेतु विचार विमर्श एवं संगोष्ठी का आयोजन व शपथ दिलाई गई। इस मौके पर गौशाला में सभी ने मिलकर झाड़ू लगाकर साफ सफाई कर स्वच्छता का संकल्प लिया।

पॉलीथीन मुक्त पर्यावरण संरक्षण का संकल्प, पॉलीथीन के विकल्प का प्रचार प्रसार करने के लिए बताया गया। इस मौके पर पशुधन निरीक्षक महावीर पलसानियाँ, सुरजभान,सावित्री जाट, संजय शर्मा, हेमलता, मीना दादरवाल, गौशाला सचिव सरदार मल यादव, कोषाध्यक्ष भागीरथ शर्मा, धर्मपाल यादव, कालूराम यादव,अजय शर्मा, श्यामदास, राजकुमार यादव,किशोर गुप्ता समेत गौपालक मौजूद रहे।

राजगढ़ थाना क्षेत्र के कारोठ ठेकड़ा हनुमान मंदिर के पास से रात्रि को अज्ञात नकाबपोश बदमाश गाड़ी में पटक कर व्यापारी का अपहरण कर लें गए। पुलिस की कड़ी नाकेबंदी एवं दबिश की वजह से बदमाश व्यापारी को हाईवे से दूर खेतों में पटक गए। नकाबपोश बदमाश हथियारों से लेस थे, जो व्यापारी को मारपीट एवं धमकाकर 18 हजार रुपए, मोबाइल एवं सोने की अंगूठी छीन कर लें गए।राजगढ़ के कारोठ मार्ग तबेला के पास निवासी नवीन कुमार सोखिया ने दर्ज कराया कि वह रात्रि को 9:30 बजे कोठी नारायणपुर दुकान से घर आ रहा था, ठे कडा हनुमान मंदिर के पास कार को आगे लगाकर उसे गिरा दिया। चार नकाबपोश बदमाशों ने उसके चेहरे पर कपड़ा डालकर गाड़ी में पटक दिया। गाड़ी में बदमाशों ने ब्लेड से उसके दोनों गालों पर कट लगा दिया एवं बंदूक से धमका कर 10 लख रुपए देने की बात कही। इसके बाद व्यापारी ने कहा कि मेरे पास पैसे नहीं है तो उसने व्यापारी के भाई को पैसे डालने को कहा। इस पर व्यापारी के भाई ने दस हजार रुपए डाल दिए। इधरव्यापारी नवीन के चिल्लाने की आवाज आसपास के लोगों ने सुनी। इसके पश्चात परिजनों एवं पड़ोसियों ने ने थाना पुलिस एवं कोठी नारायणपुर चौकी को इस घटना की जानकारी दी। इस पर थाना प्रभारी राजेश मीणा, चौकी पुलिस, तहसीलदार बीपी सिंह, रेणी पुलिस थाना प्रभारी रामजीलाल मीणा ने लोकेशन प्राप्त कर बदमाशों का पीछा किया। इस दौरान दौसा थाना के महुआ तक एवं आगे नाकेबंदी की गई। बदमाशों ने पुलिस की दबिश से अपने आप को घिरा समझकर भरतपुर बॉर्डर के पास हाईवे से दूर खेत मैं हाथ पैर बांधकर पटक गए।


**हैतुक दर्शित करने के लिये सूचना**
(साधारण प्रारूप)
व्यवहार प्रक्रिया संहिता पहली अनुसूची संख्याक 4
न्यायालय अपरजिला एवं सैशन न्यायाधीश, क्रम-10, सांगानेर, जयपुर महानगर, (प्रथम)
अनिल कुमार जाट बनाम श्रीमती कमलेश
केस नं. 42/24

**अन्तर्गत धारा 3 बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006**

श्रीमती कमलेश पत्नी अनिल कुमार जाट पुत्री श्री सायर मल घोसल्या, निवासिनी-ग्राम रामोला, पीएस बगरू, तहसील सांगानेर जिला जयपुर (राजस्थान)।

उक्त प्रार्थी ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि नकल संलग्न है। अत: आपको चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के विरुद्ध हैतुक दर्शित करने के लिये दिनांक 30 माह 8 सन् 2025 को 10.00 ए.एम. पूर्वान्ह में स्वयं या अपने प्लीडर द्वारा जिसे सम्यक रूप से अनुदेश किया गया हो, उपसंजात हो। यदि आप ऐसा करने में असफल रहेंगे तो उक्त आदेश की सुनवाई और उसका निपटारा एकपक्षीय रूप से किया जाएगा। यह आज ता. 06 माह 6 सन 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दी गई।

शरिस्तेदार
मोहर अदालत
अपर जिला एवं सैशन न्यायालय संख्या 10, जयपुर महानगर, प्रथम मुख्यालय, सांगानेर

**हैतुक दर्शित करने के लिये सूचना**
(साधारण प्रारूप)
व्यवहार प्रक्रिया संहिता पहली अनुसूची संख्याक 4
न्यायालय अपरजिला एवं सैशन न्यायाधीश, क्रम-10, सांगानेर, जयपुर महानगर, (प्रथम)
श्री ओम प्रकाश बनाम श्रीमती मनीषा
केस नं. 41/24

**अन्तर्गत धारा 13 हिन्दू विवाह अधिनियम 1955**

श्रीमती मनीषा पत्नी श्री ओम प्रकाश पुत्री श्री सायर मल घोसल्या, निवासिनी- ग्राम रामोला, बगरू रावणा, पीएस बगरू, तहसील व जिला जयपुर (राजस्थान)।

उक्त प्रार्थी ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि नकल संलग्न है। अत: आपको चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के विरुद्ध हैतुक दर्शित करने के लिये दिनांक 30 माह 8 सन् 2025 को 10.00 ए.एम. पूर्वान्ह में स्वयं या अपने प्लीडर द्वारा जिसे सम्यक रूप से अनुदेश किया गया हो, उपसंजात हो। यदि आप ऐसा करने में असफल रहेंगे तो उक्त आदेश की सुनवाई और उसका निपटारा एकपक्षीय रूप से किया जाएगा। यह आज ता. 06 माह 6 सन 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दी गई।

शरिस्तेदार
मोहर अदालत
अपर जिला एवं सैशन न्यायालय संख्या 10, जयपुर महानगर, प्रथम मुख्यालय, सांगानेर


## ईद उल अजहा मनाई

**मनोहरपुर ।** एकता की मिसाल, त्याग, समर्पण और बलिदान के 3 दिवसीय त्यौहार ईद उल अजहा विधिवत रस्म ओ रिवाज के हर्षोल्लास के साथ मे मनाया गया। सुबह जल्द ही सारवान मस्जिद से ईमाम नसरुद्दीन की शाही सवारी निकाली गई।जगह जगह ईमाम नसरुद्दीन का पुष्प वर्षा व माला साफा पहना कर भव्य स्वागत सम्मान किया गया इस दौरान इमाम नसरुद्दीन के द्वारा ईद उल अजहा की सामूहिक नमाज ईदगाह में सुबह 7.30 बजे ओर जामा मस्जिद में इमाम शेर मोहम्मद द्वारा अदा कराई गई। ईदगाह में जामा मस्ज़िद के ईमाम नसरुद्दीन साहब ने नमाजियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि ख़ुदा ने हजऱत इब्राहिम अलैहिस्लाम से कुर्बानी मांगी थी इस पर उन्होंने अपने लाड़ले बेटे हजऱत इस्माइल आलेहिस्लाम की कुर्बानी को देकर ख़ुदा को राजी करने का प्रयास किया था।

# मोदी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा की नीतियां बूथ स्तर पहुंचायें : मोतीलाल मीणा

**भरतपुर (निस)।** भारतीय जनता पार्टी कार्यालय, भरतपुर पर मोदी सरकार के 11 साल पूर्ण होने पर जिला कार्यषाला का आयोजन किया गया, कार्यशाला की विधिवत शुरूआत भारत माता एवं पण्डित दीनदयाल उपाध्याय के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर की गई। दीप प्रज्जवलन करने वालों में प्रदेश उपाध्यक्ष मोतीलाल मीणा, जिला अध्यक्ष शिवानीदायमा, प्रदेश प्रवक्ता शैलेशकौशिक, पूर्व जिला अध्यक्ष सत्येन्द्र गोयल और मनोज भारद्वाज, जिला समन्वयक भानूप्रतापराजावत, जिला सह समन्वयक ब्रजेश अग्रवाल, युधिष्ठिरपानहौरी, जगत सिंह गुर्जर रहे। कार्यक्रम की अध्क्षता भाजपा जिला अध्यक्ष शिवानीदायमा ने की। मुख्य वक्ता प्रदेश उपाध्यक्ष मोतीलाल मीणा रहे। मुख्य वक्ता ने अपने उद्बोद्धन में कहा कि भाजपा को मजबूत करना है तो आम जनता को पार्टी की देश के प्रति विचारधारा से अवगत कराना है तथा पार्टी का प्रतिविम्ब बूथ स्तर तक पहुंचाना है। मुख्य वक्ता ने अपने वक्तव्य में बताया कि मोदी सरकार के सफलतमगौरवमयी 11 साल पूर्ण होने पर केंद्र सरकार की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाने के लिए भारतीय जनता पार्टी द्वारा 'संकल्प से सिद्धी' तक कार्यक्रम के अंतर्गत 9 जून से 21 जून तक देषव्यापी अभियान चलाया जा रहा है, यह अभियान विकसित भारत का अमृतकाल एवं सेवा-सुशासन एवं गरीब कल्याण के 11 साल पर आधारित रहेगा। यह कार्यक्रम 11 चरणों में सम्पन्न किया जाएगा। प्रथम चरण में कार्यक्रम की पूर्व तैयारी हेतु जिला स्तर पर एवं मण्डल स्तर पर कार्यषाला का अयोजन किया जाएगा। दूसरे चरण में 'बदलता भारत, मेरा अनुभव' पर डिजीटल प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। तीसरे चरण में राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्रियों द्वारा मीडिया संवाद किया जाएगा। चौथै चरण में प्रदेश स्तर पर मुख्यमंत्री/केंद्रीय मंत्रियों द्वारा प्रेस वार्ता की जाएगी। पांचवें चरण में जिला स्तर पर प्रेस वार्ता तथा केंद्र सरकार की उपलब्धियों पर आधारित प्रदर्शनी लगाई जाएगी। छटवें चरण में 'विकसित भारत संकल्प सभा' तथा विश्व योग दिवस आयोजित किया जाएगा।


प्ररुप-10
(नियम 6(7) देखिए)
**प्राधिकृत अधिकारी कार्यालय, नगरपालिका मंडल, सांभर लेक**
क्रमांक : नपासा/2025/603 दिनांक : 6.6.25

**लोकसूचना**

श्री दिनेश कुमावत पुत्र श्री नारायण लाल कुमावत निवासी-पांच बत्ती चौराहा, फुलेरा ने इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का गैर कृषिक प्रयोजनों के लिये भू उपयोग परिवर्तन हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात:-

| क्र. सं. | जिले का नाम | ग्राम का नाम | खसरा नम्बर | रकबा | चाहा गया उपयोग उपयोग |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जयपुर | लालपुरा | 2203, 2204/1, 3232/2202, 3234/2204 | कुल किता 04 रकबा 0.6260 हैक्टेयर | कुल किता 04 रकबा 0.6260 हैक्टेयर में भूमि को आवासीय में रुपान्तरण हेतु। |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबोधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1956 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोगार्थ (आवासीय भू-रूपान्तरण) हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है, तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अद्योहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन भीतर-भीतर किसी कार्या दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अद्योहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 6.6.25 को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी, नगरपालिका मंडल सांभरलेक


# भाजपा की कार्यशाला में मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनाई

**अलवर।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर संकल्प से सिद्धि विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अशोक परनामी उपस्थित रहे

कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए अशोक प्रणामी ने कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार सरकार बनी है इसे 11 वर्ष पूर्ण हो गए हैं 2014 से वर्तमान 2025 तक 11 वर्ष के समय में ऐसा कोई सा क्षेत्र नहीं है जो विकास से अछूत हो बात गरीब कल्याण की हो चाहे महिला सशक्तिकरण की युवा वर्ग की हो या किसानों की मोदी सरकार ने सभी के लिए कार्य किया है महिलाओं के लिए उज्वला योजना, लखपति दीदी, तो किसान के लिए सम्मान निधि युवाओं के लिए मुद्रा योजना तो गरीबों के उतथान के लिए अनेक प्रकार की कल्याणकारी योजनाएं मोदी सरकार लेकर आई स्वच्छ भारत अभियान,हर घर शौचालय,स्वच्छ




अलवर भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर संकल्प से सिद्धि विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया ।

भारत -स्वस्थ भारत के द्वारा समाज में सकारात्मक बदलाव आए आज भारत विश्व में एक बड़ी आर्थिक शक्ति के रूप में उभर रहा है मेक इन इंडिया -मेड इन इंडिया द्वारा भारत आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ा आज देश की सीमाएं मजबूत हुई है सैन्य क्षमता बड़ी है। ऑपरेशन सिंदूर के द्वारा देश की बहनो के उजड गए सिंदूर का बदला लिया गया और पाकिस्तान के साथ साथ अन्य देशो को भी स्पष्ट संदेश दिया गया कि अब भारत मजबूत व सशक्त है हमें हमारी तीनों सेनाओ पर गर्व है। जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि मोदी सरकार को 11 वर्ष पूर्ण हो गए हैं यह 11 साल बेमिसाल रहे जहां हर क्षेत्र में जनहित के काम हुए प्रधानमंत्री आवास योजना द्वारा 4 करोड लोगों को मुफ्त आवास उज्ज्वला योजना के द्वारा 10 करोड नए गैस कनेक्शन। गरीबों के इलाज के लिए आयुष्मान भारत योजना द्वारा 50 करोड लोगों को 5 लाख तक का मुफ्त इलाज जैसी अनेक जनहितकारी योजनाएं मोदी सरकार के द्वारा लाई गई । प्रदेश की भजनलाल सरकार जल संरक्षण के लिए जन सहभागिता से अभियान चला रही है जिससे जल का संरक्षण होगा व भूजल का स्तर बढ़ेगा अलवर सांसद एवं केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव केंद्र व राज्य सरकार की जनहित की योजनाओं को जमीनी स्तर पर लागू कर रहे हैं जिससे आमजन को सीधा लाभ प्राप्त हो रहा है। कार्यशाला को पूर्व विधायक जय राम जाटव पूर्व जिला अध्यक्ष पंडित धर्मवीर शर्मा व संजय सिंह नरूका ने भी संबोधित किया कार्यशाला में सहसंयोजक हरीश यादव, देशराज खरेरा, नरेश धनवत, जिला महामंत्री राम अवतार चौधरी, शिवलाल मीणा, जिला मीडिया प्रभारी लक्ष्मी बृजमोहन योगी शैलेंद्र चौधरी मगनलाल फौजी राजेश मीणा सहित अनेक भाजपा पदाधिकारी उपस्थित रहे यह जानकारी जिला मीडिया प्रभारी लक्ष्मी नारायण गुप्ता ने दी


### शोक संदेश



अत्यंत दुख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारी पूजनीय माताजी
**श्रीमती सरोज देवी जी**
धर्मपत्नि इंजीनियर ठाकुर मोहन सिंह पतराबत (HZL)
का स्वर्गवास दि. 27.05.2025 को प्रात: 4.20 बजे जयपुर में हो गया है ।
**देहदान** की पवित्र अंतिम क्रिया एस एम एस मेडिकल कॉलेज जयपुर में की जा चुकी हैं। आगे के सभी कार्यक्रम एवं पगड़ी रस्म दि. 08.06.2025 (रविवार) को **निज निवास-ग्राम झीलरा, सेवर, भरतपुर** में रखे गये है।
शोकाकुल:
भूपाल सिंह (RSMM)-सीमा, देवेंद्रपाल (SBI)- विनीता (पुत्र-वधु), सरला सिंह-राजेंद्र सिंह (पुत्री-दामाद), ठाकुर तेज सिंह-सुधा, ठाकुर वीरेंद्र सिंह-शशि (भतीजा-वधु), बलवंत सिंह, नीतू सिंह, आरुष सिंह, आदित्य पाल, कृष्णावीर सिंह, हर्षवर्धन सिंह, ऋषि पाल, लवया पाल नव्या सिंह (पोते, पोती), देवराज सिंह (पड़ पोता)
एवं समस्त परिजन ठाकुर परिवार ।
9414163375, 7014196009, 9829576267

**PUBLIC NOTICE** OW : 825 • Dt. 2/4/25

**IN THE HIGH COURT OF GUJARAT AT AHMEDABAD**
R/CIVIL APPLICATION (FOR CONDONATION OF DELAY) No. 1113 OF 2024
IN F/APPEAL FROM ORDER NO. 343 OF 2024
FIXED ON 09/06/2025 District : AHMEDABAD
MR. ARJUN R. SHETH, Ld Advocate for the Applicant(s)
BHARATBHAI LAKHAJI NANDWANA POA HOLDER OF
PRATAP L NANDWANA (KARTA OF L. K. NANDWANA HUF) ............ APPLICANT(S)
VERSUS
APTUS INFRAPROJECTS LLP & ORS. ............RESPONDENT(S)
TO,
3. PARESHKUMAR DHIRUBHAI SAMANI,
RESIDING AT : T/9107, A, BLOCK NO. 27, RANGOLI GROUNDS,
MAHARANA PRATAP MARG, PANCHYAVALA, RAJASTHAN - 302034.

Take notice that the Applicant(s) above - named having presented A R/CIVIL APPLICATION [FOR CONDONATION OF DELAY] No. 1113 of 2024 IN F/APPEAL FROM ORDER NO. 343 of 2024 to this High Court to grant relief as prayed to condone the delay caused of 61 days in preferring the aforesaid APPEAL FROM ORDER against the order dated 27/09/2023 passed by the Ld. City Civil Court, Ahmedabad in Civil Suit No. 633/2022.

Where upon hearing and allowing the CIVIL APPLICATION (FOR SUBSTITUTE SERVICE) NO. 1 of 2024 IN R/CIVIL APPLICATION NO. 1113 OF 2024 IN F/APPEAL FROM ORDER NO. 343 OF 2024, the Honourable Court (Coram : ADDITIONAL REGISTRAR (JUDICIAL) on 27/03/2025, had ordered to issue Notice to unserved Respondent No. 3 by way of publishing public notice in vernacular language in local newspaper having wide circulation in the area as per address mentioned in the cause title of the aforesaid unserved Respondent no. 3

Take NOTICE that the hearing of the said R/CIVIL APPLICATION (FOR CONDONATION OF DELAY) No. 1113 of 2024 IN F/APPEAL FROM ORDER NO. 343 OF 2024 will take place on **9th day of June, 2025 at 11 A.M. peremptorily in this Court** and if no appearance is made on your behalf, your advocate or by someone authorised by law to act for you it will be heard and determined in your absence.

Witness BIREN ANIRUDDH VAISHNAV, Esquire the ACTING CHIEF JUSTICE at Ahmedabad aforesaid this 27th day of March, 2025

COURT STAMP

By the Court
(H. D. PUROHIT)
Assistant Registrar

## संक्षिप्त

### 'मानव सेवा ही ईश्वर की सच्ची सेवा'

**निवाई।** आराध्य देव भगवान श्री चारभुजानाथ मन्दिर में जेष्ठ शुक्ला निर्जला भीम द्वादशी पर प्रवचन देते हुए राज मिश्र पंण्डित राजेश दाधीच ने कहा कि मानव शरीर नाश्वर है, इसलिए मनुष्य को नि:स्वार्थ भाव से श्री वासुदेव गोपीनाथ जी की पूजा करनी चाहिए। ईश्वर की शुद्धआत्मा से की गई पूजा मनुष्य को जीवन यापक करने का मार्ग दिखलाती है वही श्री चारभुजानाथ स्वरूप हो जाते है। पण्डित राजेश दाधीच ने कहा कि जो मनुष्य अपने लिए नहीं बल्कि मानव कल्याण के लिए जीते है उसे मानव शरीर मिलने का आनन्द प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि गृहस्थाश्रम में की गई मानव सेवा ही ईश्वर की सच्ची सेवा है। उन्होंने कहा कि एक निर्जला सौ सरजला के बराबर होती है। महिलाएं प्रति वर्ष एकादशी का फल प्राप्त करती है।

### अवैध बजरी से भरे 6 ट्रैक्टर जब्त

**टोंक।** जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के द्वारा जिलेभर में अवैध खनन, निर्गमन व भण्डारण के विरूद्व अभियान चलाया जा रहा है, इस दौरान वृत्ताधिकारी पीपलू अरविन्द कुमार के निर्देशन में थानाधिकारी झिराना हरिमन द्वारा गठित अलग-अलग टीमो ने अवैध खनन के विरूद्व कार्यवाही करते हुए ग्राम मोहिनी से 6 ट्रैक्टर मय बजरी भरी ट्रोलियों को जब्त किया गया। जिनके चालको व मालिकों के खिलाफ बीएनएस व एमएमडीआर एक्ट में प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान जारी है।

### जरूरतमंदों को छतरी बांटी

**टोंक।** निर्जला एकादशी के पावन पर्व के उपलक्ष में शनिवार को घंटाघर पेट्रोल पंप के सामने स्थित गांधी पार्क निवासी भामाशाह गुड्डू खटीक ने गर्मी से बचने के लिए निराश्रित और जरूरतमंदों, महिलाओं को छतरी, चप्पल, सहित शर्बत पिलाकर, फल वितरण किया। इस पावन कार्य के लिए सभी जरूरतमंदो ने गुड्डू खटीक का आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम का प्रारम्भ भाजपा के पूर्व विधायक अजीत सिंह मेहता ने किया, इस मौके पर मुरारी सिंघल, अन्नू राजोरा, मनीष, मौजूद रहे।

### क्षतिग्रस्त नाले की अनदेखी

**सांभरझील।** यहां पांच बत्ती चौराहे के नजदीक सड़क के मध्य कई दिनों से नाला क्षतिग्रस्त है। यह सबसे व्यस्त मार्ग है। दिन भर वाहनों की आवाजाही रहती है। नाला टूटने के कारण काफी गहरा गड्ढा हो गया है। इसको ठीक करने की जिम्मेदारी स्थानीय पालिका प्रशासन की बताई जा रही है। इसकी अनदेखी के कारण कभी भी कोई हादसा हो सकता है। इसको ठीक करने के लिए अनेक लोगों ने पालिका का ध्यान आकर्षित करवाया। बताया गया की 10 रोज से यह इसी स्थिति में है।

### जल संरक्षण अभियान के तहत पौधारोपण

**पावटा।** वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के अंतर्गत प्रत्येक विभाग को दैनिक कार्यक्रमों के माध्यम से अभियान की सफलता में भागीदारी सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिसके तहत शनिवार को पशुपालन विभाग द्वारा उपखंड पावटा की ग्राम पंचायत बड़नगर में पशु चिकित्सा संस्थान द्वारा गौशाला में पौधारोपण एवं स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। वही पेड़ों पर परिंडे बांधे. इससे पहले गौशाला में गौवंश के लिए बनाई गई पानी की खेल की सफाई की तथा उसमें पानी भरा व जल संरक्षण का संदेश दिया। इस कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ प्रशासनिक अधिकारियों, पशुपालन विभाग चिकित्सक और नगरपालिका के कर्मचारियों ने बढ-चढ़कर भाग लिया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य क्षेत्र को हरित और स्वच्छ बनाना तथा नागरिकों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। पावटा उपखंड अधिकारी कपिल कुमार उपाध्याय सहित समस्त अधिकारियों व आमजन ने सहभागिता दिखाते हुए वृक्षों का रोपण किया। इस अवसर पर उपखंड अधिकारी कपिल कुमार उपाध्याय ने कहा कि यह पहल क्षेत्र के विकास और पर्यावरण संतुलन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि इस तरह के कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाएंगे ताकि शहर को और अधिक सुंदर और स्वच्छ बनाया जा सके। उपखंड अधिकारी कपिल कुमार उपाध्याय ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे पौधों की देखभाल में सहयोग करें और शहर को हरित बनाने में अपना योगदान दें।इस दौरान उपखंड अधिकारी कपिल कुमार उपाध्याय, सीडीपीईओ कविता यादव, पशु चिकित्सक डॉ. नवल, रीडर कैलाश सहित विभिन्न अधिकारी कर्मचारी व आमजन मौजूद रहे।

# परीक्षा में अच्छे अंक लाने पर दो बालिकाएं सम्मानित

**निवाई/गुंसी।** श्रीयादे शिक्षा समिति के तत्वावधान में बालिका शिक्षा को बढ़ावा देते हुए कक्षा बारहवीं एवं दसवीं कक्षा में सर्वश्रेष्ठ अंक प्राप्त करने वाली दो बालिकाओं को नगद राशि देकर सम्मानित किया गया। समिति संयोजक सांवरा प्रजापति ने बताया कि समाज में प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए सर्वश्रेष्ठ अंक प्राप्त करने वाली दो प्रतिभाओं को 55 हजार रुपए देने का समिति में प्रस्ताव लिया गया।

जिसको लेकर कक्षा 12 विज्ञान संकाय में 99.20 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली सुश्री कोमल प्रजापत सुपुत्री स्व. बालूराम प्रजापत को 33 हजार रूपए तीन किस्तों में और कक्षा 10 में 99.50 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली छात्रा राशि प्रजापत सुपुत्री गोकुल प्रजापत को 22 हजार रुपए दो किस्तों में दिया जाएगा। जिसको लेकर समिति पदाधिकारियों ने बालिकाओं के निवास पर जाकर शुक्रवार को प्रशस्ति स्वरूप 11-11 हजार की नगद राशि भेंट की। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष घासीलाल कुम्हार, किशोर कुम्हार, रामकल्याण प्रजापत, कैलाश प्रजापत, मुकेश प्रजापत प्रेम प्रजापत एवं सुरेश प्रजापत सहित कई पदाधिकारी मौजूद थे।



निवाई में सर्वश्रेष्ठ अंक प्राप्त करने वाली प्रतिभाओं को नकद राशि भेंट कर सम्मानित किया।

- समिति संयोजक सांवरा प्रजापति ने बताया कि समाज में प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए सर्वश्रेष्ठ अंक प्राप्त करने वाली दो प्रतिभाओं को 55 हजार रुपए देने का समिति में प्रस्ताव लिया

## करेडा विवाह समिति के अध्यक्ष बने

**निवाई।** जाट समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन को लेकर अध्यक्ष उम्मेद दगोलिया की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। जिसमें सर्वसम्मति से 23वें सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति के अध्यक्ष पद पर राजेश चौधरी निवासी करेडा निवाई को मनोनीत किया गया। नवनियुक्त अध्यक्ष राजेश चौधरी करेडा ने कहा कि विवाह सम्मेलन के सफल आयोजन के लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति की भागेदारी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि समाज की एकता से ही समाज मजबूत होगा। इस अवसर पर जाट धर्मशाला समिति डिग्गी अध्यक्ष सत्यनारायण चौधरी, राजेश चौधरी गुरूजी निवाई, शिवराज करीरिया, भाजपा राहोली मंडल अध्यक्ष केदार चौधरी सुनारा, मंत्री रामकरण बुगालिया, रामचंद्र बुरी, सम्मेलन समिति संयोजक रामलाल बगडिय़ा, पूर्व सम्मेलन अध्यक्ष जगदीश टांडी, गिरिराज, कजोड़, श्रवण महिया व पूर्व प्रधान ममता चौधरी सहित कई पदाधिकारियों ने नवनियुक्त अध्यक्ष राजेश चौधरी को माला व साफा पहनाकर सम्मानित किया गया।

# जल संरक्षण जन अभियान के तहत गौशालाओं में सफाई की

- गो शालाओं में सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया

**टोंक ।** वन्दे गंगा जल संरक्षण, जन अभियान के तहत शनिवार को गाँधी गौशाला में सफाई अभियान एवं गोष्ठी का आयोजन हुआ, जिसमें पशुपालन विभाग ने जिले के सभी ब्लॉक की विभिन्न गौशालाओं में गोष्ठी, साफ सफाई एवं श्रमदान किया। इसी प्रकार जिला स्तरीय कार्यक्रम गांधी गौशाला टोंक में आयोजित किया गया, कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला प्रमुख सरोज बंसल रही। इस दौरान मुख्य कार्यकारी अधिकारी परशुराम धानका, जनप्रतिनिधि विष्णु शर्मा,प्रभु बाडोलिया, गौशाला संरक्षक अभय मल बंब, आनंद बंब एवं गौशाला प्रतिनिधि बालकिशन गर्ग समेत अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। सभी अतिथियों ने गौशाला में साफ सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया, गौशाला में गौवंश के पानी की खेलियों की सफाई करवाकर चूने से पुतवाया गया, इस अवसर पर गौशाला परिसर में पीपल का पौधा लगाया।

इसके बाद पर्यावरण और जल संरक्षण पर गोष्ठी का आयोजन भी किया गया, जिसमें जिला प्रमुख ने जल के महत्व एवं उसके संरक्षण पर अपने विचार व्यक्त किए। मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने गौवंश की महत्ता एवं भारत की पवित्र नदियों के संरक्षण और उन्हें प्रदूषण से बचाने पर जोर दिया। पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ.छोटू लाल बैरवा ने पशुपालन विभाग में केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी। प्रभु बाडोलिया, विष्णु शर्मा एवं गौशाला संरक्षक अभय मल बंब ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर उपनिदेशक डॉ. दिलीप गिदवानी, डॉ.चंद्रशेखर अरोड़ा एवं अन्य विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में जिला प्रमुख ने उपस्थित जनसमूह एवं प्रतिभागियों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई।

# बैठक में कॉलेज विकास पर चर्चा

**पावटा।** बीबीडी राजकीय महाविद्यालय चिमनपुरा में महाविद्यालय विकास समिति की बैठक विकास समिति अध्यक्षा डॉ कविता जैन की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में समिति संरक्षक विधायक कुलदीप धनकड, समिति सदस्य जयसिंह पारीक, गणपत वर्मा, सरदार मल यादव, उपखंड अधिकारी शाहपुरा संजय खेदड, तहसीलदार शाहपुरा सहित बीबीडी एवं बीएनडी राजकीय महाविद्यालय चिमनपुरा की आंतरिक विकास समिति के सदस्य मौजूद रहे।

बैठक का शुभारंभ विकास समिति अध्यक्षा डॉ कविता जैन द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत कर किया गया। वही समिति संरक्षक विधायक कुलदीप धनकड की अनुमति से विकास समिति अध्यक्षा डॉ कविता जैन द्वारा बैठक के विचारणीय बिंदु सभी के समक्ष प्रस्तुत किए गए। उसके बाद विधायक कुलदीप धनकड़ द्वारा एक एक बिंदु पर सभी सदस्यों के साथ विचार विमर्श किया गया तथा आम सहमति से भी महाविद्यालय विकास हेतु महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। इस दौरान विधायक कुलदीप धनकड़ ने महाविद्यालय में साफ सफाई तथा अनुशासन बनाए रखने पर जोर दिया। विधायक कुलदीप धनकड़ द्वारा सेठानी मोड़ पर गेट व शेल्टर लगाने के प्रस्ताव, महाविद्यालय मुख्य द्वार से लेकर चिमनपुरा मंदिर तक हाई वोल्टेज लाइट लगवाने के प्रस्ताव के लिए सभी ने विधायक धनकड का आभार व्यक्त किया। बैठक को सफल बनाने के लिए महाविद्यालय के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पूर्ण सहयोग प्रदान किया।

## नारायणपुर में कन्या महाविद्यालय के लिए भूमि आवंटित

- बेटियों की शिक्षा को मिलेगी नई उड़ान

**नारायणपुर ।** राजस्थान की पूर्ववर्ती सरकार की बजट घोषणा वर्ष 2023-24 के अंतर्गत नारायणपुर में बालिकाओं की उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राजकीय कन्या महाविद्यालय की स्थापना की गई थी। पिछले दो वर्षों से यह महाविद्यालय राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भवन के तीन कमरों में संचालित हो रहा था, जहां सीमित संसाधनों के बावजूद क्षेत्र की छात्राएं उच्च शिक्षा प्राप्त कर रही थीं। अब इस महाविद्यालय को स्थायी स्थान मिलने जा रहा है।

क्षेत्रीय विधायक देवीसिंह शेखावत के सतत प्रयासों से राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के पीछे स्थित भूमि में से 1.82 हेक्टेयर भूमि कन्या महाविद्यालय के लिए आवंटित कर दी गई है। इस महत्वपूर्ण निर्णय से न केवल कस्बे सहित आसपास की बेटियों को बेहतर व सुविधाजनक शैक्षिणक माहौल प्राप्त होगा, क्षेत्रवासियों ने विधायक देवीसिंह शेखावत का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह निर्णय आने वाली पीढ़ियों के लिए शिक्षा का सशक्त आधार बनेगा। ग्रामीणों का मानना है कि अब छात्राओं को बाहर शहरों में जाकर पढ़ाई करने की आवश्यकता नहीं रहेगी और उन्हें अपने ही गांव में उच्च्च शिक्षा की सुविधा प्राप्त होगी। विधायक देवीसिंह शेखावत ने कहा कि कन्या महाविद्यालय की स्थायी भूमि मिलना क्षेत्र के लिए एक गौरवपूर्ण क्षण है। उन्होंने बताया कि अब भवन निर्माण कार्य जल्द ही प्रारंभ किया जाएगा, ताकि छात्राओं को एक सुव्यवस्थित, सुरक्षित और सुविधायुक्त शैक्षिणक परिसर में पढ़ाई करने का अवसर मिल सके। उन्होंने यह भी कहा कि बालिकाओं की शिक्षा को लेकर सरकार और प्रशासन पूर्णत: संकल्पबद्ध है।

# अमन चैन की दुआ के साथ जिलेभर में ईद मनाई

**टोंक।** मोहब्बत के पैगाम के साथ ही मुल्क में अमन-चैन कायम रहे, इसी संदेश के साथ जिले भर में ईदुल अजहा की नमाज मुख्यालय पर स्थित बहीर ईदगाह में मौलवी सईद के नेतृत्व में ईद की नमाज अदा की गई, साथ ही उन्होंने देश में अमन चैन के लिए दुआएं की। इस मौके पर मौलवी सईद ने ईदुल अजहा के बारे में बताते हुए सभी नमाज में सहयोग करने वालों का शुक्रिया भी अदा किया। ईद की नमाज के बाद ईदगाह में प्रशासनिक अधिकारी सहित कांग्रेस के जिलाध्यक्ष हरिप्रसाद बैरवा, मीणा समाज के तुलसीराम मीणा आदि मौजूद रहे।

ईदगाह कमेटी द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार ईदगाह बहीर में करीब 40 हजार नमाजियों के लिए वुजू सहित कई इंतजाम किए तथा जिलेभर में ईद की नमाज के बाद घरों में कुर्बानी की गई। दिनभर कई जगह मेले जैसा माहौल रहा, सभी वर्ग के लोगों ने एक दूसरे से गले मिलकर एवं सोशल मीडिया आदि के जरिए भी ईद की मुबारकबाद देकर एकता-भाईचारे का संदेश दिया। जिलेभर की सभी ईदगाह मस्जिदों एवं कई जामा मस्जिदों में ईद की नमाज अदा की गई, उल्लेखनीय है कि शुक्रवार देर रात कई जगह ईद की खरीददारी देर रात तक चली। ईदगाह में नवाब के वंशज खानदाने अमीरिया के संरक्षक नवाब आफताब अली खां की मौजूदगी में दस्तारबंदी कार्यक्रम आयोजित हुआ, इस दौरान मौलवी मोहम्मद सईद ने नवाबजादा जुनेद अली खान को पगड़ी बांदी।



टोंक में ईदुल अजहा की नमाज के बाद पुलिस अधिकारियों ने मुस्लिम भाईयों को बधाई दी।

# निर्जला एकादशी पर राहगीरों को आमरस पिलाया



निर्जला एकादशी के पावन पर्व पर कई स्थानों पर राहगीरों व वाहन चालकों को शरबत पिलाया।

**श्रीमाधोपुर।** निर्जला एकादशी के पावन पर्व पर कई स्थानों पर राहगीरों व वाहन चालकों को बुला-बुलाकर आमरस पिलाया गया। आमजन को आमरस पिलाकर अनोखी पहल की है।जो समाज के युवाओं के लिए प्रेरणा का श्रोत है। वहीं शहर में पहले दिन भी दिनभर सामाजिक व धार्मिक संगठनों द्वारा मुख्य बस स्टैंड रेलवे स्टेशन गौशाला चौपड़ बाजार सीकर बाजार आदि स्थानों पर राहगीरों को ठंडाई, मैंगो शेक, शर्बत, शिकंजी, के स्टॉल व गन्ने के रस के जुगाड लगाए गए। ।

तिथि का विशेष महत्व है। एकादशी का व्रत भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की पूजा-आराधना के लिए समर्पित होता है। एकादशी पर पूरे दिन व्रत रखते हुए भगवान विष्णु का नाम और उनके मंत्रों का जाप करने का विशेष महत्व है।

ज्येष्ठ माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि सभी एकादशियों में सर्वश्रेष्ठ है। इस एकादशी को निर्जला और भीमसेनी एकादशी के नाम से जाना जाता है। इस अवसर पर शहीद शक्ति सिंह मित्र मंडल द्वारा निर्जला एकादशी के पावन पर्व पर राहगिरो को आमरस पिलाया। इस मौके पर कार्यकर्ता सतीश कुमार सैनी, रमेश घाटावाल, अक्षय कुमार,राजेन्द्र प्रसाद मीनू ,अजय कुमार, मोनू, सूरज, विनोद, मुकेश, प्रधान महेंद्र खडोलिया पत्रकार, प्रमोद कुमार, आदित्य, जतिन आदि मौजूद रहे।

# आऊटलेट का उद्घाटन

**अलवर।** पर्यावरण एवं वन राज्यमंत्री संजय शर्मा ने शनिवार को अलवर के काला कुआं क्षेत्र में सहकारी उपभोक्ता भंडार के उपहार सुपर मार्ट एवं अन्न योजना के तहत मोटे अनाजों के आऊटलेट का उद्घाटन किया। इस दौरान मंत्री शर्मा ने कहा श्रीअन्न (मिलेट) सदियों से राजस्थान की खाद्य संस्कृति का अभिन्न अंग रहा है। इनमें भरपूर पोषक तत्व होने के कारण ये अच्छे स्वास्थ्य के लिए भी लाभदायक होते हैं।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने श्रीअन्न (मिलेट) को स्वास्थ्य के लिए लाभकारी बताते हुए श्रीअन्न के भोजन में उपयोग पर बल दिया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा बजट घोषणा में श्री अन्न (मिलेट) के उत्पाद आमजन को आसानी से उपलब्ध करवाने एवं मोटे अनाजों को प्रचलन में लाने के उद्देश्य से हर जिले के प्रमुख स्थानों को चिन्हित कर मिलेट्स उत्पाद विक्रय केंद्र खोले जाने का निर्णय लिया गया है।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार श्रीअन्न प्रसंस्करण एवं ब्रांडिंग को बढ़ावा देने एवं सहकारी संस्थाओं एवं स्वयं सहायता समूहों की भागीदारी बढ़ाकर रोजगार के अवसर सृजित करने के लिए निरन्तर सकारात्मक प्रयास कर रही है। इस दौरान मंत्री शर्मा ने स्वंय श्रीअन्न के कुकीज, श्रीअन्न आटा और पिंक साल्ट खरीद कर श्रीअन्न को पोषक युक्त और स्वास्थवर्धक बताते हुए श्री अन्न को दैनिक आहार में शामिल करने की अपील की। अलवर सहकारी उपभोक्ता भंडार के प्रबंधक प्रकाश नारायण झा ने बताया कि सुपर मार्ट में अन्न उत्पादों में बाजरा, ज्वार जैसे श्रीअन्न से बने बिस्किट, नमकीन, आटा, टोस्ट, दलिया, लड्डू, चिक्की सहित कई उत्पाद उचित दरों पर उपलब्ध कराए जाएंगे। साथ ही यहां किराना सामठी, जनरल आइटम, होजरी, क्रॉकरी और स्टेशनरी सहित कई प्रकार की आवश्यक वस्तुएं भी उपलब्ध रहेंगी।

यहां मिलने वाली वस्तुओं पर 5 से 50 प्रतिशत तक की छूटी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि सुपर मार्ट का संचालन प्रतिदिन प्रात: 9 बजे से रात 9 बजे तक किया जाएगा। इस अवसर पर अलवर भंडार के उपाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह, उप रजिस्ट्रार सह समितियां अलवर गुलाब मीणा, पं. जलेसिंह, मनीष चौधरी, नेमीचन्द चौधरी, सुरेश मेहता, सुरेश यादव, जितेन्द्र राठौड, आकाश मिश्रा, राजेन्द्र कसाणा, लोकेन्द्र पाल सहित प्रबुद्ध व्यक्ति एवं बडी संख्या में आमजन मौजूद रहें। इसके उपरान्त मंत्री शर्मा ने अपने नियमित पौधा लगाने के संकल्प के तहत विवेकानन्द नगर सेक्टर 4 में पौधारोपण कर पर्यावरण का संदेश दिया तथा 200 फुट रोड पर अम्बे सेनेटरी वेयर के नवीन प्रतिष्ठान के शुभारंभ कार्यक्रम में शिरकत की।

## सार-समाचार

### 8 बाल कलाकार देंगे अभिनय की प्रस्तुति

**टोंक।** एक्स्ट्रा एन ऑर्गेनाइजेशन के संयुक्त तत्वावधान में कम्युनिटी थिएटर टोंक सोसायटी द्वारा आयोजित 25 दिवसीय ग्रीष्मकालीन नाट्य कार्यशाला का समापन, शनिवार को बच्चों के द्वारा नाट्य प्रस्तुति कर किया गया। इस अवसर पर बच्चों द्वारा कांता ग्रेबा द्वारा लिखी कहानी भेड़िए को दुष्ट क्यों कहते हैं की प्रस्तुति एक्सपेरिमेंटल स्टूडियो, कृषि मंडी के सामने आज की जाएगी। प्रस्तुति का नाट्य रूपांतरण कार्यशाला सुगमकर्ता शुभम मेघवंशी एवं मोहित वैष्णव के द्वारा किया गया हैं, वहीं नाट्य प्रस्तुति में संगीत घनिष्ठ एवं चितरंजन नामा द्वारा किया गया हैं। इस कार्यशाला के दौरान प्रतिभागी बच्चों को ना सिर्फ अभिनय बल्कि रंगमंच की विभिन्न विधाओं से अवगत कराया गया।

### अत्याचार नहीं सहेगा राजस्थान : जूली

**अलवर।** नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने भाजपा सरकार पर आरोप लगाए कि आज राजस्थान में महिलाओं के साथ अपराध हो रहे हैं, जिनकी एफआईआर भी दर्ज नहीं की जा रही,वे लोग आज कहां गए, जो कहते थे कि महिलाओं के साथ अत्याचार नहीं सहेगा राजस्थान। उन्होंने सवाल किया कि आज जनप्रतिनिधि मौन क्यों हैं, उनके मुंह पर टेप क्यों लग गई। जूली नयाबास ईदगाह के बाहर मुस्लिम समुदाय को बधाई देने के बाद कार्यालय में मीडिया को संबोधित कर रहे थे। जूली ने कहा कि ईएसआईसी अस्पताल में महिला के अप्रिय साथ घटना दर्शाती है कि भाजपा राज में महिलाओं से अपराध व दुष्कर्म जैसे मामले दबाए जाते हैं यहां तक कि पीड़िता कि एफआईआर दर्ज नहीं की जाती है, यदि पीड़ित पक्ष का कोई व्यक्ति उच्चाधिकारियों, जनप्रतिनिधि व मीडिया के पास पहुंचता है तो एफआईआर दर्ज की जाती है। कांठोस राज में निर्देश थे कि महिलाओं से अपराधों की एफआईआर तुरंत दर्ज की जाए। जूली ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के राज में महिलाओं के साथ अपराध बढ़ रहे हैं, इसके बाद भाजपा के लोग कहीं छुप गए हैं, जबकि पहले ये लगातार बयानवीर बनकर बयानबाजी करते थे।

### जानलेवा हमले का आरोपी पकड़ा

**पावटा ।** थाना विराटनगर की पुलिस ने 20 मई 2025 रविवार को हरे पेड़ काटकर ले जाने से मना करने पर छेडछाड, जेब से पर्स निकालने व मारपीट एवं जानलेवा हमले के आरोप में फरार वांछित को पकडा। मामले को लेकर जिला पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यंत ने बताया कि वर्तमान में वांछित अपराधियों की धरपकड हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोटपूतली वैभव शर्मा के निर्देशन, वृत्तिधकारी वृत्त विराटनगर शिप्रा राजावत के सुपरविजन एवं विराटनगर थाना प्रभारी सोहनलाल के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा फरार अभियुक्त सचिन गुर्जर की गहनता से तालाश करते हुए सचिन गुर्जर पुत्र रामकरण उम्र 24 साल निवासी बरवाड़ा थाना विराटनगर को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भिजवाया गया। मामले की जानकारी देते हुए विराटनगर थाना प्रभारी सोहनलाल ने बताया कि 21 अप्रैल 2025 सोमवार को रूडाराम उर्फ रुडमल पुत्र छोटूराम उम्र 70 साल निवासी ढाणी कोलियो की विराटनगर थाना ने मामला दर्ज करवाया था कि आरोपी रामकरण वगैरा ने हरे पेड काटकर ले जाने से मना करने पर उसके व परिजनों के साथ छेडछाड, जेब से पर्स निकालने व मारपीट की। जिस पर मामला पंजीबद्ध कर अनुसंधान शुरू किया गया।

### नट समाज की बैठक

**दूदू ।** राजस्थान नट समाज सुधार समिति की पदाधिकारीयों की बैठक अध्यक्ष सुखपाल राजनट की अध्यक्षता में आयोजित की । बैठक में समाज के परिवारों का सर्वे कराया जाकर स्वरोजगार की धारा में जोडने का प्रस्ताव तैयार कर समाज कल्याण मंत्री राजस्थान सरकार एवं जिला कलेक्टर को भेजा । सचिव सुरेश कुमार ने बताया कि समाज में शिक्षित युवक व युवतियों को कोई आरक्षण नहीं मिलने के कारण बेरोजगार घूमना पड रहा है इस समाज के उत्थान हेतु संस्थागत 30 वर्षों से कार्य कर रही है लेकिन सरकार को ध्यान नहीं दे पा रही मजबूर होकर परंपरागत धंधा करने को मजबूर होना पड़ रहा है सरकार द्वारा समाज के लोगों को प्रशिक्षण दिया जाकर स्वरोजगार की धारा से जोड़ा जावे बैठक में उपाध्यक्ष राधेश्याम राजनट सहित अन्य कार्यकर्ता पदाधिकारी मौजूद रहे।

### डीन से प्रतिनिधिमंडल मिला

**अलवर।** जिला कांग्रेस कमेटी, अलवर का एक प्रतिनिधिमंडल कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा के नेतृत्व में ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल के डीन से मिला। जिला प्रवक्ता रिपु दमन गुप्ता ने बताया कि मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल में भर्ती महिला के साथ हुई घटना के संदर्भ में कांठोसजनों ने डीन डॉ.असीम दास से मुलाकात की और आईसीयू का निरीक्षण किया। इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा, प्रदेश सचिव बलराम यादव, जिला प्रवक्ता रिपु दमन गुप्ता, राजेश कृष्ण सिद्ध, शहर महिला कांठोस अध्यक्ष श्रीमती लीली यादव, अनवर साजिद खान, कृष्ण कुमार खंडेलवाल, डालचंद वर्मा, मनीष कोली आदि मौजूद रहे।

### निर्जला एकादशी पर राहगीरों को शरबत पिलाया

**निवाई।** निर्जला एकादशी के पावन पर्व पर कई स्थानों पर राहगीरों व वाहन चालकों को बुला-बुलाकर शरबत पिलाई गई। इस दौरान शहर में दिन भर सामाजिक व धार्मिक संगठनों द्वारा विभिन्न स्थानों पर राहगीरों को ठंडाई, मैंगो शेक, शर्बत, शिकंजी, छाछ के स्टॉल लगाए गए। महिलाओं ने भी निर्जला एकादशी का व्रत रखकर सामूहिक कथा की। मन्दिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। एकादशी का व्रत भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की पूजा-आराधना के लिए समर्पित होता है। एकादशी पर पूरे दिन व्रत रखते हुए भगवान विष्णु का नाम और उनके मंत्रों का जाप करने का विशेष महत्व है। काली का बाग रोड पर स्थित बांदरे वाले बालाजी के मंदिर मे बांदरे नवयुवक मडल के तत्वावधान में राहगीरों व आमजन को शरबत पिलाकर पुण्य कमाया। इस दौरान युवकों ने भारी उत्साह के साथ आने जाने वाले राहगीरों का आमजन को बुला-बुलाकर शरबत पिलाई। इस अवसर पर मण्डल के आदित्य शर्मा, जसवंत जायसवाल, रोहित शर्मा, राहुल शर्मा, योगेश टेलर व संतोष जायसवाल सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

### भगवान के भोग लगाके आम रस का वितरण

**चाकसू।** निर्जला एकादशी पर कस्बे के विभिन्न स्थानों पर गन्ने का ज्यूस, मिल्क रोज और शर्बत वितरण की धूम रही। इसके तहत मंदिरों में भी श्रद्धालुओं की भीड़ रही। श्री गोपीनाथ मंदिर पर सुबह अभिषेक किया गया। उसके पश्चात भगवान को नए वस्त्र धारण कर शृंगारित किया गया। जिसके पश्चात महिलाओं की ओर से भजन-कीर्तन किए गए। निर्जला एकादशी के उपलक्ष में बताया कि निर्जला एकादशी का बड़ा महत्व है। जो सभी एकादशी में बड़ी है। श्री गोपीनाथ भगवान के आम रस का भोग लगाकर उपस्थित श्रद्धालुओं में आमरस का वितरण किया गया। इस अवसर पर श्री गोपीनाथ मंदिर सेवा समिति के अध्यक्ष दिनेश शर्मा एवं महामंत्री राम प्रकाश शर्मा तथा कोषाध्यक्ष दिनेश शर्मा पोस्टमैन एवं महेश शर्मा विनोद पुजारी एवं अन्य महिला पुरुष श्रद्धालु मौजूद रहे। इसी तरह क्षेत्रीय विधायक रामावतार बैरवा के मुख्य आतिथ्य में नगर पालिका के पास सिंधी परिवार की ओर से मीठे शरबत की व्यवस्था की गई।

### 'ईद का पर्व हमें ईश्वर के संदेश पर चलने का पैगाम देता है'

**मनोहरपुर ।** जामा मस्जिद मनोहरपूर के सदर जमील खान चौहान ने कहा कि ईद उल ज़ुहा का पर्व हमे ईश्वर के संदेश पर चलने, त्याग, बलिदान और कुर्बानी करने का पैगाम देता है,यह शब्द चौहान ने गाँधीचोक में आयोजित ईद स्नेह मिलन समारोह में उपस्तिथ लोगों को सम्बोधित करते हुए कहे। चौहान ने कहा कि यह पर्व हमें इंसानियत की सीख देता है दूसरों की भलाई करने का जज्बा देता है मुल्क की तरक्की और हिफाजत का जुनून देता है और आपसी प्रेम, स्नेह व भाईचारा प्रगाढ़ करने की प्रेरणा भी देता हैं । उन्होंने शायराने अंदाज़ मे कहा कि जिंदगी का हर पल खुशियों से कम ना हो, आपका हर दिन ईद से कम ना हो। सरदार खान पड़ियार ने कहा कि जिंदगी का हर पल कम ना हो, आपका हर दिन ईद के दिन से कम ना हो, ऐसा ईद का दिन आपको हमेशा नसीब हो, जिसमें कोई दुख गम ना हो ।



दो दशक से ज़्यादा समय तक मैदान पर रहने के बाद अब समय आ गया है कि मैं इस खूबसूरत खेल को अलविदा कहूं।
– पीयूष चावला

भारतीय गेंदबाज, अपनी क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से संन्यास लेने पर बोलते हुए।

# खेल जगत

## आज का खिलाड़ी ▶ मैग्नस कार्लसन



वर्ल्ड नंबर-1 मैग्नस कार्लसन ने नॉर्वे चेस 2025 टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया है। वर्ल्ड चैंपियन डी गुकेश पॉइंट्स टेबल में तीसरे नंबर पर रहे। एक अन्य भारतीय ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी 5वें स्थान पर रहे। जीत के बाद कार्लसन ने कहा, मुझे बहुत अच्छा लग रहा है। टूर्नामेंट जीतना राहत की बात है। टूर्नामेंट काफी उतार-चढ़ाव भरा रहा, लेकिन अंत में सबकुछ अच्छा रहा। गुकेश और अर्जुन के बारे में उन्होंने कहा, सभी बहुत अच्छे हैं। हालांकि, उन्हें अभी भी तैयारी के लिए थोड़ा समय चाहिए। आर्मेनिया में एक टूर्नामेंट चल रहा है।

**क्या आप जानते हैं ?...** भारत-इंग्लैंड के बीच टेस्ट सीरीज जब इंग्लैंड में आयोजित होती है, तब इसे पटौदी ट्रॉफी कहा जाता था। जब ये ट्रॉफी भारत में खेली जाती है तो इसे एंथनी डी मेलो ट्रॉफी कहा जाता था।


भारत सरकार
विकसित भारत का अमृत काल
सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण के
11 साल
CBC 46101/13/0012/2526



दशकों का इंतजार हुआ खत्म, सपनों को मिली उड़ान
सैनिक स्कूल और नेशनल डिफेंस एकेडमी के दरवाजे बेटियों के लिए खुले
पहली बार आर्म्ड फोर्सेज में स्थायी कमीशन मिला




# कोको गॉफ ने जीता फ्रेंच ओपन, सबालेंका को हराया

## जोकोविच सेमीफाइनल हारे, कहा- शायद यह मेरा आखिरी मैच था



नई दिल्ली, 7 जून। वर्ल्ड नंबर-2 कोको गॉफ ने फ्रेंच ओपन जीत लिया है। 21 साल की अमेरिकन स्टार ने शनिवार को विमेंस सिंगल्स के फाइनल मुकाबले में दुनिया की नंबर-1 टेनिस स्टार आर्यना सबालेंका को 6-7, 6-2, 6-4 से हराया। दो घंटा 38 मिनट चले मुकाबले में सबालेंका ने पहला सेट 7-6 से जीत लिया था। गॉफ ने करियर का दूसरा ग्रैंड स्लैम जीता है। वे 2023 में यूएस ओपन चैंपियन बनी थी। पुरुष वर्ग में सर्बिया के नोवाक जोकोविच सेमीफाइनल मैच हार गए। 38 साल के सर्बिया के स्टार को 23 साल के इटली के जैनिक सिनर ने 6-4, 7-5, 7-6 (3) से हराया। यह मैच 3 घंटा और 16 मिनट में चला।

सिनर से सीधे सेटों में हारने के बाद जोकोविच ने अपना बैग नीचे रखा। दर्शकों को आभार जताते हुए कहा- शायद यह मेरा आखिरी मैच था। मुझे नहीं पता, इसलिए मैं आखिर में थोड़ा अधिक भावुक हूं। अगर यह फ्रेंच ओपन में मेरे करियर का आखिरी मैच था तो दर्शकों ने जिस तरह से मेरा समर्थन किया उसे देखते हुए यह अद्भुत था। जोकोविच अगले साल फ्रेंच ओपन तक 39 वर्ष के हो जाएंगे।

# केरल के खेल मंत्री बोले- मेसी का आना तय, स्पॉन्सर्स ने मैच की फीस जमा की

## अर्जेंटीना ने भारत का दौरा कैंसिल किया



तिरुवनंतपुरम, 7 जून। केरल के खेल मंत्री वी. अब्दुरहीमान ने कहा है कि स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेसी की कप्तानी वाली अर्जेंटीना की टीम का भारत आना तय है। उन्होंने बताया कि स्पॉन्सर्स ने इस आयोजन के लिए मैच फीस भी जमा कर दी है।

कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि अर्जेंटीना की टीम ने केरल का अपना अक्टूबर-नवंबर में निर्धारित दौरा रद्द कर दिया है, क्योंकि स्पॉन्सर्स ने एग्रीमेंट के नियमों का उल्लंघन किया है। अब्दुरहीमन ने पिछले साल नवंबर में ऐलान किया था कि अर्जेंटीना की टीम का केरल का दौरा करेगी। इतना ही नहीं, कोच्चि में 2 फ्रेंडली मैच भी खेलेगी।

14 साल बाद भारत में फ्रेंडली मैच खेलने वाले हैं मेसी लियोनेल मेसी 14 साल बाद भारत में फ्रेंडली मैच खेलने वाले हैं। इससे पहले मेसी ने 2011 में भारत का दौरा किया था, जब अर्जेंटीना ने कोलकाता के साल्ट लेक स्टेडियम में वेनेजुएला के खिलाफ वर्ल्ड कप क्वालिफिकेशन मैच खेला था।2026 वर्ल्ड कप के लिए अर्जेंटीना क्वालिफाई कर चुका अर्जेंटीना ने 26 मार्च को ब्राजील को 4-1 से हरा कर 2026 वर्ल्ड कप कप के लिए क्वालिफाई किया। इस मैच में लियोनेल मेसी नहीं खेले थे। ब्यूनस आयर्स में खेले गए इस मैच में अर्जेंटीना के लिए जूलियन अल्वारेज, एन्जो फर्नांडेज, एलेक्सिस मैक एलिस्टर और गुलियानो सिमियोने ने गोल किए। ब्राजील की तरफ से इकलौता गोल मैथ्यूस कुन्हा ने किया।फुटबॉल की वर्ल्ड चैंपियन है अर्जेंटीना की टीम, 36 साल बाद टाइटल जीता अर्जेंटीना की टीम फुटबॉल की वर्ल्ड चैंपियन है। टीम ने 2022 में फ्रांस को पेनल्टी शूट आउट में 4-2 से हराकर टाइटल जीता था। 90 मिनट तक दोनों टीमें 2-2 की बराबरी पर रही थी।

एक्स्ट्रा टाइम के बाद मुकाबला 3-3 की बराबरी पर रहा था। इसके बाद पेनल्टी शूटआउट से फैसला हुआ। फाइनल में मेसी ने दो गोल किए। वहीं, फ्रांस के लिए किलियन एमबाप्पे ने हैट्रिक जमाई थी। अर्जेंटीना ने 36 साल बाद फुटबॉल वर्ल्ड कप जीता था। टीम 1986 में वर्ल्ड कप में चैंपियन बनी थी। अर्जेंटीना 1978 में पहली बार वर्ल्ड चैंपियन बना था।

## इंग्लैंड ने पहले टी-20 में वेस्टइंडीज को हराया

नई दिल्ली, 7 जून। इंग्लैंड ने तीन मैचों की सीरीज के पहले टी-20 मुकाबले में वेस्टइंडीज को 21 रन से हरा दिया। टीम सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। विकेटकीपर-बल्लेबाज जोस बटलर ने 96 रन बनाए। ऑलराउंडर लियाम डॉसन ने 4 विकेट झटके। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। चेस्टर ले स्ट्रीट के रिवरसाइड ग्राउंड में शुक्रवार को खेले गए मैच में इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। टीम ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 188 रन बनाए। जवाब में वेस्टइंडीज की टीम 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 167 रन ही बना सकी।

## राजस्थान के वुशू खिलाड़ी विहानराज ने मॉस्को में स्वर्ण पदक जीता



जयपुर, 7 जून। मॉस्को, रूस में 1 से 7 जून तक आयोजित मास्को स्टार वुशू चैंपियनशिप में राजस्थान के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 1 स्वर्ण, 4 रजत और 3 कांस्य पदक जीतकर राजस्थान का नाम रोशन किया। हीरानंद कटारिया, उपाध्यक्ष, भारतीय वुशु संघ और अध्यक्ष राजस्थान वुशू संघ ने बताया कि भारतीय वुशु टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए, श्रीकांत परिहार ने 45 भारवर्ग में स्वर्ण पदक, सुनील ने 65 भारवर्ग में रजत पदक, तनवी दाधीच ने 39 भारवर्ग में रजत पदक, जिप्सी चौधरी ने ट्रेडिशनल वेपन में रजत पदक, रजत पदक ने 75 भारवर्ग में रजत पदक जीता। 90 पदक भारवर्ग में कांस्य पदक और अमित चौधरी ने देश और राजस्थान प्रदेश का नाम रोशन किया।खिलाड़ियों के पदक पर विनोद सिंह शेखावत, मुख्य संरक्षक, राजस्थान वुशू संघ, राजाराम मील्स, संरक्षक, राजस्थान वुशू संघ, गोपाल सानिया, संरक्षक, राजस्थान वुशु संघ, राजकुमार शर्मा संरक्षक, राजस्थान वुशु संघ, भगवान सहाय जाटवा संरक्षक, राजस्थान वुशु संघ, के. सी. घुमरिया, सामी, राजस्थान वुशू संघ, ममता वर्मा, प्लाजा, राजस्थान वुशू संघ, विजय सिंह शेखावत, हकदार, राजस्थान वुशू संघ, राजेश कुमार टेलर, वुशू कोच और राष्ट्रीय महासचिव ने बधाई दी और रजत भविष्य की कामना की।

## कॉल्विन शील्ड प्रतियोगिता हेतु दौसा टीम घोषित

जयपुर, 7 जून। राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित सीनियर कॉल्विन शील्ड क्रिकेट प्रतियोगिता हेतू दौसा जिले की टीम की घोषणा की गई है जिला क्रिकेट संघ के सचिव बृजकिशोर उपाध्याय ने बताया कि टीम में इस बार भी दौसा जिले के ही खिलाड़ियों को लिया गया है परंतु यह दुर्भाग्य है हमारे जिले की टीम आज भी एवरेज टीम ही है क्योंकि हमारे खिलाड़ियों में अच्छे स्पिनर्स और ऑलराउंडर की कमी है जिनका टीम को जीत दिलाने में महत्वपूर्ण रोल होता है। इन सभी का कारण हमारे जिले में क्रिकेट हेतु इन्फ्रास्ट्रक्चर, अकादमियों, अच्छे कोचेज का अभाव है। इस ओर भरसक प्रयास किए जा रहे है । सचिव उपाध्याय ने बताया कि हमने पिछली बार भी प्रत्येक फॉर्मेट की टीम में दौसा जिले के खिलाड़ियों को ही टीम का हिस्सा बनाया था और एक चांस और देते हुए इस बार भी टीम में दौसा जिले से बाहर का कोई खिलाड़ी नहीं लिया गया है उम्मीद करते है टीम अच्छा परफॉर्मेंस करेगी यदि फिर भी टीम का परिणाम आशा अनुरूप नहीं रहता है तो टीम में प्रोफेशनल खिलाड़ी खिलाने पर विचार किया जाएगा । टीम का चयन पूर्ण पारदर्शी तरीके से किया गया है सभी खिलाड़ियों को टीम बनाकर आपस में पांच मैच कराए गए और मैच की परफॉर्मेंस के आधार पर टीम का चयन किया गया । डीसीए के सचिव बृजकिशोर उपाध्याय के अनुसार दौसा की टीम का पहला मैच 9 जून को जालौर से, 10 जून को हनुमानगढ़ से और 11 को अजमेर से राजसमंद खेल मैदान पर आयोजित किए जाएंगे । **टीम इस प्रकार है** - 1. नमन शर्मा 2. शिवम जैमन 3. देवकृत शर्मा 4. कौशल मीणा 5. सचिन शर्मा 6. करण मीणा 7. लोकेश मीणा 8. दिव्यांशु घोषिंगा 9. जतिन शर्मा 10. अजय प्रजापत 11. मोहित शर्मा 12. नवरत्न सैनी 13. पुष्पेंद्र सैनी14. ध्रुव सेठी15. पृथ्वी नागरवाल 16. सज्जन शर्मा 17. शिवम सोनी 18. शेरसिंह सैनी . 19. निखिल साहू 20. अनिल मीणा 21. सचिन झारवाल 22. राम शर्मा, टीम मैनेजर वेंकटेश शर्मा, टीम कोच प्रेम सिंह और निर्मल सैन होंगे ।

## बेंगलुरु भगदड़ : बेटे की कब्र से लिपट गया पिता, बोला- मुझे यहीं रहना है

कर्नाटक, 7 जून। बेंगलुरु में 4 जून को भगदड़ की अब भी कई मार्मिक तस्वीरें और वीडियो सामने आ रहे हैं। कर्नाटक भाजपा ने शनिवार को पर एक ऐसा ही वीडियो शेयर किया। इसमें एक व्यक्ति अपने बेटे की कब्र से लिपटकर रोता दिख रहा है। व्यक्ति का नाम बीटी लक्ष्मण है। भगदड़ में उसके 21 साल के बेटे भौमिक लक्ष्मण की मौत हो गई थी। वीडियो में बीटी लक्ष्मण अपने बेटे के शव के पास जोर-जोर से रोते हुए कह रहे हैं, मैंने उसके लिए जो जमीन खरीदी, वहीं पर उसे दफना दिया। मुझे अब कहीं नहीं जाना। मैं भी यहीं रहना चाहता हूं।

# क्रीड़ा परिषद ने आरसीए से सवाई मानसिंह स्टेडियम मैदान पर राज्य स्तरीय मैचों के आयोजन हेतु मांगी भारी रकम



जयपुर, 7 जून। क्रीड़ा परिषद का यह असहयोग खेल भावना के विरुद्ध जिससे राज्य में खेल के विकास की गति अवरुद्ध होगी। आरसीए एडहॉक कमेटी संयोजक जयदीप बिहाणी के अनुसार राजस्थान क्रिकेट संघ द्वारा राज्य की युवा प्रतिभाओं को आगे लाने हेतु पूर्व की भांति इस वर्ष भी बीसीसीआई के घरेलू क्रिकेट सत्तर 2025 - 26 की विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाली राजस्थान टीम के संभावितों के चयन हेतु सवाई मान सिंह स्टेडियम पर मैचों का आयोजन करने की दिशा में राज्य क्रीड़ा परिषद् को सवाई मान सिंह स्टेडियम ग्राउंड निशुल्क उपलब्ध कराने के लिए पत्र लिखकर अनुरोध किया था। बिहाणी के अनुसार आज राज्य क्रीड़ा परिषद् ने आरसीए को पत्र लिखकर राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं के सवाई मान सिंह स्टेडियम मैदान पर आयोजन हेतु रूपये 100000 ( एक लाख रूपये ) प्रतिदिन फ़ीस के रूप में देने की मांग की जो न केवल बहुत ज्यादा है बल्कि राज्य की युवा खिलाडियों के साथ खेल भावना के विरुद किया गया कार्य है। जयदीप बिहानी ने कहा की आज भी राजस्थान क्रिकेट संघ के पिच क्यूरेटर तपोशचटर्जी व 20 से ज्यादा ग्राउंड स्टाफ सवाई मान सिंह स्टेडियम मैदान का रखरखाव का कार्य देख रहा है, आरसीए ग्राउंड स्टाफ ने आईपीएल के दौरान भी राजस्थान क्रिकेट संघ द्वारा राज्य के खेल प्रेमियों की भावना व राज्य के लोकप्रिय मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा जी के विजनराज्य में खेल के विकास व विस्तार के अंतर्गत मैदान के रखरखाव के सभी कार्य अपने उच्च स्तरीय ग्राउंड उपकरणों की सहायता से पूर्ण किया था जिसका आज तक भी कोई फ़ीस /पारिश्रमिक आरसीए को न तो क्रीड़ा परिषद् से ओर न ही राजस्थान रॉयल्स द्वारा दिया गया है। क्रीड़ा परिषद् का कार्य तो राज्य के युवा खिलाडियों को राज्य सरकार की योजनाओं के अनुसार निःशुल्क खेल मैदान, उचित प्लेटफार्म व प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के साथ खेल व खिलाडियों के सर्वगांविक विकास का है न की खेल के आयोजन से पैसा कामना। बिहानी ने बताया की आईपीएल क्रिकेट का खेल है व इसके आयोजन से होने वाली आय राज्य में क्रिकेट के विकास पर खर्च होनी चाहिए जैसा पूर्व में आरसीए करता आया है व समस्त भारत के अन्य राज्यों में आईपीएल का आयोजन वहां की राज्य क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा किया जाता है. जिन राज्यों में आईपीएल का आयोजन होता है आईपीएल के आयोजन होने वाली आय व बीसीसीआई से आयोजन हेतु मिलने वाली फ़ीस वहां के राज्य क्रिकेट एसोसिएशन के माध्यम से राज्य के युवा खिलाडियों को क्रिकेट के उच्च स्तरीय प्लटफॉर्म व तकनीक उपलब्ध कराई जाती है। मगर लगता है की क्रीड़ा परिषद् राज्य की अधिकृत खेल संस्थान को कमजोर करने में लगी है व उनकी इस नीति से न केवल खिलाडियों के हितों पर कुठाराघात होगी बल्कि उन्हें उचित प्लटफॉर्म से भी वंचित होना पड़ेगा। बिहानीने आशंका जताई की जिस प्रकार राज्य क्रीड़ा परिषद् द्वारा हटधर्मितापूर्वक राज्य की अधिकृत क्रिकेट संस्था राजस्थान क्रिकेट संघ को दरकिनार करते हुए जयपुर में आईपीएल के आयोजन को हड़पा उसे देखते हुए लगता है की क्रीड़ा परिषद् न केवल आरसीए के हितों के विरुद कार्य कर रही है अपितु लगता है की क्रीड़ा परिषद राजस्थान क्रिकेट संघ पर कब्ज़ा करना चाहती है। आरसीए की राज्य स्तरीय प्रतियोगिताएं राज्य के युवा खिलाडियों को अपना प्रदर्शन दिखाने का उचित अवसर प्रदान करती है जो की एक सामजिक व खेल विकास का कार्य ही व यह पूर्ण रूप से अव्यावसायिक आयोजन है। आरसीए एडहॉक कमेटी संयोजक जयदीप बिहाणी ने क्रीड़ा परिषद द्वारा खेल आयोजन हेतु मांगी गयी बड़ी फ़ीस को क्रीड़ा परिषद का खेल भावना के विरुद किया गया कार्य बताते हुए कहा है की इससे राज्य में खेल के विकास की गति अवरुद्ध होगी व युवा खिलाडियों को अत्यधिक हानि होगी। बिहाणी ने क्रीड़ा परिषद् की मनमानी के विरुद तत्काल प्रभाव से अपने सभी ग्राउडं स्टाफ को स्टेडियम से वापिस बुला लिया है व अपने सभी खेल उपकरणों को ताले में बंद करवा दिया है। वत्तर्मान में सवाई मान सिंह स्टेडीएम के मुख्य मैदान पर कोई 3 दिवसीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है, क्रीड़ा परिषद सचिव ये बताएं की क्या उनसे भी आरसीए के सामान भारी फ़ीस ली जा रही है तो उसे सार्वजानिक करें। जयदीप बिहानी ने कहा की आरसीए के विरुदक्रीड़ा परिषद् का यह व्यवहार किसके इशारे पर किया जा रहा है यह सोचने की बात है जबकि वर्तमान में राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी की सरकार है व आरसीए एडहॉक कमेटी संयोजक स्वम् श्रीगंगानगर से भारतीय जनता पार्टी के विधायक व पार्टी के सच्चे सेवक व कार्यकर्त्ता है।

## आर.डी. बाहेती जिला खिलाड़ियों की एंट्री की अंतिम तिथि आज

जयपुर, 7 जून। आर डी बाहेती मेमोरियल ट्रस्ट जयपुर जिला ओपन बैडमिंटन चैंपियनशिप में प्रवेश की अंतिम तिथि एक दिन और उपहार 8 जून शाम 5:30 बजे तक जारी किया गया है जिला सचिव बैडमिंटन मनोज दासोत के प्रतियोगिता का उद्घाटन सोमवार 9 जून सुबह 9:30 बजे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डा. नीरज के पवन, (आईएएस) शासन सचिव, खेल में युवा मुकाबला जयपुर और विशिष्ट अतिथि आर डी बाहेती, प्रदीप बाहेती और अशोक बाहेती होंगे कार्यक्रम सचिव अतुल गुप्ता के 9 जून को अंडर 15 अंडर 17 सीनियर वर्ग के लड़के लड़कियों के एकल मैच खेलने के लिए जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम इंदौर हाल ही में कूदेंगे।

# राज्य स्तरीय सीनियर कॉल्विन शील्ड प्रतियोगिता शुरू : पहले दिन राहुल, ऋतिक, वीरेंदर, हार्दिक, जय, ज़ुबेर, गौरव का शानदार प्रदर्शन

जयपुर, 7 जून। आरसीए एडहॉक कमेटी सदस्य विमल शर्मा ने बताया बीसीसीआई के आगामी घरेलू क्रिकेट सत्र 2025-26 की पूर्व तैयारियों की लिए आरसीए एडहॉक कमेटी संयोजक व विधायक जयदीप बिहाणी के निर्देशानुसार राजस्थान क्रिकेट संघ द्वारा बीसीसीआई सीनियर रणजी ट्रॉफी क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेने वाली राजस्थान सीनियर टीम के संभावितों के चयन हेतु आरसीए के तत्वाधान में राज्य स्तरीय सीनियर कॉल्विन शील्ड क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ आज श्रीगंगानगर में हुआ।

विमल शर्मा ने बताया की श्रीगंगानगर के बिहाणी क्रिकेट मैदान पर प्रतियोगिता का उद्घघाटन गौरव यादव, पुलिस अधीक्षक, श्रीगंगानगर, आरसीए पर्यवेक्षक सतीश व्यास, विनोद सहारण, सचिव जिला क्रिकेट संघ श्रीगंगानगर व कोतवाली थाना इंचार्ज पृथ्वीराज सिंह द्वारा किया गया।

पहला मैच - बिहाणी क्रिकेट ग्राउंड - (डूंगरपुर - पाली) पाली टीम 3 विकेट से जीती

डूंगरपुर पारी 192 आल आउट

टॉस हारकर पहले खेलते हुए डूंगरपुर टीम ने मौलिक पाटीदार 35 व हिमांशु पाटीदार 28 रनो की सहायता से 192 रनो का स्कोर बनाया।

पाली के गेंदबाज वीरेंदर सिंह राजपुरोहित ने शानदार गेंदबाजी करते हुए डूंगरपुर की आधी टीम को पैवेलियन पहुँचाया। गेंदबाज वीरेंदर सिंह राजपुरोहित 28 / 5 व रोहित बंजारा 34 / 3 विकेट प्राप्त किये।

पाली पारी 193 / 7

हार्दिक मेवाड़ा की नाबाद 44 रनो की पारी व मनीष परमार 31, रौनक 30 तथा अर्जुन वान की नाबाद 19 रनो की पारी की सहायता से टीम ने 7 विकेट के नुकसान पर 193 रनो बनाते हुए मैच में 3 विकेट से जीत दर्ज की।

डूंगरपुर के गेंदबाज जय गोयल 42 / 2 व युवराज सिंह राठौर 36 / 2 विकेट प्राप्त किये।

दूसरा मैच - स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स टांटिया यूनिवर्सिटी - ( बीकानेर - धौलपुर ) धौलपुर 2 विकेट से जीती

बीकानेर पारी 253 / 9, टॉस जीतकर पहले खेलते हुए बीकानेर टीम ने निर्धारित 50 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 253 रनो का स्कोर बनाया। टीम के लिए ज़ुबेर अली 81, गौरव खत्री 72, अजय गिगना 43 रनो का योगदान दिया।

धौलपुर के गेंदबाज इकराम 61 / 3, ऋतिक शर्मा 38 / 2 विकेट प्राप्त किये। धौलपुर पारी 257 / 8

राहुल खंडेलवाल की शतकीय पारी व ऋतिक शर्मा के आल राउंडर प्रदर्शन की सहायता से धौलपुर टीम ने 8 विकेट के नुकसान पर 257 रन बनाते हुए मैच में 2 विकेट से जीत दर्ज की। टीम के लिए राहुल खंडेलवाल ने अपनी 118 रनो की आतिशी पारी में 61 गेंदों का सामना किया जिसमे 14 चोक्के व 8 गगनचुम्बी छक्के लगाए। ऋतिक शर्मा ने साहसी नाबाद 41 रनो की पारी खेलते हुए टीम को शानदार जीत दिलाई। टीम के लिए राहुल खंडेलवाल 118, ऋतिक शर्मा नाबाद 41, देवांश सिंह 27 रनो का योगदान दिया।

बीकानेर के गेंदबाज अजय गिगना 27 / 2, ज्ञान प्रकाश पुरोहित 28 / 2 व विशाल गोदारा 45 / 2 विकेट प्राप्त किये।

# कांग्रेस ने प्रधानमंत्री मोदी को ''एस.यू.वी.'' बताया

## एस.यू.वी. से कांग्रेस का तात्पर्य है, ''स्वयं उद्घोषित विश्वगुरू''

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- कांग्रेस के प्रवक्ता, जयराम रमेश ने एक्स पर लिखा कि भारत के बारे में जो दावा देशी व सरकारी मीडिया कर रहा है और जो अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अन्य देशों का ''परसैप्शन'' है, उसमें भारी अन्तर है।
- जयराम रमेश ने लिखा है कि नीति आयोग में प्र.मंत्री अपना भाषण दे रहे थे। नीति आयोग के मुख्य कार्यकारी अफसर ने बड़े नाटकीय ढंग से घोषणा की कि भारत विश्व में तीसरे नम्बर पर आ गया है, इकॉनमी की दृष्टि से जापान को पीछे छोड़ते हुए।
- दूसरी और आईएमएफ ने अपने आंकड़ों के आधार पर घोषणा की कि भारत चौथे नम्बर पर है तथा अगले दो-तीन साल में, ज़र्मनी को पीछे छोड़ते हुए तीसरे नम्बर पर आ जायेगा।
- कई अप्रवासी भारतीयों ने, जैसे, हॉटमेल के सबीर भाटिया ने कहा कि चौथे नम्बर पर आने पर सभी अपनी पीठ थपथपा रहे हैं, पर, समृद्धि सड़कों पर तो नज़र नहीं आती। आर्थिक विषमता की दृष्टि से जरूर सबसे अव्वल हो सकता है, समृद्धि की दृष्टि से नहीं।

नई दिल्ली, 7 जून। भारत की वैश्विक आर्थिक रैंकिंग को लेकर केंद्र सरकार के परस्पर विरोधाभासी बयानों पर तंज कसते हुए कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को देश का पहला एस.यू.वी. 'स्वयं उद्घोषित विश्वगुरु' करार दिया।

जयराम रमेश ने सोशल मीडिया मंच एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट में देश के इकोनॉमिक स्टेचर (आर्थिक कद) को लेकर घरेलू दावों और अंतरराष्ट्रीय आकलनों के बीच अंतर को उजागर किया।

उन्होंने लिखा, ''24 मई 2025 को प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में हुई नीति आयोग की बैठक के बाद मीडिया से बात करते हुए नीति आयोग के सीईओ ने यह नाटकीय घोषणा की कि भारत जापान को पीछे छोड़कर दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है।''

रमेश ने इस दावे के विपरीत कैनडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के हालिया बयान का हवाला दिया। उन्होंने कहा, ''अब कैनडा के प्रधानमंत्री, जो एक प्रतिष्ठित पेशेवर अर्थशास्त्री हैं और कैनडा तथा इंग्लैंड के केन्द्रीय बैंक के गवर्नर रह चुके हैं, कहते हैं कि भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है।

प्रधानमंत्री मोदी पर तंज कसते हुए जयराम रमेश ने कहा, ''शायद भारत के पहले एस.यू.वी.- 'स्वयं उद्घोषित विश्वगुरु' - कुछ ही दिनों में कैनडा के अपने समकक्ष को अपडेट कर सकें।''

कांग्रेस सांसद की टिप्पणियों ने, सरकार के तेज आर्थिक प्रगति के कथानक को चुनौती दी है, और इन अधिकारिक दावों के समय और सटीकता पर सवाल उठाए हैं। उनके द्वारा एस.यू.वी. शब्दों का प्रयोग विपक्ष की ओर से प्रधानमंत्री की आत्मप्रशंसा वाली भाषा की एक तीखी आलोचना है।

ये टिप्पणियाँ ऐसे समय पर आई हैं जब भारत की वैश्विक आर्थिक स्थिति को लेकर विभिन्न संस्थाओं द्वारा अलग-अलग आंकड़े दिए जा रहे हैं और इस विषय पर लगातार बहस जारी है।

आई.एम.एफ. के डेटा के अनुसार, जापान से आगे निकलकर भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। नीति आयोग के सीईओ बी.वी.आर. सुब्रह्मण्यम ने 10वीं गवर्निंग काउंसिल मीटिंग के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, ''हम दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुके हैं। हम 4 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था हैं और यह मेरा आंकड़ा नहीं है, यह आई.एम.एफ. का डेटा है। आज भारत जापान से बड़ा है।'' उन्होंने यह भी कहा कि अगले ढाई से तीन वर्षों में भारत जर्मनी को भी पीछे छोड़ तीसरे स्थान पर पहुंच सकता है।

सुब्रमण्यम ने अनुमान लगाया है कि भारत अगले ढाई से तीन वर्षों में जर्मनी को पीछे छोड़कर तीसरे स्थान पर पहुँच जाएगा।

हालांकि इस उपलब्धि की उद्योग जगत और सरकारी अधिकारियों ने सराहना की है, लेकिन सोशल मीडिया पर उद्योग ने इसे आलोचना और शंका की दृष्टि से देखा है - खासकर उन लोगों ने जो आम लोगों के जीवन में इसके असर को लेकर चिंतित हैं। भारत की जी.डी.पी. का आँकडा प्रभावशाली होने के बावजूद, प्रति व्यक्ति जी.डी.पी. के मामले में भारत 144वें स्थान पर है। यह देश में भारी आय विषमता और कई छोटे देशों की तुलना में निम्न औसत जीवन स्तर को दर्शाता है।

हॉटमेल के सह-संस्थापक सबीर भाटिया ने इस घोषणा के इर्द-गिर्द छाए जश्न के माहौल की तीखी आलोचना की।

उन्होंने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर इस घोषणा को लेकर तीखी आलोचनात्मक भाषा में लिखा: ''हर कोई भारत के चौथे सबसे बड़े अर्थव्यवस्था बनने पर इतरा रहा है। लेकिन सड़कों पर समृद्धि कहाँ है? इतने लोग देश छोड़ने को क्यों व्याकुल हैं?''

भाटिया ने आगे लिखा: ''अगर लोग प्रगति को महसूस नहीं कर पा रहे, तो जी.डी.पी. रैंकिंग का क्या मतलब? उन्होंने आर्थिक विकास के वास्तविक प्रभाव पर सवाल उठाया।

उनकी टिप्पणियों की गूंज कई सोशल मीडिया यूज़र्स की प्रतिक्रियाओं में भी सुनाई दी, जिन्होंने भारत की नई आर्थिक स्थिति के बावजूद, देश में अभी भी बनी हुई प्रणालीगत समस्याओं पर निराशा जताई।

एक यूज़र ने लिखा: ''चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था - ठीक है। लेकिन जश्न मनाने के लिए बहुत कम है।'' ''अभूतपूर्व संपत्ति असमानता, चिंताजनक प्रति व्यक्ति आय, भ्रष्टाचार, शर्मनाक बुनियादी ढांचा, टैक्स टेररिज़्म, और 'ईज़ ऑफ डूइंग बिज़नेस' मज़ाक बन चुका है। चिंता करने के लिए बहुत कुछ है।'' एक अन्य यूज़र ने यह भी इंगित किया कि भारत की प्रति व्यक्ति आय अभी भी कई छोटे देशों से काफी कम है।

पोस्ट में आगे कहा गया, ''हम दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं, फिर भी, 2,878 डॉलर (लगभग 2,44,000 रु.) के साथ, प्रति व्यक्ति आय के मामले में 144 वें स्थान पर हैं। हम श्रीलंका, भूटान, और विशेष रूप से त्रिनिदाद और टोबैगो जैसे देशों से भी पीछे हैं, जहाँ प्रति व्यक्ति आय 18,445 डॉलर (15 लाख रु से अधिक) है।''

## बंगलूरु भगदड़ : राज्य सरकार 25 लाख रु. की सहायता देगी

- कर्नाटक सरकार ने पहले मृतकों के परिजनों को दस-दस लाख रु. की सहायता देने की घोषणा की थी, जिसे अब बढ़ा दिया गया है। आरसीबी भी मृतकों के परिजनों को दस-दस लाख रु. की सहायता देगा।

बंगलूरू, 07 जून। बंगलूरू भगदड़ मामले में कर्नाटक सरकार ने शनिवार शाम को मुआवजे की राशि को बढ़ाने का एलान किया है। कर्नाटक की सिद्दारमैया सरकार ने मृतकों के परिवारों को 25 लाख रुपया मुआवजे के रूप में देने की घोषणा की है। पहले यह रकम 10 लाख थी। वहीं, आरसीबी भी इस हादसे में मारे गए लोगों के परिजनों के लिए 10-10 लाख रुपए के मुआवजे का एलान कर चुकी है। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने चिनास्वामी स्टेडियम हादसे में मृतकों के परिजनों को मुआवजा राशि बढ़ाकर 25 लाख रुपये करने का आदेश दिया।

## चीन पाकिस्तान को अत्याधुनिक विमान व मिसाइल डिफैंस सिस्टम देगा

बीजिंग/इस्लामाबाद, 07 जून। चीन और पाकिस्तान के बीच सैन्य संबंधों को और मजबूत करते हुए, बीजिंग ने इस्लामाबाद को अपने उन्नत जे-35 स्टील्थ विमानों के साथ-साथ अपने केजे-500 एडब्ल्यूएसीएस और एचक्यू-19 मिसाइल रक्षा प्रणालियों की पेशकश की है। संघीय सरकार द्वारा अपने आधिकारिक एक्स/ट्विटर अकाउंट पर साझा की गई जानकारी के अनुसार, चीनी सरकार ने 40 जे-35 स्टील्थ विमान, केजे-500 एयरबोर्न अर्ली वार्निंग एंड कंट्रोल (एडब्ल्यूएसीएस) सिस्टम और एचक्यू-19 मिसाइल रक्षा प्रणाली की आपूर्ति का प्रस्ताव दिया है, जिससे दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी और मजबूत होगी। समा टीवी की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गयी। चीन के शेनयांग एयरक्राफ्ट कॉरपोरेशन (एसएसी) द्वारा निर्मित यह चेंगदू जे-20 विमान के बाद चीन में दूसरा 5वीं पीढ़ी का विमान है। चीनी मीडिया के अनुसार, विमान उन्नत सेंसर, बहु-भूमिका क्षमता आधारित एवियोनिक विशेषताओं, सटीक निर्देशित मिसाइल प्रणालियों, एकीकृत इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणालियों से सुसज्जित है जिन्हें विशेष रूप से ईएमपी हथियारों से जामिंग को रोकने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

# 'मैं कोई चोर या भगोड़ा ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

- कांग्रेस व विपक्ष को मोदी सरकार को घेरने के लिए एक और मुद्दा मिल गया है, माल्या के ''रहस्योद्घाटन'' से। विपक्ष का आरोप है, कई बड़े-बड़े व्यापारी, जैसे, माल्या, नीरव मोदी, मेहुल चोकसी, आदि, बैंकों का हजारों करोड़ रूपये डकार कर विदेश जाकर बैठ गये हैं तथा केन्द्रीय सरकार अब कुछ नहीं कर पा रही है।

मनी लॉन्ड्रिंग शामिल हैं। ये मामले उनकी एयरलाइंस के पतन और भारतीय बैंकों से लिए गए 9,000 करोड़ से अधिक के डिफॉल्टेड लोन से जुड़े हैं। लंदन में मीडिया को दिए एक हालिया बयान में माल्या ने दावा किया कि 2 मार्च 2016 को भारत छोड़ने से पहले उन्होंने अरुण जेटली से मुलाकात की थी ताकि बैंकों के समूह के साथ सेटलमेंट पर बात हो सके, और उन्होंने अपनी यात्रा की जानकारी भी दी थी।

माल्या ने कहा, ''भारत से भागा नहीं। मैंने खुलेआम और वैध पासपोर्ट के साथ देश छोड़ा था, सरकार को सूचित करने के बाद।'' उन्होंने यह भी कहा कि उनका प्रस्थान गोपनीय नहीं था और वह उस समय सरकारी अधिकारियों के संपर्क में थे। उन्होंने खासतौर पर यह कहा कि उन्होंने रवाना होने से एक दिन पहले संसद में जेटली से मुलाकात की थी और वित्तीय सैटलमैंट की इच्छा जताई थी।

रिपोर्ट्स के अनुसार, उस समय मोदी सरकार में एक प्रभावशाली मंत्री रहे अरुण जेटली ने कथित तौर पर हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया था, यह कहते हुए कि मामला पहले से ही सुप्रीम कोर्ट में लंबित है। सुप्रीम कोर्ट में इस मामले की सुनवाई माल्या के प्रस्थान के 48 घंटे बाद, यानी 3 मार्च 2016 को तय थी। इसके बावजूद माल्या भारत से जिनेवा होते हुए लंदन चले गए, जहां वह अब तक रह रहे हैं, हालांकि, भारत सरकार ने उन्हें प्रत्यर्पित कराने की कई कोशिशें की हैं।

कांग्रेस पार्टी ने इस मौके को भुनाते हुए मोदी सरकार पर तीखा हमला बोला। कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने यह सवाल उठाया कि जब माल्या पर भारतीय बैंकों को धोखा देने का आरोप था, तब वह सरकार की जानकारी के बिना देश से बाहर कैसे जा सकते थे। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने एक प्रेस वार्ता में कहा, ''यह एक और उदाहरण है कि मोदी सरकार अपने पूंजीपति दोस्तों को कैसे बचाती है। विजय माल्या, नीरव मोदी, मेहुल चोकसी, सभी को देश से भागने दिया गया।'' आर्थिक और कानूनी विशेषज्ञों ने भी माल्या के ताज़ा दावों पर सवाल उठाए हैं। कुछ ने इस बात की ओर इशारा किया है कि 2014 में भाजपा के सत्ता में आने के बाद माल्या की सत्ताधारी नेताओं से नज़दीकी ने संभवतया सरकार की कार्यवाही को प्रभावित किया हो। एक वरिष्ठ राजनीतिक विश्लेषक ने कहा, ''यह तथ्य कि माल्या सीधे वित्त मंत्री से मिल सकते थे और हस्तक्षेप की मांग कर सकते थे, असामान्य है और इसके उनकी पहुंच और विशेषाधिकार पर सवाल उठाते हैं।''

इस नए खुलासे के साथ ही भगोड़े आर्थिक अपराधियों को लेकर चल रही बहस फिर से सियासी चर्चाओं में प्रमुखता से लौट आई है। जैसे-जैसे सुप्रीम कोर्ट माल्या से जुड़े विभिन्न मामलों की सुनवाई करता रहेगा, उनके सार्वजनिक बयानों ने न केवल जनता की यादें ताज़ा कर दी हैं, बल्कि मोदी सरकार को हाई-प्रोफाइल घोटालों से निपटने के अपने तरीके को लेकर रक्षात्मक मुद्रा में ला दिया है।

## थरुर भाजपा ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

सरकार के नेतृत्व में इस पहल में भागीदारी और आतंकवाद से निपटने को लेकर मोदी सरकार की खुलकर प्रशंसा करने को कांग्रेस के कुछ नेताओं ने इसे पार्टी लाइन से अलग रुख माना है। इसको लेकर कांग्रेस में उनके भविष्य को लेकर चर्चाएं भी तेज हो गई हैं।

हालांकि इन घटनाक्रमों के बावजूद, थरूर ने सार्वजनिक रूप से भारत की उदार और बहुलवादी विचारधारा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है और वैचारिक मतभेदों के कारण भाजपा में शामिल होने की संभावना को खारिज किया है।

संक्षेप में कहें तो शशि थरूर की हालिया गतिविधियों से यह संकेत जरूर मिलता है कि वे राष्ट्रीय मुद्दों पर सरकार के साथ सहयोग के इच्छुक हैं, लेकिन फिलहाल मोदी सरकार या भाजपा में उनके शामिल होने का कोई ठोस संकेत नहीं है।

शुक्रवार को उनके नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल ने अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस से मुलाकात की, जबकि उसी दिन कांग्रेस ने दावा किया था कि यह प्रतिनिधिमंडल किसी भी प्रभावशाली नेता से मिले बिना लौट रहा है। इस मुलाकात ने कांग्रेस के दावे को भी खारिज कर दिया।

## सोनिया गांधी ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री के प्रमुख मीडिया सलाहकार नरेश चौहान ने पुष्टि की कि वे महज़ एहितयात के तौर पर अस्पताल गई थीं और सोनिया गांधी की स्थिति स्थिर है तथा वे निगरानी में हैं।

## चुनाव आयोग ने ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

अपने जवाब में ये सभी तथ्य सामने रखे थे, जो चुनाव आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। ऐसा लगता है कि बार-बार ऐसे मुद्दे उठाते हुए इन सभी तथ्यों को पूरी तरह से नजरअंदाज किया जा रहा है।

चुनाव आयोग ने यह भी लिखा कि किसी के द्वारा प्रसारित कोई भी गलत सूचना चुनावों के दौरान राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त हजारों प्रतिनिधियों की बदनामी तथा चुनाव कर्मचारियों का मनोबल तोड़ने वाला होता है, जो इस बड़ी कवायद के लिए अथक परिश्रम करते हैं। उन्होंने बताया कि महाराष्ट्र की मतदाता सूची को लेकर लगाए गए निराधार आरोप कानून के शासन का अनादर है।

## नई राजनीतिक...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

हो। आश्चर्यजनक रूप से, 80 प्रतिशत से अधिक लोग पोल से सहमत थे।

उन्होंने शुक्रवार शाम को लिखा जनता ने अपनी बात कह दी है। मध्य वर्ग के 80 प्रतिशत लोगों का प्रतिनिधित्व करने के लिए अमेरिका में एक नई राजनीतिक पार्टी की जरूरत है ! और ठीक 80 प्रतिशत लोग इससे सहमत हैं। यही नियति है।

इसके बाद मस्क ने एक प्रशंसक के इस सुझाव का समर्थन किया कि वे इसे ''अमेरिका पार्टी'' नाम दें।

# एसओजी ने पुलिस अकादमी से ट्रेनी एसआई को गिरफ्तार किया

## गिरफ्तार किये गये विजेन्द्र कुमार जोशी की आरपीए की इंटैलिजैंस ट्रेनिंग अकादमी में ट्रेनिंग चल रही थी

- कोर्ट ने आरोपित ट्रेनी एसआई को दो दिन की रिमांड पर एसओजी को सौंपा है। कहा जा रहा है कि दो दिन की पूछताछ में कई चौंकाने वाले खुलासे हो सकते हैं।



जयपुर, 7 जून। स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने सब इंस्पेक्टर (एसआई) भर्ती पेपर लीक मामले में कार्रवाई करते हुए राजस्थान पुलिस अकादमी (आरपीए) की इंटेलिजेंस ट्रेनिंग अकादमी से ट्रेनी एसआई को गिरफ्तार किया है। अब तक की जांच में सामने आया कि एसआई भर्ती परीक्षा से पहले पेपर पढ़कर पास होने में नाम सामने आने पर यह कार्रवाई की। जहां एसओजी की टीम ने शनिवार दोपहर आरोपित ट्रेनी एसआई को कोर्ट में पेश किया, जहां पूछताछ के लिए कोर्ट ने उसे दो दिन के रिमांड पर एसओजी को सौंपा है। एसओजी के दो दिन की पूछताछ में कई चौकाने वाले खुलासे होने की उम्मीद जताई जा रही है।

एडीजी (एसओजी) वीके सिंह ने बताया कि एसओजी की टीम ने सब इंस्पेक्टर (एसआई) भर्ती पेपर लीक मामले में कार्रवाई करते हुए ट्रेनी एसआई विजेन्द्र कुमार जोशी (30) निवासी बलारा जिला सीकर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार ट्रेनी एसआई विजेन्द्र कुमार जोशी की राजस्थान पुलिस अकादमी (आरपीए) जयपुर स्थित इंटेलिजेंस ट्रेनिंग अकादमी में ट्रेनिंग चल रही थी।

एसओजी ने गुरुवार को कार्रवाई कर एसआई भर्ती पेपर लीक मामले में आरोपित पुरुषोत्तम दाधीच (35), संदीप कुमार लाटा (42) और कुंदन कुमार पण्ड्या (54) को गिरफ्तार किया था। तीनों आरोपितों से पूछताछ में ट्रेनी एसआई विजेन्द्र कुमार जोशी का नाम सामने आया था कि एसआई भर्ती परीक्षा से पहले आरोपित विजेन्द्र कुमार जोशी ने पेपर पढ़ा था।

पूछताछ के आधार पर आगे कार्रवाई करते हुए एसओजी ने ट्रेनी एसआई विजेन्द्र कुमार जोशी को गिरफ्तार किया।

पूर्व में गिरफ्तार एसआई रेनू, सुरेन्द्र बगड़िया और सुरजीत ने भी परीक्षा से पहले पेपर पढ़ा था। इनको पेपर पढ़ाने में आरोपित पुरुषोत्तम दाधीच, संदीप कुमार लाटा और कुंदन कुमार पाण्ड्या की ही भूमिका रही है।

# 'मेरी हालत गंभीर है मैं रहूँ या ना रहूँ, पर देशवासियों को सच्चाई बताना चाहता हूँ'

## जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक ने कथित भ्रष्टाचार केस में जनता के सामने अपना पक्ष रखते हुए भावुक पोस्ट लिखी

- मलिक ने लिखा, जिस प्रोजैक्ट की मंजूरी के लिए मुझे डेढ़ सौ करोड़ रु. की रिश्वत की पेशकश की गई उसे मैंने उसे कैंसल कर दिया था, अब उसी में मुझ पर भ्रष्टाचार के आरोप लगा रहे हैं।
- मलिक इन दिनों गंभीर रुप से बीमार हैं और आईसीयू में एडमिट हैं। उन्होंने वहीं से पोस्ट लिखी। मलिक ने लिखा, अगर मेरे पास पैसा होता तो प्राइवेट अस्पताल में इलाज कराता।

नई दिल्ली, 07 जून। जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक इन दिनों अस्पताल में भर्ती हैं। इससे पहले सीबीआई ने सत्यपाल मलिक और 6 अन्य लोगों के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की है। उनके खिलाफ कीरु हाइड्रो प्रोजेक्ट से जुड़े कथित करप्शन केस में मामला दर्ज किया गया था। सत्यपाल मलिक ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक भावुक पोस्ट की है। सत्यपाल मलिक ने एक्स पर लिखा, ''नमस्कार साथियों। मैं पिछले लगभग एक महीने के अस्पताल में भर्ती हूं और किडनी की समस्या से जूझ रहा हूं। आज फिर से मुझे आईसीयू में शिफ्ट करना पड़ा। मेरी हालत बहुत गंभीर होती जा रही है। मैं रहूं या ना रहूं इसलिए अपने देशवासियों को सच्चाई बताना चाहता हूं।''

उन्होंने आगे लिखा, ''जब गवर्नर के पद पर था तो उस समय मुझे 150-150 करोड़ रूपए की रिश्वत की पेशकश भी हुई, परंतु मैं मेरे राजनीतिक गुरु किसान मसीहा स्वर्गीय चौधरी चरणसिंह जी की तरह ईमानदारी से काम करता रहा और मेरा ईमान वो कभी डिगा नहीं सकें। जब मैं गवर्नर था उस समय किसान आंदोलन भी चल रहा था, मैंने बगैर राजनीतिक लोभ लालच के पद पर रहते हुए किसानों की मांग को उठाया। फिर महिला पहलवानों के आंदोलन में जंतर-मंतर से लेकर इंडिया गेट तक उनकी हर लड़ाई में उनके साथ रहा।''

सत्यपाल मलिक ने लिखा, ''पुलवामा हमले में शहीद वीर जवानों के मामले को उठाया, जिसकी आज तक इस सरकार ने कोई जांच नहीं करवाई है। सरकार मुझे सीबीआई का डर दिखाकर झूठे चार्जशीट में फंसाने के बहाने ढूंढ रही है। जिस मामले में मुझे फंसाना चाहते हैं उस टेंडर को मैंने खुद निरस्त किया था, मैंने खुद प्रधानमंत्री जी को बताया था इस मामले में करप्शन है और उन्हें बताने के बाद में मैंने खुद उस टेंडर को कैंसिल किया, मेरा तबादला होने के बाद में किसी अन्य के हस्ताक्षर से यह टेंडर मंजुर हुआ।''

उन्होंने लिखा, ''मैं सरकार को और सरकारी एजेंसियों को बताना चाहता हूं कि मैं किसान कौम से हूं, मैं ना तो डरने वाला हूं ओर ना ही झूकने वाला हूं। सरकार ने मुझे बदनाम करने में पूरी ताकत लगा दी।

## अशोक गहलोत से ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

- गहलोत ने लिखा, एआईसीसी महासचिव सचिन पायलट ने घर आकर पूर्व केन्द्रीय मंत्री राजेश पायलट की 25वीं पुण्यतिथि के कार्यक्रम का निमंत्रण दिया।

रहे। उनके आकस्मिक निधन का दुख हमें आज भी बना हुआ है। उनके जाने से पार्टी को भी गहरा आघात लगा था।''

अशोक गहलोत और सचिन पायलट ने इस मुलाकात के दौरान काफी देर तक चर्चा की। दरअसल, दोनों नेताओं के बीच लंबे समय से कटुता रही है। सन् 2020 के सियासी संकट के बाद कटुता काफी बढ़ गई थी। इसके बाद दोनों के बीच लगातार आरोप-प्रत्यारोप का दौर चला था। बाद में 25 सितंबर 2022 की घटना ने दोनों के रिश्तों को और बिगाड़ दिया था और बीच-बीच में दोनों नेता एक-दूसरे पर निशाना साधते रहे ।

आज की मुलाकात के बाद अब सबकी निगाहें राजेश पायलट की 25वीं पुण्यतिथि पर होने जा रहे कार्यक्रम पर है। इस कार्यक्रम में जुटने वाले नेताओं से भी सियासी कथानक बनेगा। अगर गहलोत इस कार्यक्रम में जाते हैं तो उनके समर्थक नेता भी बड़ी संख्या में जुटेंगे।

सचिन पायलट जब प्रदेशाध्यक्ष बनकर आए थे, तब उन्होंने बड़े नेताओं के घर जाकर मुलाकातों और सियासी मंत्रणाओं का दौर शुरू किया था। पायलट ने उस वक्त नेताओं को डिनर पर बुलाने और अलग -अलग नेताओं के यहां डिनर पर बैठकें करने का दौर शुरू किया था। इस डिनर डिप्लोमैसी की उस वक्त खूब चर्चा होती थी। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को एक जाजम पर लाने में डिनर डिप्लोमैसी को कारगर माना गया था।

## फड़नवीस ने ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

नहीं हुई है। भाजपा ने नेतृत्व परिवर्तन को लेकर कोई औपचारिक जानकारी या बयान जारी नहीं किया है।

वर्तमान में प्रधानमंत्री मोदी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी सक्रिय हैं। उन्होंने इस महीने के अंत में कैनडा में होने वाले जी 7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने का निमंत्रण स्वीकार कर लिया है, बावजूद इसके कि भारत और कैनडा के बीच राजनयिक संबंधों में तनातनी बनी हुई है। देश के अंदर भी वे कई महत्वपूर्ण पहलों में जुटे हुए हैं, जिनमें जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करना भी शामिल है।

सारांश यह है कि, सितंबर 2025 में नेतृत्व परिवर्तन को लेकर अटकलें ज़रूर हैं, लेकिन सरकार या भाजपा की ओर से कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे हैं, और यदि भविष्य में कोई उत्तराधिकारी तय किया जाता है तो उसकी घोषणा उचित आधिकारिक माध्यमों से ही की जाएगी।

## रेल मंत्रालय ने ट्रेन चालकों के विश्राम नियमों में बदलाव किया

- ट्रेन ड्राइवर्स की यूनियन, ऑल इंडिया लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशन ने बदलाव का विरोध किया।

नई दिल्ली, 07 जून। रेल मंत्रालय ने ट्रेन के चालक दल के सदस्यों के लिए आउटस्टेशन विश्राम नियमों में बदलाव की घोषणा की है। इसका उद्देश्य विभिन्न रेलवे जोन और डिवीजनों में प्रचलित अलग-अलग प्रथाओं में एकरूपता लाना है। हालांकि, ऑल इंडिया लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशन (एआईएलआरएसए) ने इस कदम का कड़ा विरोध किया है और रेलवे बोर्ड को लिखे पत्र में इसे गैरकानूनी आदेश करार दिया है। यूनियन का दावा है कि यह नियम मंत्रालय के पूर्व आदेशों का उल्लंघन करता है।

रेल मंत्रालय के 3 जून को जारी एक सर्कुलर में सेंटर फॉर रेलवे इन्फॉर्मेशन सिस्टम (सीआरआईएस) के महाप्रबंधकों को संबोधित करते हुए कहा गया कि भारतीय रेलवे में रनिंग स्टाफ के लिए छह प्रकार के आउटस्टेशन रेस्ट नियम हैं। मामले की जांच के बाद, मौजूदा नियमों में बदलाव किए गए हैं। इसके तहत तीन प्रकार के रेस्ट नियम निर्धारित किए गए हैं।

आठ घंटे की ड्यूटी करने वालों को आठ घंटे का रेस्ट, पांच से आठ घंटे की ड्यूटी करने वालों को छह घंटे का रेस्ट, और पांच घंटे या उससे कम ड्यूटी करने वालों को ड्यूटी की अवधि से एक घंटे अधिक रेस्ट दिया जाएगा। मंत्रालय ने सीआरआईएस को निर्देश दिया कि क्रू मैनेजमेंट सिस्टम (सीएमएस) में अन्य सभी प्रकार के रेस्ट को अयोग्य माना जाए।

# 'महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव ''फिक्स'' थे, बड़े...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

- राहुल ने कहा, महाराष्ट्र में एक लाख बूथ हैं, पर, 85 सीटों के 12 हजार बूथों में अधिकांशतः नए मतदाता जोड़े गए। यहाँ शाम 5 बजे बाद 600 वोट पड़े, जो हैरानी की बात है।
- राहुल ने कहा, विधानसभा चुनाव के बाद, जब हाई कोर्ट ने चुनाव आयोग को वीडियोग्राफी व सीसीटीवी फुटेज देने को कहा तो केन्द्र की भाजपा सरकार ने चुनाव आयोग के साथ मिलकर नियमों में संशोधन कर दिया और सीसीटीवी फुटेज और वीडियो तक पहुंच सीमित कर दी।

इतनी अविश्वसनीय थी कि पंजीकृत मतदाताओं की संख्या (9.70 करोड़) खुद सरकार के आंकड़ों से भी अधिक थी। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, महाराष्ट्र के वयस्कों की कुल संख्या 9.54 करोड़ ही थी।''

राहुल गांधी ने फर्जी मतदाताओं को भाजपा की चुनावी ''मैच-फिक्सिंग'' की एक और रणनीति बताया।

कांग्रेस नेता ने ईसी की ओर से अंतिम मतदान प्रतिशत की रिपोर्टिंग में विसंगतियों का भी हवाला दिया और आरोप लगाया कि लक्षित बोनस वोटिंग ने भाजपा को ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर सर डॉन ब्रैडमैन बना दिया, जो अपनी 99.9 की औसत और 80 की स्ट्राइक रेट के लिए जाने जाते हैं।

उन्होंने कहा: ''महाराष्ट्र में लगभग 1 लाख बूथ हैं, लेकिन अधिकांश नए मतदाता केवल लगभग 12,000 बूथों में जोड़े गए, जो उन 85 विधानसभा क्षेत्रों में हैं, जहां भाजपा को पिछले लोकसभा चुनावों में खराब प्रदर्शन का सामना करना पड़ा था।

औसतन हर बूथ में शाम 5 बजे के बाद 600 से अधिक वोट डाले गए। अगर हर वोट को डालने में 1 मिनट भी लगता, तो वोटिंग को 10 घंटे और चलना पड़ता। लेकिन ऐसा कभी हुआ नहीं, तो सवाल उठता है कि अतिरिक्त वोट कैसे डाले गए? और इसमें आश्चर्य नहीं कि एनडीए ने इन 85 में से अधिकांश सीटें जीत लीं।''

राहुल गांधी ने भाजपा के 89 प्रतिशत स्ट्राइक रेट को भी संदिग्ध बताया, जो अब तक का सबसे अधिक है और कहा, भाजपा को आज तक कभी ऐसा स्ट्राइक रेट नहीं रहा। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि चुनाव आयोग ने 2024 के लोकसभा और विधानसभा चुनावों के लिए फोटो समेत मतदाता सूची साझा करने से इनकार कर दिया, जो एक और कड़ी थी चुनाव में, भाजपा की पकड़ मजबूत करने की।

उन्होंने लिखा: ''इससे भी बुरा यह कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के एक महीने बाद ही, जब एक उच्च न्यायालय ने मतदान के सीसीटीवी फुटेज और वीडियोग्राफी साझा करने का आदेश दिया, तब केन्द्र सरकार ने चुनाव आयोग से परामर्श कर 1961 के चुनाव आचरण नियम के सेक्शन 93(2)(ए) में संशोधन कर दिया, ताकि सीसीटीवी फुटेज और इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड तक पहुंच सीमित की जा सके।''

राहुल आगे लिखते हैं कि ''संशोधन और उसकी टाइमिंग, दोनों ही यह बताने के लिए काफी हैं कि कुछ छुपाया जा रहा है। एक जैसे या डुप्लीकेट ईपीआईसी नंबरों के खुलासे ने फर्ज़ी मतदान पर चिंता बढ़ा दी है, पर यह तो सिर्फ शुरुआत है।

राहुल गांधी ने लिखा: ''मतदाता सूची और सीसीटीवी फुटेज सिर्फ दिखावा नहीं है, बल्कि जब लोकतंत्र का उल्लंघन हो रहा है, तब इनका इस्तेमाल लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए करना चाहिए। भारत की जनता का अधिकार है कि उसे भरोसा दिलाया जाए कि कोई रिकॉर्ड नष्ट नहीं किया गया है और न किया जाएगा।

अंत में राहुल गांधी ने लिखा: ''यह अनुमान लगाना मुश्किल नहीं है कि नवंबर 2024 में महाराष्ट्र में धांधली इस स्तर पर क्यों हुई। लेकिन चुनावी धांधली ठीक मैच-फिक्सिंग की तरह है, फिक्सिंग करने वाला पक्ष भले ही एक खेल जीत जाए, पर इससे संस्थाओं और परिणामों में लोगों के विश्वास को अपूरणीय क्षति होती है।'' ''मैच-फिक्स्ड चुनाव, लोकतंत्र के लिए ज़हर हैं।''

## करोना के ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

53 मौतें पिछले 16 दिन में हुई हैं। दिल्ली में 5 जून को पांच महीने के एक बच्चे की करोना से मौत हो गई। महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा 18 मरीजों ने जान गंवाई है।

इस तरह जनवरी से 6 जून तक देश में करोना के कुल 11,298 मामले आए हैं। इनमें से 48.54 प्रतिशत मरीज रिकवर हो चुके हैं, बाकी का इलाज जारी है। सिर्फ 0.52 प्रतिशत मामलों में मरीज की मौत हुई।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्सः 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908